# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 25 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-241 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ : रेड नदी में नहाते वक्त एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**छत्तीसगढ़।** सूरजपुर के सरस्वतीपुर में बड़ा हादसा हो गया। रेड नदी में नहाने गए चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में दो सगे नाबालिग भाई। उनके मौसेरे भाई और मौसा शामिल हैं। इस हादसे से सूरजपुर में मातम छाया हुआ है। बहार के रहने वाले 13 वर्षीय गोपाल और 15 वर्षीय कृष्ण गोपाल अपने मौसा के घर सूरजपुर दशहरा की छुट्टी में आए हुए थे.शनिवार होने के कारण दोनों भाई अपने 45 वर्षीय मौसा विवेक सिंह और 20 वर्षीय मौसेरे भाई अभिजीत के साथ सरस्वतीपुर स्थित रेड नदी पहुंचे थे। यहां सभी नहा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। रेड नदी में नहाने के दौरान दोनों सगे भाई अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

### फ्रांस में प्रदर्शन, पेरिस में लाखों लोग सड़कों पर उतरे

**पेरिस।** फ्रांस में महंगाई, स्कूलों में शिक्षकों की कमी और पढ़ाई की खराब व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। शनिवार को राजधानी पेरिस में करीब 1.10 लाख लोग सड़कों पर उतरे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस छोड़ी और वाटर कैनन से खदेड़ा। पेरिस में पुलिस ने 64 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि पूरे देश में 135 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिंसा और लूटपाट रोकने के लिए देशभर में करीब 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। इनके साथ पुलिस की विशेष टीमें, करीब 20 बख्तरबंद वाहन और पानी की बौछार करने वाले 15 वाहन भी तैनात रहेंगे।

### एसटीईटी : आज से दो पालियों में होगी परीक्षा

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (स्टेट) 2026 कल यानी 25 अक्टूबर से 21 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन (सीबीटी मोड में) होगी। परीक्षा समिति ने चार नवंबर को होने वाली परीक्षा का शिड्यूल बदला है। यह परीक्षा अब 21 नवंबर को होगी। समिति ने निर्देश दिया है कि बाकी परीक्षाओं का शिड्यूल पहले वाला ही रहेगा। राजधानी पटना समेत राज्य के कई प्रमुख शहरों में परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इसके लिए सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रवेश मिलेगा। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम साढ़े चार बजे तक होगी। इसके लिए 12.30 से 1.30 बजे तक प्रवेश की अनुमति है। परीक्षार्थी अपने एडमिट कार्ड पर दिए गए समय पर ही केन्द्र पर पहुंचेंगे और रिपोर्टिंग करेंगे।

# बिहार के प्रति अपनी सोच बदलें निवेशक : मुख्यमंत्री

## बीआईएमसीजीएल एवं बीबीसी के कर्टेन रेजर समारोह का शुभारंभ

**गयाजी/पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को गया जिला स्थित वेलकम होटल बाय आईटीसी में बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड (बीआईएमसीजीएल) का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहार बिजनेस कनेक्ट (बीबीसी) 2027 का कर्टेन रेजर भी आयोजित किया गया। सीएम ने बीआईएमसीजीएल के लोगो का शुभारंभ तथा वेब पॉर्टल को लांच किया।



इस अवसर पर सीएम ने कहा कि बिहार अब उद्योगों के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है। राज्य में औद्योगिक निवेश, आधारभूत संरचना, हवाई संपर्क और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अब समय आ गया है कि बिहार के प्रति देश-दुनिया के लोग सोच बदलें और निवेशक राज्य में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बिहार की औद्योगिक संभावनाओं को वास्तविक अवसरों में बदलना, निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना और युवाओं के लिए राज्य में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित करना है। सीएम ने कहा कि बीआईएमसीजीएल को अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत लगभग 1,670 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में लगभग 16,500 करोड़ रुपए के निवेश की क्षमता है और इससे करीब 1 लाख 10 हजार रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। सीएम ने कहा कि उद्योगों और आधारभूत संरचना के विकास के लिए लगभग 13,500 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, जिसे जनवरी तक पूरा करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए पीपीपी मॉडल को प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएम ने गया के हवाई संपर्क को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गयाजी को दुबई और काठमांडू से हवाई मार्ग द्वारा जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त भागलपुर, सोनपुर सहित बिहार के अन्य क्षेत्रों में भी हवाई संपर्क के विस्तार की दिशा में काम किया जा रहा है। सीएम ने आगे कहा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027 को देश और दुनिया के निवेशकों के लिए बिहार की औद्योगिक संभावनाओं, नीतिगत सुविधाओं और निवेश के अवसरों से जुड़ने का प्रमुख मंच बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना नहीं, बल्कि निवेश को वास्तविक परियोजनाओं में बदलना है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, श्रेयसी सिंह, संतोष कुमार सुमन, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जापान, थाईलैंड एवं लाओस के राजदूत, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, उद्योग विभाग के सचिव कुदंन कुमार, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मुख्य बिंदु

**गयाजी के डोभी प्रखंड में विकसित होगी बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी**

**बीबीसी-2027 का आयोजन 17 एवं 18 फरवरी को होगा**

**गया को दुबई और काठमांडू से हवाई मार्ग द्वारा जोड़ने की योजना**

### 4,092 करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर 12 औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग और 12 औद्योगिक इकाइयों के बीच कुल 4,092 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों से संबंधित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। बीआईएमसीजीएल के शुभारंभ और बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027 के कर्टेन रेजर के अवसर पर हुए इन समझौतों से राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। जिस कंपनी के साथ एमओयू की गई, उसमें मिंट लाइफ साइंसेज 1,500 करोड़, एबीआईएस ग्रुप 600 करोड, बायोहील एनर्जी 510 करोड़, जियोफास्ट इंडस्ट्रीज (1) लिमिटेड 500 करोड़, कुमार ऑर्गेनिक्स 300 करोड़, जियाना इंडस्ट्रीज 206 करोड़, नालंदा ऑटोमेक 120 करोड़, अमरनाथ टेक्सटाइल 110 करोड़, माँ भद्रकाली एल्युमिनियम एक्सट्रूजन 95 करोड़, शिवा एग्रो नेचुरल प्रोडक्ट्स 51 करोड़, वास्तु विहार बायोटेक 50 करोड़ रुपए और कनकलया ज्वेलरी 50 करोड़ रुपए शामिल है।

## विधान परिषद चुनाव में बगावत पर जदयू का बड़ा एक्शन

# अनंत सिंह पत्नी समेत पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित

## विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने का आरोप

**पटना/बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जनता दल (यूनाइटेड) ने मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने उनकी प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष से संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करने की अनुशंसा भी की है।

वहीं, पूर्व विधायक नीलम देवी को भी दलविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से जारी निर्णय के अनुसार, अनंत सिंह पर पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के निदेर्शों की अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के आरोप लगाए गए हैं। पार्टी ने इन गतिविधियों को अनुशासनहीनता और दलविरोधी आचरण मानते हुए उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की है। इस फैसले से बिहार की राजनीति, खासकर मोकामा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज होने की संभावना है। हालांकि, विधानसभा सदस्यता पर अंतिम निर्णय विधानसभा अध्यक्ष द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लिया जाएगा।





### अनंत सिंह के निष्कासन से बिहार की सियासत में हलचल, जदयू के फैसले पर चर्चा तेज

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह को जनता दल (यूनाइटेड) से छह वर्षों के लिए निष्कासित किए जाने के फैसले ने बिहार की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक गलियारों में पार्टी अनुशासन, नेतृत्व के अधिकार और क्षेत्रीय राजनीतिक प्रभाव को लेकर चर्चा तेज हो गई है। खासकर मोकामा क्षेत्र में इस फैसले के राजनीतिक असर को लेकर अलग-अलग तरह के आकलन किए जा रहे हैं। जदयू की ओर से जारी निर्णय में अनंत सिंह पर पार्टी के निदेर्शों की अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के आरोप लगाए गए हैं। इन्हीं कारणों का हवाला देते हुए पार्टी ने उनकी प्राथमिक सदस्यता रद्द कर छह वर्षों के लिए निष्कासित करने की घोषणा की है।

### विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पार्टी विधानसभा अध्यक्ष से भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता अविलंब समाप्त करने की अनुशंसा करती है। जदयू ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के खिलाफ भी कार्रवाई की है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी प्राथमिक सदस्यता समाप्त करते हुए उन्हें भी छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

# बरबीघा : स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारकर 12 लाख रुपए के जेवर लूटे

## नकाबपोश बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग



**बरबीघा (एनएसबी)।** नालंदा जिला के सारे थाना से कुछ ही दूरी पर बहादुरपुर मोड़ के पास शनिवार को छह नकाबपोश बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारकर करीब 12 लाख रुपये के सोने के आभूषण लूट लिए। गोली लगने से बरबीघा के फैजाबाद निवासी सोनू कुमार घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार फैजाबाद निवासी श्याम सोनी के पुत्र सोनू कुमार बेनार मोड़ पर आभूषण की दुकान चलाते हैं। शनिवार को दुकान बंद कर वह अपने भाई गोलू के साथ बाइक से बरबीघा लौट रहे थे। बाइक की डिक्की में करीब 12 लाख रुपये के सोने के आभूषण रखे थे। इसी दौरान बहादुरपुर मोड़ के पास पहले से घात लगाए छह नकाबपोश बदमाशों ने दोनों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान बाइक चला रहे सोनू कुमार की कमर में गोली लग गई। बदमाश डिक्की से आभूषण लूटकर फरार हो गए। घायल व्यवसायी को गोली लगने का आभास होने पर वो भाई के साथ रेफरल अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। मामले की जानकारी सारे थाने को दी गई है।

**गोली लगने से घायल व्यवसायी पटना रेफर किए गए**

# भागलपुर : फंदे से लटका मिला दारोगा का शव

**भागलपुर (एनएसबी)।** जिल के नवगछिया स्थित न्यू पुलिस लाइन में शनिवार की सुबह दरोगा योगेश कुमार का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घर में चौकी पर प्लास्टिक की रस्सी से उनका शव लटक रहा था बगल में कुर्सी पड़ी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस लाइन में हड़कंप मच गया। योगेश की शादी करीब चार महीने पहले हुई थी और 8 दिन पहले ही प्रमोशन मिला था।

जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब साढे चार बजे पानी की टंकी बंद करने वे गए थे। वहां से लौटने के बाद योगेश अपने कमरे में चले गए और कुछ देर बाद कमरे से उनका शव निकला। मृतक के सहकर्मियों ने बताया कि सुबह करीब 5:00 बजे उनकी पत्नी ने योगेश को फोन किया। उन्होंने 10 से 15 बार फोन किया जब कॉल रिसीव नहीं हुआ तो पत्नी ने इसकी जानकारी मृतक के सहकर्मियों को दी। उसके बाद उनके साथी पुलिस कर्मी कमरे के पास गए। पुलिसकर्मियों ने कई बार दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला और ना कोई आवाज आई। जब उन लोगों ने खिड़की से देखा तो योगेश फंदे से लटका हुआ मिला पाया गया। घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी को दी गयी। साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के लिए भागलपुर से फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को भी बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी कोणों से गहन जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफ एस एल जांच के बाद ही मौत के सही कारणों और वास्तविक वजहों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।



**चार माह पहले हुई थी शादी, आठ दिन पहले मिला था प्रमोशन**

# डेढ़ वर्ष के मासूम की सिर काट कर हत्या, मंदिर में मिला शव

**पटना (एनएसबी)।** पटना के रानीतालाब थाना क्षेत्र के जीतनछपरा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बड़े भाई ने अपने डेढ़ वर्षीय छोटे भाई का सिर काटकर हत्या कर दी। बच्चे का सिर पास के ही एक दुर्गा मंदिर में मिला है। आरोप है कि बड़ा भाई अपने छोटे भाई को घर से गोद में उठाकर गांव के मंदिर में ले गया और वहां उसकी बलि दे दी। मंदिर परिसर में बच्चे की हत्या की घटना से ग्रामीण भी सकते में हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि रानीतालाब थाना क्षेत्र के जीतन छपरा गांव निवासी रंजू यादव का 22 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार उर्फ बाला पिछले कई महीनों से नशे का आदी है। इसी नशे के कारण उसने अपने सबसे छोटे भाई को घर से करीब 200 मीटर दूर गांव के दुर्गा मंदिर में लेकर गया। वहां उसने पहले मासूम की गर्दन काटी और बाद में मां दुर्गा के आगे उसका कटा हुआ सिर चढ़ा दिया। लोगों ने जैसे ही मंदिर में बच्चे का शव देखा तो वे हैरान रह गए।



**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, वजहों की हो रही पड़ताल**

# फिलीपींस में दो ट्रेनी विमान टकराए, 4 पायलटों की मौत

**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपींस में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान वायुसेना के दो विमान टकरा गए। हादसे में दोनों विमानों में सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस के पास हुआ। दोनों SF-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे। फिलीपीन वायुसेना ने SF-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। जांच पूरी होने तक ये विमान उड़ान नहीं भरेंगे। इस साल हवा में विमानों के टकराने का यह दुनिया का पांचवां बड़ा हादसा है।

**फिलीपींस ने 18 विमान खरीदे थे :** SF-260 इटली में बने ट्रेनिंग विमान हैं। फिलीपींस ने 2010-11 के दौरान ऐसे 18 विमान इटली की कंपनी से खरीदे थे। इनका इस्तेमाल वायुसेना के पायलटों को उड़ान की ट्रेनिंग देने के लिए किया जाता है। फिलीपींस की सेना लंबे समय से अपने सैन्य साजो-सामान को आधुनिक बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन इसके लिए जरूरी बजट जुटाना चुनौती रहा है। देश को वायुसेना के विमानों के साथ-साथ नौसेना और थलसेना की क्षमता भी बढ़ानी है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच यह जरूरत और अहम हो गई है। सैन्य आधुनिकीकरण की कई योजनाओं में फंड की कमी और उन्हें पूरा करने में देरी जैसी दिक्कतें भी सामने आई हैं।



**इस साल हवा में विमान टकराने का यह पांचवां बड़ा हादसा**

# गयाजी से बैंकाक के लिए सीधी उड़ान 26 अक्टूबर से शुरू

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गयाजी से बैंकाक के बीच सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान 26 अक्टूबर से शुरू होगी। इंडिगो एयरलाइंस की यह सेवा सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को संचालित होगी। फ्लाइट संख्या 6ई 1083/1084 शुरू होने से यात्रियों को बैंकाक जाने के लिए दिल्ली या कोलकाता होकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।



**सप्ताह में दो दिन चलेगी इंडिगो की फ्लाइट :** इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। गयाजी से सीधी उड़ान नहीं होने के कारण यात्रियों को बैंकाक पहुंचने में 10 से 12 घंटे लग जाते हैं। साथ ही, उन्हें 20 हजार रुपये तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। नई सेवा से बोधगया और दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रमुख बौद्ध पर्यटन स्थलों के बीच संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है। बिहार से थाइलैंड की यात्रा करने वालों के लिए यह किसी सौगात से कम नहीं है। बड़ी संख्या में टूरिस्ट बिहार से थाइलैंड जाते हैं। वे अब बिहार से सीधे बैंकॉक पहुंचेंगे। इससे विदेशी पर्यटकों के लिए बोधगया पहुंचना भी आसान होगा। उड़ान की बुकिंग करीब दो महीने पहले शुरू कर दी गई थी। नई उड़ान से गया एयरपोर्ट की अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ बिहार में बौद्ध पर्यटन और पर्यटन आधारित गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## खबरें : एक नजर में

### डा. श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती समारोह का आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आज रविवार को 11 बजे बिहार विधानसभा (सभागार ) में डा. श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है । संस्था डा. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. सहजानंद प्रसाद सिंह ने बताया की इस अवसर पर बिहार गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिहार का मान -सम्मान बढ़ाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा । संस्था के सचिव शिवाजी चौधरी ने बताया की बिहार केसरी डा. श्रीकृष्ण सिंह जी के विचारों का पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा ।



श्रीकृष्ण सिंह।

### जीकेसी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक एक नवंबर को

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) की बिहार राज्य कार्यकारिणी की बैठक आगामी एक नवंबर को ठाकुर प्रसाद कम्युनिटी हॉल, किदवईपुरी, पटना में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। जीकेसी के प्रदेश अध्यक्ष सह ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक ने बताया कि बैठक में बिहार में संगठन के विस्तार, जिला स्तर पर इकाइयों को सक्रिय करने और सदस्यता अभियान को




गति देने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। संगठन की मौजूदा गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

श्री अभिषेक ने कहा कि बिहार में संगठन को मजबूत बनाने के लिए राज्य, जिला और स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करना जरूरी है। इसके लिए पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच संपर्क बढ़ाने तथा कायस्थ समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जीकेसी का उद्देश्य कायस्थ समाज को साझा मंच पर लाने के साथ शिक्षा, सामाजिक सेवा, कला और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। संगठन युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी काम कर रहा है।

श्री अभिषेक ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर संगठन की आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से बैठक की तैयारियों में सक्रिय सहयोग करने तथा संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक प्रयास से बिहार में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और संगठन का विस्तार अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

### सीवान के आलमपुर में भीषण विस्फोट पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जताया गहरा शोक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा के माननीय अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने सीवान जिले के आलमपुर गांव में पटाखों में आग लगने से हुए भीषण विस्फोट में कई लोगों की मृत्यु की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक एवं पीड़ादायक है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



डा. प्रेम कुमार।

### विद्युत स्पर्शाघात से दो किशोरी घायल

**दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** दनियावां थाना क्षेत्र के पीरबढ़ौना गाँव में शुक्रवार की शाम घर के छत के ऊपर से गुजर रही 11हजार बोल्ट की तार की चपेट में आने से एक ही घर की छत पर खेल रही दो किशोरियां घायल हो गई। इस संबंध में बताया जाता है कि पीरबढ़ौना गांव निवासी कृष्णा साव की पुत्री करमू कुमारी(13)और सत्येंद्र मांझी की पुत्री ममता कुमारी(15) शुक्रवार की शाम घर की छत पर खेल रही थी।इसी क्रम में छत के ऊपर से गुजर रहे 11हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आने से स्पर्शाघात से झुलस गई।तत्काल दोनों को निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया।वहां से गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### महासंघ (गोप गुट) जिला शाखा पटना का 23वां जिला सम्मेलन, झंडोतोलन एवं का. योगेश्वर गोप की 19 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ शुरु हुआ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) जिला शाखा -पटना का एक दिवसीय 23 वां पटना जिला सम्मेलन महासंघ गोपगुट कार्यालय पुनाईचक, पटना में क्रांतिकारी मजदूर आंदोलन के नायक कामरेड योगेश्वर गोप की 19 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सम्पन्न हुआ । जिला सम्मेलन के खुले सत्र का उद्घाटन, उद्घाटनकर्ता ऐक्टू बिहार राज्य महासचिव क रणविजय कुमार के संबोधन से हुआ। इसके पूर्व गोप गुट पटना जिला अध्यक्ष फकरुद्दीन अली अहमद द्वारा झंडोतोलन किया गया । साथ ही अली अहमद तथा सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों, प्रेक्षकों और कर्मचारी-शिक्षकों द्वारा का. योगेश्वर गोप के 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र और अन्य शहीदों के शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मेलन विधिवत शुरू हुआ।

# छठ घाटों पर सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए अभी से शुरू करें तैयारी : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। इस संबंध में आयोजित बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को छठ घाटों की स्थिति का आकलन कर आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले में जहाँ-जहाँ छठ पूजा का आयोजन होता है, वहाँ सबसे पहले खतरनाक एवं अनुपयोगी घाटों को चिन्हित किया जाए। बाढ़ के कारण घाटों की भौगोलिक स्थिति, जलस्तर एवं पहुँच मार्ग में बदलाव की संभावना को देखते हुए सभी घाटों का पुनः निरीक्षण करना आवश्यक है। खतरनाक एवं अनुपयोगी घोषित घाटों पर स्पष्ट सूचना प्रदर्शित की जाए, ताकि श्रद्धालु वहाँ नहीं जाएँ और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को रोका जा सके।

इसके बाद पूजा के लिए उपयुक्त घाटों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में तत्काल कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया। घाटों तक पहुँचने वाली मुख्य सड़कों एवं पहुँच पथों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाए, ताकि वतियों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में कठिनाई न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर निर्माणाधीन सीढ़ी घाटों एवं अन्य संबंधित संरचनाओं का कार्य भी शीघ्र पूरा करने को कहा गया, जिससे छठ महापर्व के दौरान उनका उपयोग किया जा सके।



जिलाधिकारी और एसएसपी।

सभी चिन्हित एवं उपयोगी छठ घाटों पर बिजली, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। छठ घाटों की तैयारी के लिए गठित सेक्टरों में प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को इन सभी बिंदुओं पर सतत निगरानी रखने तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

नगर निगम एवं सभी नगर निकायों को घाटों की समुचित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक प्रबंध करने का निर्देश दिया गया। घाटों एवं पहुँच मार्गों पर यदि कहीं अतिक्रमण हो, तो उसे हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि प्रत्येक घाट पर वतियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण, आवश्यक सुविधाएँ तथा सुगम आवागमन उपलब्ध हो।

आपदा प्रबंधन विभाग को छठ घाटों की संवेदनशीलता एवं आवश्यकता के आकलन के आधार पर पर्याप्त संख्या में नावों, प्रशिक्षित गोताखोरों तथा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीमों की तैनाती के लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों एवं बचाव व्यवस्थाओं को पूर्व से तैयार रखने पर जोर दिया गया।

छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही को देखते हुए सुगम एवं व्यवस्थित यातायात संचालन के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने तथा उसके अनुरूप समय रहते कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। घाटों के आसपास यातायात नियंत्रण, पार्किंग एवं आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

बैठक में ट्रैफिक एसपी सागर कुमार सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर वाराणसी में मंत्री ने किया जनसंपर्क

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनता दल (यूनाइटेड) ने अपनी गतिविधि हर स्तर पर तेज कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को बिहार के ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता एवं उत्तर प्रदेश के संगठन प्रभारी श्रवण कुमार ने वाराणसी में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और लोगों के बीच संपर्क किया। जदयू के समर्थन में लोगों को एकजुट होने की अपील की। जिन स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया है, उसमें वाराणसी का लंका, बेनीपुर, परमानंदपुर, इंदिरा नगर, चितईपुर, बच्छव बाजार और चुनार रोड प्रमुख रूप से शामिल हैं।



ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता - सह- उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी श्रवण कुमार।

गौरतलब है कि आगामी 1 नवंबर को वाराणसी जिले के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर भी लोगों और स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विचार विमर्श किया। साथ ही इसमें बड़ी संख्या में लोगों को आने की अपील भी की। कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल करने के साथ ही पार्टी को आगामी चुनाव में मजबूती प्रदान करने के लिए जदयू ने आठ अलगअलग इकाई का गठन किया है, जिसका नेतृत्व अलगअलग स्थानीय नेताओं को सौंपा गया है।

### कायाकल्प अभियान के लिए राज्य सरकार ने जिलों को दिए 275 करोड़ रुपये

**30 अक्टूबर से पहले विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक कर प्रस्तावित कार्यो को मंजूरी देने का निर्देश**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य सरकार ने कायाकल्प अभियान के तहत बिहार के सभी जिलों को कुल 275 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं। इस राशि से सरकारी विद्यालयों में आवश्यक सुविधाओं के विकास और आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यो को गति देने की योजना है। इसके तहत प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को 30 से 40 हजार रुपये, जबकि प्रत्येक उच्च विद्यालय को 50 हजार रुपये दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग ने इस राशि के उपयोग को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार, 30 अक्टूबर से पहले सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित कर प्रस्तावित कार्यो का अनुमोदन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी कराने को कहा गया है।

कायाकल्प अभियान के तहत उपलब्ध कराई गई राशि से विद्यालयों में जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जा सकेंगे। विभाग का जोर है कि विद्यालय प्रबंध समितियों की बैठक में प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा कर उन्हें मंजूरी दी जाए, ताकि राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप किया जा सके।

# भिखारी ठाकुर : बिहार की कला-विरासत विषय पर व्याख्यान-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डा जैनेन्द्र दोस्त ने भिखारी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश**

**सोनपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की समृद्ध लोककला, लोकनाट्य परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन तथा जनसामान्य तक उसके प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को छपरा संग्रहालय के सभागार में भिखारी ठाकुर : बिहार की कला-विरासत' विषय पर व्याख्यान-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन छपरा संग्रहालय की सहायक संग्रहालयाध्यक्ष दीपा चौहान ने किया। कार्यक्रम के विषय-विशेषज्ञ डा ज़ैनेन्द्र दोस्त थे। कार्यक्रम के दौरान ज़ैनेन्द्र दोस्त ने लोकनाट्यकार भिखारी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने भिखारी ठाकुर के जन्म से लेकर कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। प्रस्तुति के माध्यम से बिहार की समृद्ध लोक नाट्य परंपरा तथा भिखारी ठाकुर की कला-साधना को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर भिखारी ठाकुर के नाटकों से संबंधित गीतों, संगीत, वाद्ययंत्रों एवं पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और बिहार की लोककला एवं सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पक्षों को समझने का अवसर प्राप्त किया। अंत में दर्शकों ने



बिहार की कला-विरासत विषय पर व्याख्यान-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन।

अपने अनुभव साझा किए तथा छपरा संग्रहालय में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर डा. दिनेश पाल, जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा के सहायक प्राध्यापक, डा. दिनेश पाल लोक गायक रमेश्वर गोप संगीत शिक्षक डा गोविंद वल्लभ तथा छपरा संग्रहालय के कर्मियों सहित लगभग 200 दर्शक उपस्थित रहे।

# हरा चना की खेती से किसानों की समृद्धि का नया अवसर : विजय कुमार सिन्हा

**उत्पादन से बाजार तक किसानों को लाभ दिलाने की पहल, हरा चना की अगेती खेती पर जोर**

**10 जिलों में 6,250 एकड़ में होगा हरा चना की अगेती किस्म का प्रत्यक्षण**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मंत्री कृषि विभाग विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार में किसानों की आमदनी बढ़ाने, रबी मौसम में हरा चना के उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा बाजार की मांग के अनुरूप इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा हरा चना प्रत्यक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 4,000 रुपए की सहायता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत बीज एवं अन्य उपादानों का वितरण 15 नवंबर 2026 तक किया जाएगा।



कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि को लाभकारी बनाने के विजन तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ बाजार की मांग के अनुरूप फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसी दिशा में हरा चना की खेती एक महत्वपूर्ण पहल है।

श्री सिन्हा ने बताया कि हरा चना प्रत्यक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन पटना, नालंदा, भोजपुर, गया जी, जहानाबाद, औरंगाबाद, भागलपुर, जमुई, लखीसराय एवं समस्तीपुर सहित कुल 10 जिलों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत कुल 6,250 एकड़ में प्रत्यक्षण का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 250 लाख रुपए अर्थात 2.50 करोड़ रुपए की वित्तीय राशि निर्धारित है।

इस योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 4,000 रुपए की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसानों को हरा चना की खेती अपनाने में प्रोत्साहन मिलेगा और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**15 नवंबर तक होगा बीज एवं उपादानों का वितरण :** कृषि मंत्री ने कहा कि योजना के निर्धारित प्रत्यक्षण मॉडल के अनुरूप किसानों को बीज एवं अन्य आवश्यक कृषि उपादानों का वितरण 15 नवंबर तक सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम का क्रियान्वयन संबंधित विभागीय यूनिट कस्ट कमिटी द्वारा अनुशंसित मॉडल के अनुसार किया जाएगा। योजना के तहत स्वीकृत राशि की सीमा के अंतर्गत जिलों एवं किसानों को आपूर्ति किए गए बीज एवं अन्य कृषि उपादानों के विरुद्ध देय राशि बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना को उपलब्ध कराई जाएगी।

### गांधी मैदान, पटना में आयोजित होगा उत्तर भारत का सबसे बड़ा कार्निवल पटना एक्सपो 2026, खरीदारी और व्यापार को मिलेगा नया मंच

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना एवं श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मेला सह पटना एक्सपो 2026 का आयोजन राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आगामी 25 अक्टूबर से 6 नवम्बर, 2026 तक किया जाना तय हुआ है। एक्सपो को अधिक आकर्षक, आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सभी हैंगरों को एयर कंडीशनिंग की सुविधा से सुसज्जित किया गया है। इससे व्यापारियों और ग्राहकों को बेहतर एवं आरामदायक वातावरण मिलेगा, जिससे वे बिना किसी असुविधा के व्यापारिक गतिविधियों और खरीदारी का आनंद ले सकेंगे। इस मौके पर शुक्रवार को गांधी मैदान स्थित पटना एक्सपो परिसर में एक भव्य प्रेस वार्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस एक्सपो के माध्यम से शहरवासियों को खरीदारी, व्यापार और विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का एक आकर्षक अवसर मिलेगा। पटना एक्सपो में विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों जैसे कंज्यूमर एवं शपिंग, रियल एस्टेट एवं प्लाट, ऑटोमोबाइल्स, हैंडीक्राफ्ट्स एवं हैंडलूम, एजुकेशन शिक्षा, शैक्षणिक संस्थान, बैंकिंग, फाइनांस एवं इन्स्योरेन्स बीमा, ज्वेलरी, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर एवं हम इंटरियर, बिल्डिंग मैटेरियल्स, हेल्थकेयर एवं मेडटेक, आईटी एवं कंप्यूटर, इलैक्ट्रॉनिक्स, एग्रीकल्चर, फर्नीचर, फन एवं मनोरंजन और फूड स्टल्स के साथ आकर्षक स्टल लगाए जाएंगे, जहां लोगों को एक ही स्थान पर कई तरह के उत्पादों को देखने, उनकी जानकारी प्राप्त करने और खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन ग्राहकों के लिए खरीदारी का नया अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ व्यापारियों और उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं व्यावसायिक विस्तार के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराएगा।

# सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनेगा कोजगरा, नवविवाहिता वर का होगा चुमावन

**वर की मां लुटाएगी मखाना, साला संग खेलेगा कौरी**

**शरद पूर्णिमा पर होगी माता लक्ष्मी की पूजा**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आश्विन शुक्ल पूर्णिमा में आज रविवार को शरद पूर्णिमा पर मिथिलांचल के नवविवाहित वर का कोजगरा मनाया जाएगा। इसमें दूल्हे के ससुराल से चुमावन का डाला, नूतन वस्त्र, भोज्य सामग्री, पान-सुपारी, मखान, फल, दही, नारियल, पाग, कौरी, कलात्मक माला व मिष्ठान का भार आता है । शरद पूर्णिमा की शाम को नवविवाहित वर को घर-परिवार के बड़े-बुजुर्ग पहले दूर्वाक्षत देंगे फिर लोकगीत के साथ चुमावन होगा। वर की मां समेत सभी उपस्थित सुहागिन महिलाएं दूल्हे को चुमायेंगी । फिर दूल्हे की मां खुशियां जाहिर करते हेतु मखाना लुटायेंगी ।

**दूल्हे संग होगा कौरी का खेल :** आचार्य राकेश झा ने बताया कि आश्विन पूर्णिमा में आज रात्रि में नवविवाहित वर अपने साला के साथ कौरी का खेल खेलेंगे । जिसमें बहन, भाभी सहित मिथिलानी हास्य व्यंग करती हुई पारंपरिक व



आचार्य राकेश झा।

लोकगीत में सोहर-बधइयाँ गाएंगी । आगंतुकों और मेहमानों के बीच पान, सुपारी व मखान का वितरण किया जाएगा ।

**सर्वार्थ सिद्धि योग में शरद पूर्णिमा :** आश्विन शुक्ल पूर्णिमा में शरद पूर्णिमा के पर्व आज रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा। आज प्रदोष काल व निशीथ काल में पूर्णिमा तिथि होने के कारण शरद पूर्णिमा आज ही मनाया जाएगा । वहीं स्नान दान तथा वत की पूर्णिमा उदयातिथि में कल सोमवार को मनायी जाएगी । शरद पूर्णिमा की रात धन व वैभव की देवी माता लक्ष्मी का पृथ्वी लोक पर आगमन होता है । इसीलिए सनातनी आज पवित्र गंगा स्नान, दान-पुण्य, पूजा-पाठ एवं रात्रि में लक्ष्मी, कुबेर एवं इंद्र की पूजा, रात्रि जागरण एवं घी का दीपक पूरी रात जलाएंगे ।

**सोलह कलाओं से परिपूर्ण होगा चन्द्रमा :** शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा की सोलह कलाओं की कलाओं के साथ अपनी शीतलता पृथ्वी पर प्रसारित करता है। धन, वैभव की देवी माता लक्ष्मी चंद्रलोक से पृथ्वी पर आती है । यह पूर्णिमा सभी बारह पूर्णिमाओं में सबसे सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। इस दिन रात्रि बेला में माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना करने से सुख-समृद्धि, धन लाभ एवं ऐश्वर्य में वृद्धि होती हैं । इस दिन शुभ कार्य, गरीब-निर्धन की सेवा, दूध-दही, चावल आदि का दान करने से इसका पुण्यफल काम लंबे समय तक लाभ देता है ।

**शरद पूर्णिमा का पौराणिक महत्व :** ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि आश्विन पूर्णिमा यानि शरद पूर्णिमा भगवान नारायण के चतुर्मास के शयनकाल का अंतिम चरण होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए सुख, सौभाग्य, आयु, आरोग्य और धन-संपदा की प्राप्ति के लिए इस पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है। इस रात को मां लक्ष्मी स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर प्रकट होती हैं। इस रात जो मां लक्ष्मी को जो भी व्यक्ति पूजा करता हुआ दिखाई देता है। मां उस पर पा बरसाती हैं ।

**श्रीसूक्त का पाठ करना लाभकारी :** ज्योतिषी राकेश झा के मुताबिक शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी को खीर का भोग लगाकर, घी के दीपक जलाने से घर में सुख शांति बनी रहती है । मां लक्ष्मी की विशेष पा पाने व आर्थिक संकटों से छुटकारा पाने के लिए पूर्णिमा की रात्रि में घर में घी के 21 दीपक जलाकर श्रीसूक्त का 51 बार पाठ करें । समस्त सुखों की प्राप्ति के लिए शरद पूर्णिमा के रात्रि में लक्ष्मी-नारायण की आराधना एवं विष्णुसहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए ।

## खबरें — खास-खास

### भाकियू ने दादरी में निकाला ट्रैक्टर मार्च, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**दादरी (गौतमबुद्ध नगर) (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय किसान यूनियन ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर लुहारली टोल से दादरी नवीन मंडी तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। गौतमबुद्ध नगर जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने संगठन का झंडा फहराकर मार्च का शुभारंभ किया। देशभक्ति गीतों और डीजे के साथ सैकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार कार्यकर्ताओं ने मार्च में भाग लिया। इस दौरान मानव श्रृंखला भी बनाई गई।



भाकियू के दादरी जिलाध्यक्ष मनोज भावी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन सहायक पुलिस उपायुक्त प्रसाली गंगवार, दादरी एसएचओ नीरज मिश्रा एवं तहसीलदार कृष्णा चौरसिया को सौंपा।

ट्रैक्टर मार्च को देखते हुए पुलिस एवं पीएसी बल तैनात रहा। मार्च के दौरान दादरी में जाम की स्थिति बनी। पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही ज्ञापन लेने का आग्रह किया, लेकिन कार्यकर्ता पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नवीन मंडी तक जाने पर अड़े रहे। इसे लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी भी हुई। बाद में मार्च का समापन दादरी नवीन मंडी में हुआ।

यहाँ भाकियू के दादरी जिलाध्यक्ष मनोज भावी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन सहायक पुलिस उपायुक्त प्रसाली गंगवार, दादरी एसएचओ नीरज मिश्रा एवं तहसीलदार कृष्णा चौरसिया को सौंपा।

ज्ञापन में दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों, विशेषकर महिला छात्राओं एवं पत्रकारों के साथ कथित दमन और यौन उत्पीड़न की घटनाओं की निंदा की गई। संगठन ने इन आरोपों की तत्काल जाँच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

इसके साथ ही 'हाउस अरेस्ट' के नाम पर कार्यकर्ताओं के घरों में प्रवेश कर की जा रही कथित अवैध कार्रवाई का विरोध किया गया। संगठन ने ऐसी कार्रवाइयों को संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना मौलिक अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

मार्च में सिंहराज गुर्जर, विपिन प्रधान, नितिन भाटी, प्रमोद भाटी, रामकेश भाटी, धीरेंद्र भाटी टीनू, अनूप नागर, मनित नागर, अभिषेक कसाना, बलजीत भड़ाना बिन्टू, विपिन बिधूड़ी, सुमित शर्मा, चमन भाटी, विनोद अधाना, राजेश भाटी, जीतेन्द्र भाटी,विकास भाटी, दीन मोहम्मद एवं आजाद सैफी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 26 अक्टूबर को 11 बजे डीएम से हिसाब मांगने अन्नदाता पहुंचेंगे नवादा : संयुक्त किसान मोर्चा

**नवादा / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 26 अक्टूबर को 11 बजे डीएम से हिसाब मांगने अन्नदाता भगवान नवादा पहुंचेंगे। नवादा के गोवर्धन स्वीट्स में प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह,दिनेश कुमार,कपिल देव प्रसाद, एवं पवन कुमार ने कहा कि कानून का रक्षक ही जब भक्षक बन जाए,तो किसानों के पास संघर्ष के सिवा दूसरा कोई विकल्प नहीं।कर्पोरेट्स की दलाली में किसानों से जमीन छीनने के लिए आतुर डीएम नवादा ने जो पुलिसिया तांडव से मोतनाजे मधुबन के अन्नदाताओं के बीच भय और आतंक का माहौल पैदा किया है।उसे किसी भी कीमत पर किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून में अधिग्रहण से पहले भूमि का सोशल अडिट होगा, फिर 70प्रतिशत किसानों की सहमति पर ही, बाजार दर से चार गुना भुधारियों को मुआवजा तथा आर एंड आर के तहत खेती से जुड़े खेत मजदूर एवं पौनी को भी लाभ देने के बाद ही,भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया होगी।मगर सारे कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर जंगलराज की तरह बिना सोशल ऑडिट, 70 प्रतिशत किसानों की बिना सहमति और बिना मुआवजा भुगतान के नवादा जिला प्रशासन ने शायद ठेकेदारो से लाभ लेकर लाठी गोली का भय दिखाकर जिस प्रकार से जबरन जमीन हड़पने का जो कुत्सित प्रयास किया है। संयुक्त किसान मोर्चा इसकी घोर निंदा करती हैं।अपना खून जलाकर एवं करोड़ों रुपये खर्च कर पुरखों की दी हुई जमीन पर कठिन मेहनत से अपने बाल बच्चों और समाज का पेट भरने के लिए बड़ी उम्मीद से जिस धान का फसल तैयार किया था,जो चंद दिनों में तैयार होकर घर आने वाला था।उसे निर्माता पूर्वक कुचलकर अन्नदाताओं के आशाओं पर पानी फेर दिया। जिला प्रशासन की इस घिनौनी हरकत से आम लोगों में भयानक आक्रोश है। हजारों हजार नर-नारी कई बार महा पंचायत आयोजित कर अपने गुस्से का इजहार किया। किसान महापंचायत ने फसलों को रौदने का दोषी जिला प्रशासन से किसानों को मुआवजा देने की मांग की। मगर जिला प्रशासन के अभीतक कान पर जू नहीं रेंगा। जुल्म का हिसाब मांगने और नुकसान हुए फसलों का पर्याप्त मुआवजा के लिए कृष्ण के रूप में 26 अक्टूबर को नवादा जिला समाहर्ता के पास अन्नदाता जाए

## संक्षिप्त खबरें

### पंचतत्व में विलीन हुए चरपोखरी के तेज नारायण पाण्डेय

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गॉवों में रहने वाले लोगों को लगभग पचास वर्षों तक लगातार दवा उपलब्ध कराने वाले नीलम मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर तेज नारायण पाण्डेय शनिवार की रात पंचतत्व में विलीन हो गए । इस अवसर पर बक्सर के चरित्र वन में गंगा के तट पर मुक्ति धाम में उनके पुत्र सूरज कुमार उर्फ निक्की ने वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मुखाग्नि अर्पित किया जहॉ उनके परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ काफी संख्या में शुभचिंतकों की मौजूदगी रही। बताया जाता है कि जब ग्रामीण इलाकों में दवा की दूकानों की संख्या नगण्य रहती थी उस समय सन- सत्तर की दशक में चरपोखरी आकर दवा दुकान की शुरूआत कर लोगों के प्राण रक्षक बन अपनी सामाजिक पहचान बनाने में सफल रहे । रोहतास जिला के कउपा गॉव के रहने वाले सम्पन्न परिवार में जन्मे स्वर्गीय पाण्डेय शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही समाज सेवा की भावना से संकल्पित होकर संसाधन विहीन चरपोखरी में सपरिवार रहते हुए लोगों को दिन रात हर क्षण सेवा के लिए तैयार रहते थे जिन्हें कांग्रेस पार्टी का प्रबल समर्थक बताया जाता रहा।

### सिविल कोर्ट के अधिवक्ता को मिली जान से मारने की धमकी

**अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के मोबाइल पर कॉल कर मांगी दस लाख रुपये की रंगदारी, पूर्व कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह हत्याकांड मामले के अधिवक्ता को मिली धमकी**

**थानाध्यक्ष देवराज राय बोले:** प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की कर रही जांच

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** क्षत्रिय कल्याण संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह हत्याकांड मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। अपराधियों द्वारा पुलिस को एक बार फिर चुनौती दी गई है। दिवगंत रामकुमार सिंह की हत्या मामले में उनके पक्ष से केस लड़ रहे अधिवक्ता हरेंद्र सिंह को धमकी दी गई है। गुरुवार को उनके मोबाइल पर अज्ञात अपराधी द्वारा कॉल कर दस लाख रुपये की रंगदारी मांग की गई है। रंगदारी का रकम नहीं देने पर उन्हें जान से मार देने की धमकी दी गई है। इस संबंध में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव (वर्तमान टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज कल्लू दुकान लेन वार्ड नंबर-6) निवासी स्व. रामचंद्र सिंह के पुत्र सह सिविल कोर्ट के अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के द्वारा टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि अधिवक्ता हरेंद्र सिंह द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच उपरांत ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### संगठन की मजबूती पर भाजपा का जोर, शाहपुर में छह मंडलों के पदाधिकारियों की बैठक

**संगठन सर्वोपरि, मंडल स्तर पर गतिविधियों को गति देने पर जोर**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर प्रखंड स्थित बीस सूत्री कार्यालय में शनिवार को भाजपा के छह मंडलों के अध्यक्षों, महामंत्रियों, मंडल प्रभारियों, विधानसभा प्रभारी एवं संयोजक की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने की। इस दौरान संगठन को सर्वोपरि मानते हुए पार्टी की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने और मंडल स्तर पर गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय, जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन और संगठनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने शाहपुर क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को और गति देने पर भी जोर दिया। बैठक में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, संयोजक अरबिंद पांडे, मंडल प्रभारी रविंद्र ओझा व बिहिया नगर मंडल अध्यक्ष नूतन देवी को संबोधित करते हुए पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिहिया पूर्वी मंडल अध्यक्ष अनुज लाल ने की, जबकि संचालन शाहपुर मंडल अध्यक्ष अंकित पांडे ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सूर्यकांत पांडेय, मंडल अध्यक्ष भुवर पांडे, अमरनाथ राय, विजयशंकर पाठक, दीपक सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता और आकाश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### एसपी ने बबुरा थाना का किया निरीक्षण,दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शुक्रवार की रात बबुरा थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों की स्थिति, अनुसंधान की प्रगति एवं क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। एसपी श्री दीक्षित ने थाना के अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा-व्यवस्था, मलखाना की स्थिति तथा गश्ती वाहनों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जांच किया, उन्होंने लंबित कांडों एवं अन्य कार्यों की अधतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुधार करने एवं सभी कार्यों का नियमानुसार व समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान आमजनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को प्राथमिकता देते हुए उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि थाना में अपनी शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक नागरिक की बात संवेदनशीलता से एवं गंभीरता से सुनी जाए। प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतकताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। एसपी ने इसके अतिरिक्त विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से प्रभावित गश्ती व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। संवेदनशील स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं अपराधिक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियमित गश्ती, रात्रि गश्ती तथा पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया।



### 30 परिवादियों की सुनी शिकायत

**आरा/एनएसबी।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शनिवार को जनता दरबार में जन सुनवाई की। इस दौरान कुल 30 परिवादियों की शिकायतें सुनी गईं और मामलों के त्वरित तथा निष्पक्ष निस्तारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पीसीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का योजना व विकास मंत्री ने किया उद्घाटन

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड अंतर्गत रजेयां पंचायत के सुग्गी बाल मुसहर टोली में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का सूबे के योजना व विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि इस सड़क निर्माण होने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। लंबे समय से बेहतर सड़क की आवश्यकता महसूस कर रहे ग्रामीणों के लिए यह कार्य राहत और खुशी का विषय है। सड़क जैसी बुनियादी सुविधा का विस्तार ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीरो प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष अक्षय लाल चैधरी ने की। मौके पर जगदीशपुर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अनूप पटेल, पुष्पा कुशवाहा, अशोक राय, अरुण प्रताप सिंह, गुड्डू यादव, राजेश प्रजापति, धीरू सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेश मांझी, अवध कुशवाहा, अजय सिंह, रामपुलिस पासवान, अशोक कुशवाहा, विकास सिंह कुशवाहा, संयोग राम, गीता कुमारी, पप्पू साह, पिंटू चंद्रवंशी, नीतू राय, मनन चैधरी, शशिभूषण कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।




# तपेश्वर सिंह इंदु महिला कॉलेज में आयोजित जीबी की बैठक में शीघ्र अनुदान राशि बांटने का निर्णय

**कॉलेज में सोलर पैनल लगाने और प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने के प्रस्ताव पर भी लगाई गई मुहर**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा शहरी क्षेत्र में स्थित तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय में शनिवार को कॉलेज शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष, बड़हरा के विधायक और बिहार सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शासी निकाय की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय से जुड़े आदेश पारित किये गए। शासी निकाय की इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कॉलेज के सचिव और पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह की उपस्थिति और देखरेख में सम्पन्न हुआ। बैठक में सबसे पहले बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से शैक्षणिक सत्र-2015-18 के प्राप्त अनुदान की राशि को राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में



नियमानुसार शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच जल्द से जल्द आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करने के निर्णय पर मुहर लगाई गई।शासी निकाय की बैठक में शैक्षणिक सत्र 2015-18 की अनुदान राशि के वितरण पर मुहर लगने के बाद अब जल्द ही शिक्षकों एवं कर्मियों के लम्बे समय से बकाये अनुदान की राशि मिलने की राह आसान हो गई है। इस निर्णय के बाद शुक्रवार को महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच खुशी की लहर देखी गई और शिक्षकों एवं कर्मियों ने कॉलेज के अध्यक्ष और विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं सचिव पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह के प्रति आभार जताया है। शासी निकाय की इस बैठक में अनुदान वितरण के अलावे विज्ञान के विभिन्न विभागों के प्रयोगशाला को सुदृढ़ करने और अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने का निर्णय भी हुआ। बैठक में कॉलेज में बिजली की खपत को कम करने के उद्देश्य से सोलर लाइट और सोलर पैनल लगाने के निर्णय से जुड़े आदेश भी पारित किये गए। साथ ही छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षिकाओं और कर्मियों के लिए अलग अलग ड्रेस कोड लागू करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाए गए और इस संबंध में प्रस्ताव पारित किये गए। बैठक में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. सियामती राय, यूआर प्रो. अलाउद्दीन अजीजी, टीआर प्रो. शीला कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अधिवक्ता ने एसपी को दी जानकारी, सुरक्षा की लगायी गुहार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अधिवक्ता हरेंद्र सिंह द्वारा इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को दी गई। वही प्राथमिकी में उनके द्वारा यह भी आशंका जताई गई है कि कॉल कर उनसे रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने वाला, निश्चित रूप से दिवगंत रामकुमार सिंह की हत्या करने-करवाने में शामिल रहा होगा। अधिवक्ता हरेंद्र सिंह ने पुलिस से खुद की एवं पूरे परिवार की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। बता दें कि बीते 15 अक्टूबर की सुबह नवादा थाना क्षेत्र के जैन कॉलेज के पूर्वी गेट स्थित कनकपुरी मोहल्ले में बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों द्वारा क्षत्रिय कल्याण संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह की ताबड़तोड़ आठ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के बेटे अमित कुमार उर्फ गोल्डी के द्वारा चंदन सिंह, राजस्व कर्मचारी विष्णु देव सिंह एवं मुफस्सिल थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राम कल्याण यादव सहित 14 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हत्याकांड में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# कार ने मारी ट्रक में पीछे से टक्कर दो जख्मी, विदेशी शराब जब्त, एक पटना रेफर

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी मोड़ के समीप पुलिस को देखकर भागने की कोशिश एक कार सवार के लिए भारी पड़ गई। तेज रफ्तार में भाग रही कार आगे चल रहे ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गया। हादसे के बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। दुर्घटना में कार सवार दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे पटना रेफर किया गया। घायलों की पहचान बाढ़ थाना क्षेत्र के गुलाबबाग निवासी कन्हैया कुमार (29) और नीतीश कुमार (27), पिता श्रवण यादव, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक उत्तर प्रदेश की ओर से शराब लेकर बाढ़ जा रहे थे। इसी दौरान सकड्डी मोड़ के पास पुलिस को देखकर चालक



ने कार की गति बढ़ा दी। जल्दबाजी में वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने चल रहे ट्रक में जा घुसा। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। तलाशी के दौरान 180 मिलीलीटर की 26 कार्टन शराब बरामद की गई। प्रत्येक कार्टन में 48 बोतलें थीं। इसके अतिरिक्त 180 मिलीलीटर की 150 बोतलें अलग से रखी गई थीं। पुलिस के मुताबिक, बरामद शराब की कुल मात्रा 251.640 लीटर है। पुलिस ने शराब को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए आरा रेफर किया गया। चिकित्सक डॉ. आजम खान ने कन्हैया कुमार की स्थिति चिंताजनक बताई। इसके बाद आरा सदर अस्पताल से कन्हैया कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे बाढ़ में किसे पहुंचाया जाना था।

# ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया

**सुरक्षा मानकों एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आज दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा द्वारा ब्लॉक रोड, आरा स्थित जिला ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा वहां तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप सतत निगरानी बनाए रखने पर जोर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईवीएम/वीवीपैट मैनुअल के अनुरूप ईवीएम/वीवीपैट के भंडारण, रखरखाव एवं सुरक्षा से संबंधित सभी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु वेयरहाउस के प्रभारी पदाधिकारी एवं प्रभारी पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने




तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। उक्त निरीक्षण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक, भोजपुरय उप निर्वाचन पदाधिकारी, भोजपुरय कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आराय प्रभारी पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस-सह-सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, भोजपुरय प्रभारी पदाधिकारी, अग्निशमन, आरा तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आज केवटियां गांव पहुंचेगा सैनिक का पार्थिव शरीर

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के जवान अखिलेश कुमार का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव केवटिया लाया जाएगा। जहॉ सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से अखिलेश कुमार की मौत हो गई थी। अखिलेश कुमार अगिआंव बाजार थानान्तर्गत केवटियां गांव निवासी राम प्रसाद राम के पुत्र थे जो भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान हुई मौत के बाद अखिलेश कुमार के पार्थिव शरीर को लेकर सेना के अधिकारी विशेष विमान से पहले पटना पहुंचेगे। वहां से बिहार रेजिमेंटल सेन्टर दानापुर में आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के बाद सैनिक वाहन से पार्थिव शरीर को केवटियां गांव लाया जाएगा। इधर सैनिक



अखिलेश कुमार की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। दिवंगत सैनिक के परिवार में भाई हेमंत कुमार, पत्नी सुमंती देवी, दो बेटियां नीता कुमारी व माही कुमारी हैं जो दूसरे शहर में रहकर पढाई कर रही हैं। परिवार के साथ साथ गांव में मातम का माहौल है। परिवार के लोग पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। दिवंगत सैनिक के भाई हेमंत कुमार के अनुसार सेना की ओर से पार्थिव शरीर के देर रात तक गांव पहुंचने की सूचना दी गई है।

# हथियार लहराते और समारोह में फायरिंग करते युवक का वीडियो वायरल

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, गिरफ्तार, नवादा थाना में गिरफ्तार युवक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** हथियार लहराते एवं समझ में फायरिंग करते हुए एक युवक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को धर दबोचा। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ले से की गयी। वह नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ला निवासी संजय कुमार यादव का पुत्र मंजीत कुमार यादव है। बताया जाता है कि 23 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में उक्त युवक अपने हाथ में कई देशी पिस्तौल, रिवाल्वर एवं बड़ा देशी हथियार खतरनाक तरीके से लहराते हुए एवं सामारोह फायरिंग करते हुए नजर आ रहा था। वीडियो नवादा थानाध्यक्ष को प्राप्त हुई। इसके बाद नवादा थाना के पकड़ी टी.ओ.पी प्रभारी चंदेश्वर कुमार को वीडियो का सत्यापन करने का निर्देश दिया। दारोगा चंदेश्वर कुमार द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ कर जब वीडियो का सत्यापन किया गया तो, पता चला कि उक्त युवक मौलाबाग निवासी संजय कुमार यादव का पुत्र मंजीत कुमार यादव है। इसके पश्चात पुलिस द्वारा उसे घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार मंजीत ने बताया कि यह वीडियो पूर्व का है। हथियार धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी राधे-राधे उर्फ मोनू दुबे एवं गजराजगंज ओपी क्षेत्र के करीसाथ गांव निवासी सूरज कुमार का है। उनसे हथियार लेकर लेकर वीडियो बनाया था। दोनों फिलवक्त में जेल में बंद है।

# वर्षों से बंद राजकीय नलकूप के चालू होने का रास्ता साफ,

**सैकड़ों एकड़ खेतों को मिलेगा पानी**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के देवमलपुर गांव स्थित मठिया परिसर में वर्षों से बंद पड़े राजकीय नलकूप को चालू कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। नलकूप में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के साथ ही जले हुए बिजली ट्रांसफार्मर को भी बदल दिया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों में सिंचाई सुविधा बहाल होने की उम्मीद जगी है। देवमलपुर बहुदरी पंचायत के मुखिया के अथक प्रयास से जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने का कार्य पूरा किया गया। नलकूप के यांत्रिक और विद्युत दोषों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों की ओर से भी पहल की गई। इस कार्य में बिजली विभाग और लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंताओं का सहयोग सराहनीय रहा। नलकूप चालू होने से क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई सुचारू रूप से हो सकेगी। इससे किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधनों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही समय पर पानी मिलने से खेती-किसानी को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय स्तर पर इस पहल को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पंचायत की ओर से नलकूप को चालू कराने की दिशा में सहयोग देने के लिए बिजली विभाग और लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंताओं के प्रति आभार जताया गया है। अब किसानों को नलकूप से नियमित सिंचाई सुविधा मिलने की प्रतीक्षा है।

### अभी तक नहीं पकड़े गए हत्याकांड के मुख्य शूटर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बहुचर्चित रामकुमार सिंह हत्याकांड में शामिल मुख्य शूटर अभी भी पुलिस से कोसों दूर है। बताया जाता है की बाइक सवार जिन पेशेवर शूटरों ने रिटायर कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह को काफी करीब से 8 गोलियां मारी थी, वे अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। अपराधियों की करतूत सीसीटीवी फुटेज में भी सामने आई बावजूद इसके वे अभी तक पकड़े नहीं गये। वैसे पुलिस सूत्रों की माने तो शूटरों की पहचान कर ली गई है। पुलिस उनको दबोचने के फिराक में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

# मिट्टी जांच, मिलेट्स, फसल चक्र और जैविक खेती अपनाने पर जोरय कृषि यंत्रों पर अनुदान की दी गई जानकारी

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** शनिवार को कोईलवर प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में बसंतकालीन रबी महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष संजीत रजक, उपाध्यक्ष जयशंकर कुशवाहा, धनडीहा पंचायत के मुखिया धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ कारू सिंह, राजापुर पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह, जिला कृषि कार्यालय से आए आत्मा के उप परियोजना निदेशक राजीव रंजन सिंह तथा उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय कृषि समन्वयक भगवती सिंह ने किया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, मिट्टी की जांच, फसल विविधीकरण, जैविक खेती और कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी गई। कृषि योजनाओं और कृषि यंत्रों पर अनुदान की जानकारी जिला कृषि कार्यालय से आए उप परियोजना निदेशक राजीव रंजन सिंह ने खेत बचाओ योजना तथा पारंपरिक खेती के



महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार ने कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश चैधरी ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए जिला से प्राप्त कृषि योजनाओं के लक्ष्यों को पंचायत स्तर पर लागू करने तथा किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कृषि समन्वयक गरिमा ने किसानों को मिट्टी जांच के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि समन्वयक अभिषेक पांडेय, हिमांशु कुमार, विमल कुमार, अरुण प्रकाश सहित सभी एटीएम, बीटीएम, किसान सलाहकार और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना, कृषि योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खेती को अधिक उत्पादक एवं लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# आमस दरभंगा एक्सप्रेस वे को समय से पूरा करने का सांसद ने दिया सख्त निर्देश

**राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ दरभंगा सांसद ने की बैठक**



बैठक करते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के शीर्ष अधिकारियों तथा अभियंताओं के साथ जिले में एनएच तथा एनएचआई से जुड़े नई परियोजनाओं की पहल तथा विकास, निमार्णाधीन सड़क परियोजनाओं की प्रगति एवं यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने , सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने, एनएच फोरलेन से एयरपोर्ट तक फोरलेन कनेक्टिविटी एवं ट्रांपटेड इंटरचेंज फ्लाई ओभर के निर्माण, सुपौल दरभंगा तक प्रस्तावित हाइवे, पशुपतिनाथन बैद्यनाथ धाम भाया कुशेश्वरस्थान हाई स्पीड कैरीडोर के निर्माण सहित दो दर्जन से अधिक मुद्दों को लेकर आज शनिवार को दरभंगा परिसदन में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ने के उद्देश्य से दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में क्षेत्र में चल रही विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं संबंधित सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही संभावित बाधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में सड़क संपर्क को मजबूत बनाने, आवागमन को सुगम करने तथा आम लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विषयों पर अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में सांसद डा ठाकुर बताया कि एनएच -27 पर दरभंगा जिले की सीमा पर स्वीकृत छह फूट ओभरब्रीज का शीघ्र शिलान्यास किया जाएगा जिसमें बाजार समिति के पास के चौराहा पर फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण किया जाएगा जबकि महिंद्रा एजेंसी, रानीपुर, बसैला तथा पुरानी मनिगाछी के पास फूट ओभरब्रीज का निर्माण होगा।सांसद डॉ ठाकुर ने अधिकारियों से 527ई रामनगर रोसरा पथ में निमैठी से एसएच 88 तक 12 किलोमीटर में 350 करोड़ की लागत से लिंक रोड,225 करोड़ की लागत से मुसरीघरारी दरभंगा,766 करोड़ से एयरपोर्ट से फोरलेन तक ट्रम्पटेड इंटरचेंज फ्लाईओभर, एम्स के पश्चिम दिशा में 1 हजार करोड़ की लागत से 12 किलोमीटर में रिंग रोड, 25 करोड़ की लागत से लोहिया चौक से पांडसराय की एलाइमेंट को पूरा करने , निमार्णाधीन योजनाओं में तेजी लाने जैसे विषयों पर निर्देशित किए। सांसद डॉ ठाकुर ने अधिकारियों के साथ पशुपतिनाथ से कुशेश्वरस्थान होकर बाबा बैद्यनाथ धाम तक हाई स्पीड कैरीडोर के निर्माण, पटना पूर्णिया, गोरखपुर सिल्लीगुड़ी, रक्सौल हल्दिया जैसे नई तथा प्रस्तावित परियोजनाओं की मंजूरी की पहल तेज करने का निर्देश दिया।सांसद डॉ ठाकुर ने अधिकारियों से आमस दरभंगा एक्सप्रेस वे को समय से पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। सांसद डॉ ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दरभंगा मिथिला क्षेत्र का एक प्रमुख केंद्र है इसलिए यहां सड़क संपर्क का सुदृढ़ होना आर्थिक गतिविधियों, व्यापार, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के बिहार के आरओ आर वेंकटेश्वर, मोर्था के आरओ शशिभूषण, सहित सभी शीर्ष अभियंता तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्नातक शिक्षक चुनाव में 27 को होगा मतगणना जिलाधिकारी ने लिया जायजा



मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन की मतगणना आगामी 27 अक्टूबर को होगी। मतगणना कार्य को सुचारु, पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां जारी हैं।इसी क्रम में शनिवार कोजिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने खेल भवन के बाहर मतगणना कार्य के सफल संचालन एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का तथा वहां प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं तैयारियों का जायजा उन्होंने लिया। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान सूचनाओं के आदान-प्रदान, संबंधित पदाधिकारियों के बीच समन्वय तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में कंट्रोल रूम की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### महिंद्रा पिकअप में छिपाकर रखी 394.515 लीटर अवैध विदेशी शराब जप्त

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटी चौक के नजदीक एक महिंद्रा पिकअप वाहन में छिपाकर रखी गई 394.515 लीटर अवैध विदेशी शराब को पुलिस ने बरामद की है। इसकी सूचना देते हुए सहायक आयुक्त मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से मद्यनिषेध विभाग एवं पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान अभियुक्त किसुन शर्मा, पिता इंदल शर्मा, साकिन शिवराम, थाना बहेरा, जिला दरभंगा के कब्जे वाले महिंद्रा पिकअप वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन में छिपाकर रखी गई कुल 394.515 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई।अवैध शराब की बरामदगी के बाद मामले मेंअग्रेतर क वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 28 अक्टूबर को आयोजित होगा जॉब कैम्प 100 की होगी बहाली

**दरभंगा (एनएसबी)।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय के माध्यम से 28 अक्टूबर को संयुक्त श्रम भवन पर नियोजन कैंप लगाया जाएगा। जिला नियोजनालय के सहायक निदेशक नेयह जानकारी देते हुए बताया कि 28 अक्टूबर को संयुक्त श्रम भवन कार्यालय परिसर में करियर ट्री द्वारा सुबह 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे तक जॉब कैम्प आयोजित किया गया है। इसमें ट्रेनी और सुपरवाइजर रैंक पद के 100 पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार किया जाएगा। जिसमें आई टी आई, बी ए, बी कॉम ,डिप्लोमा आदि उत्तीर्ण महिला/पुरूष अभ्यर्थी , जिसकी उम्र सीमा 18 से 26 वर्ष है, भाग ले सकते है। कम्पनी द्वारा अभ्यर्थी को 22000 से 27000 रुपए वेतन दिया जाएगा।इस जॉब कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठायें। इस जॉब कैम्प में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी का नियोजनालय मे निबंधन अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी भारत सरकार के से निबंधन करा सकते है। इस जॉब कैम्प में भाग लेने हेतु अपना बायो डाटा,सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रंगीन फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य प्रमाण पत्र की छाया प्रति साथ अवश्य लाएगें।जॉब कैम्प में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क है।

### टोका लगाकर बिजली चोरी करने के आरोप में दो पर प्राथमिकी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर अनुमंडल में बिजली चोरी के दो अलग-अलग मामलों में बहेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।ग्रामीण कनीय विद्युत अभियंता ब्रजेश कुमार ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि देवराम-अमैठी पंचायत के देवराम वार्ड 11 निवासी राजेश राम का कुछ दिन पूर्व बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के कारण विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया था। दिनांक 23 अक्टूबर 26 की शाम जांच दल जब वहां पहुंचा तो देखा गया कि राजेश टोका लगाकर बिजली का उपयोग कर रहा था, जिससे बिजली विभाग को 10 हजार रुपये की क्षति हुई है। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद क्षेत्र के कनीय विद्युत अभियंता राजीव कुमार ने पौड़ी वार्ड 13 निवासी नंदन किशोर कमती के विरुद्ध चोरी कर टोका लगाकर बिजली उपयोग करने का मामला दर्ज कराया है। इससे विभाग को 10,654 रुपये की क्षति हुई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि देवराम वार्ड 11 एवं पौड़ी वार्ड 13 निवासी राजेश राम एवं नंदन किशोर कमती के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नगर परिषद बेनीपुर में जलजमाव की समस्या का अधिकारियों ने लिया जायजा

**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद बेनीपुर क्षेत्र में जलजमाव की समस्या को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों की टीम ने विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. जय चंद्र अकेला के निदेर्शानुसार, नगर परिषद के सहायक वास्तुविद जितेंद्र कुमार सिन्हा, सहायक नगर नियोजक कुमार संभव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक मोहन चौधरी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न जलजमाव प्रभावित स्थलों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने जलजमाव के संभावित कारणों, नालों की स्थिति तथा जल निकासी में आ रही बाधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित क्षेत्रों की स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करते हुए जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर विचार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जलजमाव की समस्या के कारणों की पहचान कर उसके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी सुचारू हो सके और आम नागरिकों को जलजमाव से होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। नगर परिषद प्रशासन ने कहा कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद प्रतिबद्ध है।

## युवती को जबरन ले जाने के आरोप की पुष्टि अब तक की जांच में नहीं

**पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार, दोनों बालिग**



जानकारी देते पुलिस के पदाधिकारी ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के बिरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर घाट में दुर्गा पूजा के अवसर पर लगे मेले के दौरान एक 18 वर्षीय युवती के साथ कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है। वहीं, पुलिस के अनुसार, मामले के मुख्य आरोपी की उम्र विद्यालय के दस्तावेजों के सत्यापन में 18 वर्ष से अधिक पाई गई है।पुलिस ने मामले में दूसरे आरोपी चंदन कुमार को भी न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की है। साथ ही, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, बीते 19 और 20 अक्टूबर की रात शिवनगर घाट में दुर्गा पूजा के अवसर पर मेला लगा हुआ था। इसी दौरान एक युवती को ले जाने और उसके साथ कथित दुष्कर्म किए जाने को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ था।

आवेदन के आधार पर बिरौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी की उम्र के सत्यापन के लिए विद्यालय से दस्तावेज प्राप्त किए गए। सत्यापन में उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक पाई गई। वहीं, पीड़िता की उम्र भी 18 वर्ष से अधिक बताई गई है।इस मामले में दूसरे आरोपी चंदन कुमार, जो एक गांव के निवासी बताए गए हैं, उनकी भूमिका भी जांच के दायरे में आई है। पुलिस के अनुसार, चंदन कुमार मेला देखकर अपनी मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान युवक और युवती ने उनसे मदद मांगी और उनकी मोटरसाइकिल से जाने की बात सामने आई। पुलिस ने बताया कि मामले में उनकी संलिप्तता की जांच के आधार पर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की गई है। जिस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल युवती को ले जाने में किए जाने की बात सामने आई, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।वहीं, मेले में महिला समिति की ओर से 200 रुपये लेकर अनाउंसमेंट किए जाने के आरोप पर भी पुलिस ने जांच की। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान प्राथमिकी में वर्णित इस आरोप की पुष्टि नहीं हुई है। महिला समिति के सदस्यों के विरुद्ध इस तरह की पूर्व शिकायत या रिकॉर्ड भी सामने नहीं आया है। पुलिस ने यह भी बताया कि युवती को जबरन ले जाने के आरोप की पुष्टि अब तक की जांच में नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, जांच में युवक और युवती के बीच पहले से प्रेम संबंध होने की बात भी सामने आई है। हालांकि, मामले के सभी पहलुओं की जांच और साक्ष्यों का मूल्यांकन कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाना है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि किसी आरोपी की संलिप्तता और दोषसिद्धि का अंतिम निर्णय न्यायालय द्वारा साक्ष्यों के आधार पर किया जाता है।

## एसआईआर प्रक्रिया के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है : मुकेश कुमार शर्मा




बैठक में मुकेश कुमार वर्मा, विनय पासवान, पप्पू सिंह व अन्य।

**बेनीपुर (एनएसबी)।** शनिवार को दरभंगा पूर्वी भाजपा जिला कार्यालय परिसर में ह्लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्व अभियान की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय पासवान ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया।इस दौरान अभियान प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, मतदाता सूची की शुद्धता एवं एस आई आर प्रक्रिया के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

**■ लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर दरभंगा पूर्वी भाजपा जिला कार्यालय में बैठक**

जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अपने संबोधन में अभियान के अंतर्गत निर्धारित सात प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों को दरभंगा पूर्वी जिले के प्रत्येक मंडल तक योजनाबद्ध तरीके से आयोजित करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान का संदेश गाँव-गाँव और जन-जन तक पहुँचे। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं से पूरी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।मौके पर भाजपा राधेश्याम झा,राहुल कर्ण,संतोष झा,मणिकांत झा,मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया,चंदन ठाकुर, रजनीश सुन्दरम, तृपित यादव,सोनू

## संघर्ष, मेहनत व लगन का मिला इनाम, डॉ. चंद्र मोहन बने इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक



डॉ. चंद्र मोहन।

**दरभंगा (एनएसबी)।** संघर्ष, धैर्य और मेहनत के दम पर दरभंगा जिले के घनश्यामपुर प्रखंड अंतर्गत उसराही सुपौल गांव के निवासी डॉ. चंद्र मोहन प्रभाकर ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) के पद पर इतिहास विषय में हुआ है।डॉ. चंद्र मोहन की इस सफलता के पीछे वर्षों की मेहनत, निरंतर अध्ययन और परिवार एवं गुरुजनों का मार्गदर्शन रहा है। उनकी उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।डॉ. चंद्र मोहन ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और लगन का परिचय दिया है। उन्होंने उच्च विद्यालय पोहद्दी बेला से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से स्नातक तथा जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के इतिहास विभाग से स्नातकोत्तर और नेट-पीएचडी की उपाधि हासिल की।सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन उनके शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी इस कामयाबी से क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## दोनों एनडीए प्रत्याशियों की शानदार जीत की उम्मीद : डॉ दिलीप कुमार

**दरभंगा (एनएसबी)।** डॉ. दिलीप कुमार चौधरी ने विधान परिषद चुनाव में उत्साहपूर्वक मतदान करने वाले दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय के सभी सम्मानित मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।डॉ. चौधरी ने कहा, ह्लचारों जिलों के मतदाताओं ने जिस उत्साह, जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, वह अत्यंत सराहनीय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के दोनों प्रत्याशियों के प्रति मतदाताओं से मिले व्यापक समर्थन और स्नेह के लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह जनसमर्थन दोनों एनडीए प्रत्याशियों की शानदार विजय का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु चारों जिलों के जिला प्रशासन, निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, सुरक्षाकर्मियों एवं समस्त मतदानकर्मियों के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।डॉ. चौधरी ने आगे कहा, ह्लयह चुनाव केवल जनप्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों में मतदाताओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। हम सभी मतदाताओं, शुभचिंतकों एवं सहयोगियों के विश्वास और स्नेह का सम्मान करते हुए क्षेत्र के विकास, शिक्षा और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे।

## ईंट भट्ठा संचालकों की सुविधा के लिए ब्रिक्स कलस्टर का होगा भौगोलिक विस्तार : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिथिला क्षेत्र में ईंट भट्ठा उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थनीय रोजगार, आवास एवं निर्माण कार्य तथा सरकारी राजस्व का महत्वपूर्ण अधर है। दरभंगा एवं आसपास के जिलों में बाढ़, जलजमाव, मौसमी बेरोजगारी, बढ़ती उत्पादन लागत, वित्तीय कठिनाइयों तथा विभिन्न सरकारी प्रक्रियाओं के कारण इस उद्योग के समक्ष उत्पन्न गंभीर चुनौतियों के समाधान के लिए भारत सरकार तथा बिहार सरकार के स्तर पर पहल शुरू की जा चुकी है।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने शनिवार को लहेरियासराय स्थित संसदीय कार्यालय में जिले के ईंट भट्ठा संचालकों के सात आयोजित बैठक में उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ईंट भट्ठा संचालकों के बीच ईंट भट्ठा संचालक संघ की ओर से पूर्व में दिए गए मांग पत्रों पर की पहल की जानकारी की चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय को ब्रिक्स कलस्टर के भौगोलिक दायरे का विस्तार करने के लिए पत्र लिखा जा चुका है जबकि दरभंगा जिले में ईंट उद्योग के लिए सरकारी सहायता से एक कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना करने के लिए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, जीएसटी में विशेष राहत छूट, तथा सस्ता एवं सुलभ ऋण के लिए वित्त मंत्रालय, पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया से ईंट भट्ठा उद्योग को मुक्त करने के लिए पर्यावरण, बन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा मिट्टी खनन एवं नियामकीय प्रक्रियाओं में व्यावहारिक राहत के लिए भूतत्व तथा खान मंत्रालय को पत्र भेजकर शीघ्र पहल शुरू करने का आग्रह किया गया है। सांसद डॉ ठाकुर ने बैठक में ईंट-भट्ठा उद्योग के संचालन में आ रही कठिनाइयों तथा संबंधित विषयों के शीघ्र समाधान की चर्चा करते हुए कहा कि ईंट-भट्ठा उद्योग स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं निर्माण कार्यों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है इसलिए इस उद्योग को अधिक प्रभावी बनाकर रोजगार के अवसरों बढ़ाए जाने सकते हैं। बैठक में दरभंगा जिला ईंट भट्ठा संचालक संघ के अध्यक्ष जयराम दास, उपाध्यक्ष रजनीश रंजन, सचिव प्रोङ्क एम ए निशांत, एजाज हसन, संजय यादव अशोक ठाकुर सहित दो दर्जन से अधिक ईंट भट्ठा संचालक मौजद थे।

## मद्यनिषेध विभाग की कार्रवाई में स्कूटी सवार गिरफ्तार

**■ 23 लीटर स्कूटी से, झाड़ियों से 925 लीटर देशी नेपाली शराब जब्त**

**दरभंगा (एनएसबी)।** आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं सेवन पर प्रभावी रोक के लिए मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार सघन छापेमारी, वाहन जाँच एवं गश्ती अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मद्यनिषेध विभाग की टीम ने सदर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को देशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरा के निकट वाहन जाँच के दौरान मद्यनिषेध टीम ने सदर प्रखंड के काकरघाटी निवासी शम्भू कुमार यादव को उनकी स्कूटी से *23.400 लीटर देशी नेपाली शराब* के साथ पकड़ा। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुपहिया वाहन को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के क्रम में मिली जानकारी एवं उसकी निशानदेही पर घटनास्थल से लगभग 200 मीटर आगे स्थित एक पोखर के आस-पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 925.500 लीटर देशी नेपाली शराब बरामद की गई। इस प्रकार उक्त कार्रवाई में कुल 948.900 लीटर देशी नेपाली शराब जब्त की गई है।

## मिथिला का पुरातात्त्विक इतिहास विषय पर 26 को होगा राष्ट्रीय सेमिनार



बैठक करते पदाधिकारी।

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग तथा डॉ प्रभात दास फाउंडेशन, दरभंगा के संयुक्त तत्त्वावधान में 26 अक्टूबर, 2026 (दिन सोमवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से "मिथिला का पुरातात्त्विक इतिहास" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, कोलकता के क्षेत्रीय निदेशक डॉ फणिकान्त मिश्र- मुख्य वक्ता, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा- अध्यक्ष, एआईएच एवं सी के विभागाध्यक्ष डॉ अमिर अली खान- उद्घाटन कर्ता एवं डॉ आर एन चौरसिया- विषय प्रवेशक के रूप में संबोधित करेंगे।

निःशुल्क राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। सेमिनार की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा की अध्यक्षता में विभाग में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एआईएच, ए एवं सी के विभागाध्यक्ष डॉ अमिर अली खान, संयोजक डॉ आर एन चौरसिया, डॉ ममता स्नेही, डॉ लखन जी चौधरी, डॉ संतोष कुमार, डॉ प्रतिभा किरण, फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा, जेआरएफ- रितु कुमारी एवं मालविका, सुधा कुमारी, उदय कुमार उदेश, योगेन्द्र पासवान एवं गंगा कुमारी आदि ने भाग लिया।

दुर्गा पूजा के बाद जलस्रोतों के संरक्षण की पहल

# तालाबों की सफाई में जुटे नागरिक व स्वच्छता कर्मी




स्वच्छता अभियान चलाते ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत चल रहे विशेष अभियान के तहत नगर परिषद झंझारपुर द्वारा शहर स्थित तालाबों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। दुर्गा पूजा के पश्चात मूर्ति विसर्जन से तालाबों में जमा पूजन सामग्री, मूर्तियों के अवशेष एवं अन्य कूड़ा-कचरा निकालकर साफ-सफाई की गई। अभियान में आम नागरिकों एवं नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर नगर प्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि जलस्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। त्योहारों के बाद तालाबों की सफाई करना आवश्यक है, ताकि जलस्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे तालाबों में पूजन सामग्री एवं अन्य कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करें। वहीं, डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि नदियों एवं अन्य जलस्रोतों की निर्मलता, अविरलता एवं पवित्रता बनाए रखना जिला गंगा समिति नमामि गंगे की प्राथमिकताओं में शामिल है। जलस्रोतों की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। त्योहारों के बाद तालाबों की सफाई के लिए चलाया गया यह अभियान जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का उदाहरण है। उन्होंने नागरिकों से धार्मिक आयोजनों के दौरान पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने तथा पूजन सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट का उचित निस्तारण करने की अपील की। जिला गंगा समिति नमामि गंगे के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान के माध्यम से जलस्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का डीआरडीए सभागार में हुआ आयोजन




कार्यक्रम को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण, बाल विवाह उन्मूलन तथा समाज में लैंगिक समानता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को डी०आर०डी०ए० सभागार, मधुबनी में महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न योजना के तहत जिला स्तरीय जागरूकता एवं सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन (ज़ूएह), मधुबनी एवं विभा शंकर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से किया गया। यह पहल महिलाओं एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, आजीविका के अवसरों के विस्तार तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में जिला प्रशासन और गैर-सरकारी संस्थाओं के समन्वित प्रयास का एक सराहनीय उदाहरण है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुँचाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित पाग एवं दुपट्टा तथा गमले सहित पौधा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

### सिलाई मशीन वितरण से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल रही। *विभा शंकर फाउंडेशन के माध्यम से चिह्नित लाभार्थियों को सिलाई मशीन प्रदान की गई,* ताकि वे सिलाई कार्य के जरिए अपनी आजीविका अर्जित कर सकें, परिवार की आय में योगदान दे सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को केवल सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उन्हें स्थायी आजीविका के अवसरों से जोड़कर आत्मविश्वास, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाना है। सिलाई मशीन जैसी उपयोगी परिसंपत्ति महिलाओं के कौशल विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम बन सकती है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में 21 बालिकाओं को नए कपड़े तथा 21 बालकों को टी-शर्ट* प्रदान किए गए। इस पहल के माध्यम से बच्चों के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक सहभागिता और जरूरतमंद परिवारों के सहयोग का संदेश दिया गया।

### साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा पर विशेष जागरूकता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रश्मि कुमारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, पुलिस हेल्पलाइन नंबरों तथा पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल माध्यमों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके संबोधन से महिलाओं एवं किशोरियों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होने, उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क करने का संदेश मिला।

### महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हरसंभव सहयोग को तैयार विभा शंकर फाउंडेशन

विभा शंकर फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. ऋचा झा ने अपने संबोधन में कहा कि फाउंडेशन महिलाओं के सशक्तीकरण और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए आवश्यक प्रयास करने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा गरीबी उन्मूलन के क्षेत्रों में कार्य कर रहा है और आगामी वर्षों में जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं एवं पहलों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने, बच्चों को शिक्षा एवं विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाने के लिए प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और समुदाय की सहभागिता आवश्यक है।

### समन्वित प्रयासों से सशक्त समाज की ओर

कार्यक्रम का मंच संचालन जिला मिशन समन्वयक श्री अंजनी कुमार झा ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तीकरण, बाल विवाह उन्मूलन, बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा और लैंगिक समानता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन, मधुबनी एवं विभा शंकर फाउंडेशन की यह संयुक्त पहल इस दिशा में एक सकारात्मक और सराहनीय कदम है,* जिसमें सरकारी तंत्र की पहुँच एवं समन्वय के साथ गैर-सरकारी संस्था की सामाजिक सहभागिता को जोड़ा गया। ऐसी पहलें जरूरतमंद महिलाओं को आजीविका के अवसरों से जोड़ने, बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और समाज में समानता एवं आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि महिलाओं और बालिकाओं का सशक्तीकरण केवल किसी एक विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रशासन, सामाजिक संगठनों और समाज के प्रत्येक वर्ग की साझा जिम्मेदारी है। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम, महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता तथा बालिकाओं के सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानजनक भविष्य के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रश्मि कुमारी, सहायक निदेशक, बाल सुरक्षा कोषांग श्री नितेश पाठक, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री रजनीश कुमार, जिला मिशन समन्वयक श्री अंजनी कुमार झा, विभा शंकर फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. ऋचा झा, श्री सूर्यकांत झा, जिला प्रबंधक श्री मयंक अभिषेक, लैंगिक विशेषज्ञ श्री शिवराम मेहरा सहित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन, मधुबनी एवं महिला एवं बाल विकास निगम के कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खजौली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया इस क्रम में स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया




निरीक्षण करते हैं रेल अधिकारी।

**खजौली (एनएसबी)।** समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने शनिवार को स्थानीय खजौली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस क्रम में स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं का उन्होने विस्तृत जायजा लिया। उन्होने स्टेशन परिसर एवं रेलवे सड़क के किनारे रौशनी की समुचित व्यवस्था करने का निदेश दिया। इस दौरान युवा लोजपा आर के प्रदेश सचिव विश्वजीत आनंद, सामाजिक कार्यकर्ता राम नरेश प्रसाद एवं अन्य के द्वारा रेलवे की जर्जर सड़क का निर्माण, जयनगर से रक्सौल डीएमयू ट्रेन का खजौली रेलवे स्टेशन पर ठहराव एवं खजौली स्टेशन पर एक अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण करवाने की मांग की। डीआरएम ने सभी मांगों पर सकारात्मक विभागीय कार्रवाई का आश्वासन दिया। इससे पूर्व खजौली स्टेशन पहुंचने पर विश्वजीत आनंद द्वारा डीआरएम का पाग एवं दोपटा से स्वागत किया गया।

### मधुबनी जिला में ग्राम कचहरी का रिकार्ड अव्वल

**मधुबनी (एनएसबी)।**मधुबनी जिला में कुल 21 प्रखंड अंतर्गत 386 ग्राम कचहरी संचालित है एवं ग्रामीण स्तर पर छोटे विवाद को स्थायी निदान में ग्राम कचहरी की भुमिका अहम है एवं वर्तमान में ई ग्राम कचहरी पोर्टल पर सभी वाद ओनलाइन दर्ज किया जाता है दीवानी मुकदमा और फौजदारी मुकदमे में कुल चालिस धाराओं पर सुनवाई का अधिकार ग्राम कचहरी को प्राप्त है ई-ग्राम कचहरी पोर्टल के रिपोर्ट के अनुसार मधुबनी जिले में सर्वाधिक पाँच हजार से भी ज्यादा वाद दर्ज है और लगभग 3100 वाद का स्थायी सुलह हो चुका है। मधेपुरा प्रखंड में सर्वाधिक 533, घोघरदिहा प्रखंड में 505, लौकहा में 335, बिस्फी में 328 वाद दर्ज है। ग्राम कचहरी सचिव संघ बिस्फी के प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ ने कहा कि महात्मा गाँधी जी का सपना ग्राम स्वराज न्याय पंचायत की परिकल्पना को साकार कर रही है एवं पंच परमेश्वर द्वारा दिया गया समाजिक न्याय पर आज भी ग्रामीणों का विश्वास कायम है।

### पंच परमेश्वर पर लोगों का आज भी विश्वास.

**बिस्फी (एनएसबी)।** जिला में कुल 21 प्रखंड अंतर्गत 386 ग्राम कचहरी संचालित है. ग्रामीण स्तर पर छोटे विवाद को स्थायी निदान में ग्राम कचहरी की भुमिका अहम है. वर्तमान में ई ग्राम कचहरी पोर्टल पर सभी वाद ओनलाइन दर्ज किया जाता है. दीवानी मुकदमा और फौजदारी मुकदमे में कुल चालिस धाराओं पर सुनवाई का अधिकार ग्राम कचहरी को प्राप्त है. ई-ग्राम कचहरी पोर्टल के रिपोर्ट के अनुसार जिले में सर्वाधिक पाँच हजार से भी ज्यादा वाद दर्ज है और लगभग 3100 वाद का स्थायी सुलह हो चुका है.। मधेपुरा प्रखंड में सर्वाधिक 533, घोघरडीहा प्रखंड में 505, लौकहा में 335, बिस्फी में 328 वाद दर्ज है. ग्राम कचहरी सचिव संघ बिस्फी के प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ ने बताया कि महात्मा गाँधी जी का सपना ग्राम स्वराज न्याय पंचायत की परिकल्पना को साकार कर रही है एवं पंच परमेश्वर द्वारा दिया गया समाजिक न्याय पर आज भी ग्रामीणों का विश्वास कायम है।

### पुलिस उप-महानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र दरभंगा ने झंझारपुर थाना का किया गया निरीक्षण



निरीक्षण करते आईजी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस उप-महानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की उपस्थिति में झंझारपुर थाना का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, सिरिस्ता, मालखाना एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया तथा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन एवं थानान्तर्गत दिवा व रात्रि गश्ती को चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिए गए।

### लोक परंपराओं से बच्चों को कराया गया अवगत.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी एव मध्य विद्यालय परसौनी के परिसर में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठिक का आयोजन किया गया. संगोष्ठी कि अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा ने की. बच्चों के समुचित एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य यह बैठक आयोजित किया गया था. इस अवसर पर बिहार की गौरवशाली संस्कृति परंपराओं एवं पर्वों के महत्व पर विशेष चर्चा की गई. वहीं संगोष्ठी के दौरान बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन, व्यवहार तथा व्यक्तित्व विकास के संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई. संगोष्ठी में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा ने बिहार की संस्कृति विरासत एवं गौरवशाली लोक परंपराओं से अवगत कराया. छठ पूजा, दीपावली, दुर्गा पूजा, सामा चकेवा जैसे प्रमुख पर्वों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. विद्यार्थियों को इन पर्वों से जुड़ी आस्था, लोक संस्कृति पारिवारिक एकता, सामाजिक सद्भाव, प्रेम और भाईचारे के संदेश से अवगत कराया।

# मधवापुर में संदिग्ध अवस्था में मिला राजमिस्त्री का शव, इलाके में सनसनी

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** मधवापुर थाना क्षेत्र के रामपुर मुखिया बाबा चौक के पास शुक्रवार की अहले सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव चौक पर पान की गुमटी के बगल में मिला। मृतक की पहचान मधवापुर थाना क्षेत्र के विरित गांव निवासी 50 वर्षीय मो. यूनुस के रूप में हुई है। वह मो. फजल के पुत्र थे और राजमिस्त्री का काम करते थे। घटना की सूचना मिलते ही मधवापुर के थानाध्यक्ष सन्नी कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जबकि नाक से खून निकल रहा था। घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान की गुमटी के पास से मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**■ सिर पर चोट के निशान, नाक से निकल रहा था खून; हत्या की आशंका पर पुलिस कर रही जांच**

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक के भाई मो. आलम ने आशंका जताई कि उनके भाई की हत्या कर शव को वहां फेंक दिया गया। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बताया जाता है कि मो. यूनुस शादीशुदा थे और उनका परिवार दिल्ली में रहता है। वह फिलहाल पुरी में राजमिस्त्री का काम कर रहे थे और दो दिन पहले ही गांव आए थे।

### एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच के लिए जरूरी नमूने व साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुटी रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अमित कुमार ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और एसएचओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# सड़क चौड़ीकरण में उलझा नाला निर्माण बाजार में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी मुख्यालय में सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण का मामला अतिक्रमण की समस्या के कारण उलझा हुआ है। बाजार की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर उसका चौड़ीकरण करना और इसके बाद प्रस्तावित नाले का निर्माण कराना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। नाला निर्माण नहीं होने से बाजार में जलजमाव की समस्या बनी हुई है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, बाजार की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद ही उसकी निर्धारित चौड़ाई तय हो सकेगी। इसके बाद नाला निर्माण का कार्य शुरू करना संभव होगा। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में कई रैयतदारों के बहुमंजिला मकान प्रभावित होने की संभावना भी जताई जा रही है। इस संबंध में मामला न्यायालय में चल रहा है। ऐसे में अतिक्रमण हटाने और सड़क की चौड़ाई निर्धारित करने में विलंब होने से नाला निर्माण का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। बेनीपट्टी के संसार पोखरा उगना चौक से भारतमाला परियोजना के तहत बन रही फोरलेन सड़क होते हुए सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम स्थित मां जानकी मंदिर तक सड़क निर्माण की योजना है। इस परियोजना पर 434 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से एसएच-52 सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। बाजार की सड़क चौड़ीकरण के बाद ही इस मार्ग से आवागमन सुचारु होने की उम्मीद है। सड़क के दोनों किनारों पर नाला निर्माण के लिए 29.15 करोड़ रुपये का डीपीआर तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। सड़क की चौड़ाई 20 मीटर निर्धारित की जानी है। जब तक सड़क की निर्धारित चौड़ाई तय नहीं हो जाती, तब तक नाला निर्माण शुरू होना मुश्किल है। यही कारण है कि बाजार में जलनिकासी की समस्या का समाधान फिलहाल अटका हुआ है।

# दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के बाद, एनडीए में मायूसी, भाजपा विधायकों

**मधुबनी (एनएसबी)।** दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 23 अक्टूबर को शांतिपूर्ण मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गया! मतदान संपन्न होने के बाद एनडीए के खेमों में मायूसी का बदला छाने लगा है! जिसका मुख्य कारण भाजपा के आला कमान का फैसला जो क्षेत्र के विधायक ही करेंगे मैनेजमेंट का काम! भाजपा का यह फैसला मतदाताओं को रास नहीं आया! ज्ञात होगी दरभंगा स्नातक क्षेत्र में जो मतदाता है वह शिक्षित हैं बुद्धिजीवी है बदलते बिहार के सभी मापदंडों से परिचित हैं और उनसे प्रत्याशी या प्रत्याशी के व्यवस्था मतदाताओं की अपेक्षा करें तो निश्चित तौर पर रिजल्ट परिवर्तन हो सकता है!

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए के भाजपा पर समर्थित प्रत्याशी सर्वेश कुमार उम्मीदवार थे! पिछले बार सर्वेश कुमार निर्दलीय उम्मीदवार थे और उन्होंने अधिकांश मतदाताओं से मिलकर अपनी पहचान बनाए और वरीयता के आधार पर प्रथम मत देने का आग्रह किया मतदाताओं से! मतदाताओं ने उन्हें भारी मतों से विजय बनाया था! लेकिन इस बार सर्वेश कुमार एनडीए के समर्थित भाजपा प्रत्याशी बनाए गए थे! भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को एकजुट करने और मतदान करने का जिम्मेदारी दी थी' लेकिन अधिकांश विधायक इस जिम्मेदारी को उदासीन की तरह अपने आप को ताकतवर समझा और मतदाताओं के बीच नहीं पहुंच पाए! विधायकों ने अपने चाहने वाले व्यक्ति को जो मतदाता नहीं थे' उसे सम्मान देकर क्षेत्र में और मतदान केंद्र पर भागीदारी निभाने की व्यवस्था की जो नाकाम साबित हुआ! यही कारण है की दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए के खेमे में मायूसी का बदला छाया हुआ है! दूसरा कारण यूजीसी को लेकर एक वर्ग के बड़ा समूह पार्टी और व्यवस्था से ऊपर उठकर एक प्रत्याशी को अपना मतदान किया है जिसके कारण दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में रिजल्ट परिवर्तन भी हो सकता है या तो आने वाला समय 27 तारीख के शाम तक पता चल सकेगा लेकिन बुद्धिजीवियों और मतदाताओं की बीच जो चर्चा हो रही है उसमें यह स्पष्ट अनुभव किया जा रहा है! तीसरी बात यह भी है की प्रशांत किशोर के प्रत्याशी ने दम खम के साथ चुनाव लड़ा है प्रशांत किशोर के समर्थित प्रत्याशी एक समुदाय से थे जिसके कारण एक समुदाय के 70 प्रतिशत मत उन्हें प्राप्त हुआ है और उन्हें उन वर्गों का भी मत मिला है जिससे के कारण राजनीतिक गणित उलट-पुलट दिया है! कांग्रेस की समर्थित प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे! दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 40 प्रत्याशी मैदान में थे! जिसमें दरभंगा जिले से 15, समस्तीपुर जिले से 11, मधुबनी जिले से 10, बेगूसराय जिले से तीन एवं मुजफ्फरपुर जिले से एक प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे! चुनाव संपन्न होने के बाद यह बात भी सामने आया कि मतदाताओं में उत्साह नहीं था, जिसका जो कारण हो लेकिन मतदान का जो प्रतिशत है वह 50पतिशत से भी काम है जबकि मतदाता की संख्या एक लाख 26 हजार से अधिक था! 27 अक्टूबर को मतगणना होना है! जीत हार की चर्चा स्कूल कॉलेज एवं राजनीतिक क्षेत्र में काफी तेजी से चल रही है! जिसमें यह बात स्पष्ट चर्चा किया जा रहा है की एनडीए अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रख पाएगी या इस बार नए लोग के गले में जीत का माला जाएगा यह तो समय बताएगा!

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के भर्ती होने की सूचना डायल-112 पर देने का निर्देश



बैठक करते अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी- सह- अध्यक्ष, सड़क सुरक्षा समिति के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय, मधुबनी में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के त्वरित उपचार, प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, सिविल सर्जन, मधुबनी, आयुष्मान योजना के नोडल पदाधिकारी सहित इम्पैनल्ड आयुष्मान अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के तुरंत बाद आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, उपचार के दौरान आर्थिक बाधाओं को दूर करना तथा प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रावधानों के संबंध में संबंधित अस्पतालों एवं पदाधिकारियों को जागरूक करना था। बैठक में विशेष रूप से दुर्घटना के बाद के शुरूआती एक घंटे अर्थात गोल्डेन आवर के महत्व पर जोर दिया गया। बताया गया कि इस अवधि में समय पर उपचार मिलने से गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यशाला में प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को दुर्घटना की तिथि से प्रथम सात दिनों तक अधिकतम 1,50,000 रुपये (एक लाख पचास हजार रुपये) तक के कैशलेस उपचार की सुविधा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना तथा उपचार के लिए धन की व्यवस्था में होने वाली देरी से बचाना है। संबंधित अस्पतालों को निर्देश दिया गया कि योजना के प्रावधानों के अनुरूप पात्र दुर्घटना पीड़ितों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यशाला के दौरान इम्पैनल्ड अस्पतालों एवं सभी संबंधित डेजिग्नेटेड अस्पतालों में प्रधानमंत्री राहत योजना से संबंधित होर्डिंग एवं बैनर लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि आम नागरिकों, दुर्घटना पीड़ितों एवं उनके परिजनों को योजना की जानकारी आसानी से मिल सके। इसके साथ ही अस्पतालों में सड़क दुर्घटना के घायलों के भर्ती होने की सूचना डायल-112 पर देने का निर्देश दिया गया, जिससे संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी एवं निजी एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस सेवा त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि घायल व्यक्तियों को बिना अनावश्यक विलंब के निकटतम उपयुक्त अस्पताल पहुंचाया जा सके। कार्यशाला में उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं अस्पताल प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा इसके क्रियान्वयन में आवश्यक तत्परता बरतने की अपेक्षा की गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक करने एवं दुर्घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में संबंधित विभागों और अस्पतालों की भूमिका को रेखांकित किया गया। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के जीवन की रक्षा करना तथा उन्हें सरकारी योजना के तहत उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है।

**एल एस कॉलेज मे आयोजित अबोध देवी स्मृति व्याख्यामाला को राज्य सभा के उप सभापति ने मुख्य वक्ता के रूप में किया संबोधित**

# पेपर लीक करने वाले से ज्यादा दोषी खरीदने वाले : हरिवंश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक हासिल करना, बेहतर नौकरी पाना और आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना नहीं है, बल्कि ईमानदार, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। नैतिकता के बिना प्रतिभा और संपन्नता समाज व राष्ट्र की स्थायी प्रगति का आधार नहीं बन सकती।

उन्होंने नीट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रश्नपत्र बेचने वालों के साथ उसे खरीदने वाले भी इस अनैतिक व्यवस्था को बढ़ावा देते हैं। यदि कोई प्रश्नपत्र खरीदेगा ही नहीं, तो पेपर लीक जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। श्री हरिवंश शनिवार को एलएस कॉलेज के सभागार में जैविक खेती अभियान की ओर से आयोजित अबोध देवी स्मृति व्याख्यानमाला को संबोधित कर रहे थे। आधुनिक शिक्षा में नैतिक सशक्तिकरण की आवश्यकता विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का काम व्यवस्था बनाना है, लेकिन बच्चों में नैतिकता विकसित करने की जिम्मेदारी परिवार, समाज और स्कूल की भी है। अभिभावकों को बच्चों को गलत तरीके से सफलता हासिल करने के बजाय मेहनत और ईमानदारी का महत्व समझाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले अभाव के बावजूद लोगों में दूसरों के प्रति संवेदनशीलता अधिक थी। सरकारी राहत मिलने पर संपन्न व्यक्ति भी अपने से अधिक जरूरतमंद की सहायता करने की बात करता था।

आज सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन कई मामलों में सामाजिक संवेदना और नैतिकता कमजोर हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आर्थिक विकास के साथ हमारा चरित्र भी मजबूत हुआ है। श्री हरिवंश ने एनरॉन और लेहमैन ब्रदर्स जैसी बड़ी कंपनियों का उदाहरण देते हुए



व्याख्यामाला को संबोधित करते राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश।

कहा कि इनमें दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पढ़े लोग काम करते थे, इसके बावजूद ये कंपनियां संकट में पड़ गईं। उनके अनुसार नैतिकता का अभाव इसके प्रमुख कारणों में से एक था। उन्होंने कहा कि बड़े संस्थानों के संचालन में केवल प्रतिभा और तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों का होना भी जरूरी है।

महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि साधन और साध्य, दोनों की पवित्रता आवश्यक है। गलत रास्ते से सही लक्ष्य हासिल करने की सोच अंततः समाज को नुकसान पहुंचाती है। चाणक्य के जीवन से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने सार्वजनिक और निजी कार्यों के लिए अलग-अलग दीपक इस्तेमाल करने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों का निजी उपयोग करना नैतिक पतन का संकेत है। राष्ट्रीय चरित्र की पहचान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समाजहित में काम करने से होती है। श्री हरिवंश ने कहा कि बच्चे अपने अभिभावकों के व्यवहार से सीखते हैं। यदि घर में भ्रष्टाचार को स्वीकार किया जाता है और गलत तरीके से कमाए गए धन पर गर्व किया जाता है, तो नैतिक शिक्षा का प्रभाव कमजोर पड़ जाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह, अभद्र भाषा और नकारात्मक सामग्री के प्रसार पर भी चिंता जताई।

**कहा-नैतिक शिक्षा से ही बनेगा मजबूत राष्ट्र**

नागरिकों से डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करने और शिक्षकों को समाज में उचित सम्मान देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि नैतिकता कोई सरकारी आदेश या केवल किताबी उपदेश नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली बनाने के साथ विश्वसनीय और संवेदनशील इंसान भी बनाए। गांधी, बुद्ध और महावीर के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में ईमानदारी, सहिष्णुता और नैतिक जिम्मेदारी को मजबूत करने की जरूरत है। अब्राहम लिंकन के अपने बेटे के शिक्षक को लिखे पत्र का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि चोरी करके सफल होने से बेहतर है ईमानदारी के साथ असफल होना। कार्यक्रम की शुरूआत राजयसभा के उप सभापति श्री हरिवंश, विधायक बेबी कुमारी, एलएस कॉलेज की प्राचार्या डॉ कनु प्रिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना कुमारी और डॉ कौशल किशोर चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।

विधायक बेबी कुमारी ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो छात्रों को कौशल के साथ ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराए। डॉ. अर्चना कुमारी ने इस तरह के आयोजन को वर्तमान समय के लिए सार्थक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. कनु प्रिया ने कहा कि आज युवा विज्ञान और तकनीक से जुड़ रहे हैं, लेकिन केवल डिग्री मनुष्यता का पैमाना नहीं है। चरित्र निर्माण और नैतिकता से ही समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कौशल किशोर चौधरी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आदर्श कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष क्रांति प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखाओं को ब्लड सेंटरों का निरीक्षण करने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय मुख्यालय ने राज्य शाखाओं और जिला सचिवों को ब्लड सेंटरों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर वहां की जमीनी स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के महानिदेशक की ओर से जारी पत्र के निदेर्शों के आलोक में यह कदम उठाया गया है। इसका उद्देश्य ब्लड सेंटरों के संचालन में आ रही समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राष्ट्रीय मुख्यालय के संयुक्त सचिव डॉ वंश्री सिंह ने मुजफ्फरपुर रेडक्रॉस सोसायटी को भेजे गए अपने पत्र में कहा है कि राज्य शाखाएं जिला सचिवों के माध्यम से संबंधित ब्लड सेंटरों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सेंटरों की वास्तविक स्थिति, कामकाज में आ रही परेशानियों और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों का आकलन किया जाएगा।पत्र में जिला सचिवों को संबंधित जिले के जिलाधिकारी एवं अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने की सलाह भी दी गई है। जिनके माध्यम से कार्यान्वयन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्य शाखाओं को संबंधित जिला शाखाओं के साथ समन्वय स्थापित कर निदेर्शों का प्रभावी ढंग से पालन कराने और की गई प्रगति की जानकारी राष्ट्रीय मुख्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इस पहल का उद्देश्य ब्लड सेंटरों के संचालन को बेहतर बनाना और उनकी व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान करना है।




मुजफ्फरपुर रेडक्रॉस सोसायटी भवन की तस्वीर।

**जमीनी समस्याओं की पहचान कर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर**

### एस.के.जे. लॉ कॉलेज में डॉ श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर संगोष्ठी, पुस्तक का हुआ विमोचन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** स्थानीय श्रीकृष्ण जुबली लॉ कॉलेज में शनिवार को बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक सचिव-सह-प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय ललितेश्वर प्रसाद शाही के जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित पुस्तक ह्यदीप जो बुझा नहीं : ललितेश्वर प्रसाद शाहीह्ण का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं और विद्यार्थियों ने भाग लेकर डॉ. श्रीकृष्ण सिंह एवं स्वर्गीय ललितेश्वर प्रसाद शाही के योगदान को याद किया।




कार्यक्रम मे पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथिगण।

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और बिहार के विकास के इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद बिहार में औद्योगिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की। वही नगर विधायक रंजन कुमार ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के व्यक्तित्व, संघर्ष और दूरदर्शिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सामाजिक बदलाव, शिक्षा के प्रसार और बिहार के विकास में उनके योगदान को रेखांकित किया। वहीं, महाविद्यालय के निदेशक डॉ जयंत कुमार ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनके नेतृत्व में बिहार में प्रशासनिक सुधार, औद्योगिक विकास और सामाजिक उत्थान को नई दिशा मिली। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के अध्यक्ष एस.के. मिश्रा ने स्वर्गीय ललितेश्वर प्रसाद शाही के शैक्षणिक, सामाजिक और संस्थागत योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि किसी शिक्षण संस्थान के संस्थापक का जीवन, संघर्ष और दूरदृष्टि उसकी पहचान तथा विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। उनके विचारों और कार्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसी पुस्तकें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कॉलेज की सचिव डॉ. उज्ज्वला मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. के.के.एन. तिवारी, डॉ. एस.पी. चौधरी, डॉ. आशुतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक, शिक्षाकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के आदर्शों को अपनाने तथा शिक्षा, सामाजिक न्याय और बिहार के विकास के लिए कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# सीवान ब्लास्ट के बाद मुजफ्फरपुर में पटाखा मंडी पर बड़ी कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सीवान में पटाखा बनाने के दौरान हुए भीषण विस्फोट में पांच लोगों की मौत के बाद मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। दीपावली के मद्देनजर पटाखों के भंडारण और बिक्री में सुरक्षा मानकों की अनदेखी रोकने के लिए शनिवार को गरीबनाथ मंदिर के पास स्थित पटाखा मंडी में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान चार से पांच दुकानों को सील किया गया और बड़ी मात्रा में पटाखे जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के साथ अग्निशमन विभाग की टीम भी मौजूद रही।

एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव एवं एसडीपीओ टाउन वन सुरेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में दुकानों की जांच की गई। अधिकारियों ने पटाखा कारोबारियों द्वारा सुरक्षा मानकों और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किए जाने की पड़ताल की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने और कथित तौर पर अवैध तरीके से दुकान संचालित करने के मामलों में कार्रवाई करते हुए एसडीओ पूर्वी ने अवैध रूप से संचालित की जा रही पटाखा दुकानों से भारी मात्रा में पटाखा जब्त करते हुए 5 दुकानों को सील कर दिया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रज्ञा शरण ने बताया कि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की सूचना मिलने के बाद जांच की गई। एसओपी का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कारोबारियों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके। ज्ञात हो कि सीवान में पटाखा बनाने के दौरान हुए विस्फोट में पांच लोगों की जान चली गई थी। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दो मंजिला पक्का मकान भी ढह गया था। इस घटना के बाद मुजफ्फरपुर प्रशासन पटाखों के भंडारण और बिक्री को लेकर सतर्क हो गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले कारोबारियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



एसडीओ पूर्वी के नेतृत्व में नगर के छाता बाजार स्थित पटाखा मंडी में छापामारी करती टीम।



पटाखा मंडी में छापामारी करने पहुंची पुलिस टीम।

# मुजफ्फरपुर में फाइनेंस के नाम पर दबंगई, 9 रिकवरी एजेंट गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में वाहनों की किस्त बकाया होने के नाम पर चालकों को डराने-धमकाने और जबरन वाहन कब्जे में लेने के आरोप में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सदर और अहियापुर थाना क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में कुल नौ रिकवरी एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि एजेंट किस्त बकाया का हवाला देकर चालकों से जबरन गाड़ियां छीन रहे थे और उन्हें यार्ड में ले जाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अब इन मामलों में संबंधित फाइनेंस यार्ड की भूमिका की भी जांच कर रही है।



फाइनेंसरों के गिरफ्तार गुर्गे के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

**खबड़ा में युवक की बाइक छीनी, वहीं अहियापुर में पांच मालवाहक ट्रकों को रोका**

**यार्ड में खड़ी गाड़ियों के कागजात खंगाल रही पुलिस**

पहली घटना सदर थाना क्षेत्र के खबड़ा स्थित शिव मंदिर के पास शुक्रवार दोपहर की है। कुढ़नी थाना क्षेत्र के केरमा डीह निवासी दीपांशु कुमार अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से शहर आ रहे थे। इसी दौरान आरोप है कि दो युवकों ने उनका पीछा कर उन्हें रोका और दो महीने की किस्त बकाया होने की बात कहकर बाइक जबरन छीन ली। इसके बाद वे बाइक को खबड़ा मंदिर के पीछे ले गए। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि खबड़ा स्थित एक फाइनेंस यार्ड का संचालक कथित तौर पर रिकवरी एजेंटों को संरक्षण दे रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संबंधित यार्ड में छापेमारी की। वहां खड़ी दर्जनों गाड़ियों के कागजातों की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वाहनों को कब्जे में लेने की प्रक्रिया नियमानुसार की जा रही थी या इसके नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। दूसरी घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के पुरानी दरभंगा रोड स्थित बखरी चौक पर शुक्रवार रात हुई। यहां रिकवरी एजेंटों ने किस्त बकाया होने का हवाला देकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के सामान लदे पांच ट्रकों को कथित तौर पर जबरन रोक लिया। आरोप है कि एजेंटों ने चालकों के साथ अभद्रता की और उनसे मनमाने रुपये की मांग करते हुए ट्रकों को अपने यार्ड की ओर ले जाने की कोशिश की। ट्रक चालकों की सूचना पर पहुंची अहियापुर थाना पुलिस ने पांचों ट्रकों को मुक्त कराया और मौके से चार रिकवरी एजेंटों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों घटनाओं में हुई कार्रवाई के बाद पुलिस फाइनेंस कंपनियों के नाम पर वाहन जब्ती और वसूली की प्रक्रिया की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में यदि नियमों के उल्लंघन या अवैध वसूली की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मुजफ्फरपुर में वाहन से 9.5 लाख उड़ाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का मिला सुराग

### तमिलनाडु और बेंगलुरु में छापेमारी की तैयारी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र में वाहन चालकों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने सुराग मिलने का दावा किया है। भगवानपुर में पूर्व सैनिक की स्कूटी की डिक्की से दो लाख रुपये और मझौलिया में शिक्षक की कार से साढ़े सात लाख रुपये चोरी करने के मामलों की जांच में तमिलनाडु के त्रिची (तिरुचिरापल्ली) के एक गिरोह की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और नेशनल क्राइम एंड कोऑर्डिनेशन पोर्टल की मदद से संदिग्धों की पहचान की दिशा में अहम जानकारी जुटाई है। अब मामले के अनुसंधानकर्ता विशेष अनुमति लेकर तमिलनाडु के त्रिची और बेंगलुरु में छापेमारी करने की तैयारी कर रहे हैं।



गिरोह की प्रतिकात्मक फोटो।

भगवानपुर चौक स्थित एसबीआई बैंक के समीप बीते एक अगस्त को पहली घटना हुई थी। पूर्व सैनिक उमेश कुमार सिंह बैंक से दो लाख रुपये निकालकर स्कूटी की डिक्की में रखे थे। इसके बाद चेक पर हस्ताक्षर कराने के लिए वे दोबारा बैंक के अंदर चले गए। इसी दौरान बदमाशों ने स्कूटी की डिक्की से रुपये गायब कर दिए। घटना के बाद से पीड़ित पूर्व सैनिक न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। दूसरी घटना 13 अक्टूबर को मझौलिया इलाके में हुई। शिक्षक दिव्यांशु कुमार बैंक से साढ़े सात लाख रुपये निकालकर अपनी कार में रखे थे। इसके बाद वे कुछ जरूरी काम से थोड़ी देर के लिए कार से उतरे। इसी दौरान बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर बैग में रखे रुपये उड़ा लिए। दोनों घटनाओं में कुल साढ़े नौ लाख रुपये की चोरी हुई थी। पुलिस ने दोनों घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान सामने आए संदिग्धों की तस्वीरों को नेशनल क्राइम एंड कोऑर्डिनेशन पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी से मिलाया गया। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस को आशंका है कि वारदात को अंजाम देने के बाद गिरोह के सदस्य दक्षिण भारत भाग गए हैं। पुलिस के अनुसार पांच अक्टूबर 2024 को भी भामा साह द्वार के पास पूर्व सैनिक नंदलाल राय की स्कूटी से ढाई लाख रुपये चोरी किए गए थे। उस घटना में भी इसी गिरोह की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पुराने और हालिया मामलों के बीच संबंधों की जांच कर रही है।

# मुजफ्फरपुर में 56 लाभुकों को मिली 8.82 लाख की सब्सिडी

**बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति : महिलाओं की भागीदारी बराबर**



इन इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने को सरकार दे रही सब्सिडी।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। योजना के तहत मुजफ्फरपुर में अब तक 88 लोगों ने आवेदन किया है। इनमें से 58 आवेदनों को स्वीकृति मिली है, जबकि 56 वाहन मालिकों को कुल 8.82 लाख रुपये की सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है।

खास बात यह है कि सब्सिडी पाने वालों में 28 महिलाएं और 28 पुरुष शामिल हैं। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में महिलाओं की भागीदारी भी सामने आई है। जिला परिवहन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति का उद्देश्य प्रदूषण कम करने के साथ हरित परिवहन को बढ़ावा देना है। इसके तहत पात्र लाभुकों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सब्सिडी की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा ने बताया कि चयनित लाभुकों को निर्धारित नियमों के अनुसार सब्सिडी का भुगतान किया जा रहा है।

योजना के तहत जिले की तीन महिलाओं ने अपने नाम पर इलेक्ट्रिक कार खरीदी है। इन तीनों को एक-एक लाख रुपये की सब्सिडी मिली है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने वाली महिला लाभुकों को भी निर्धारित नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता दी गई है। सब्सिडी पाने वाले लाभुकों में महिलाओं और पुरुषों की संख्या बराबर होना योजना की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। जिला परिवहन कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार दस्तावेजों में त्रुटियों के कारण 10 आवेदन रद्द भी किए गए हैं, जबकि 20 आवेदन अभी जांच के स्तर पर लंबित हैं। योजना के तहत सब्सिडी वितरण के लिए जिले को 9.70 लाख रुपये का आवंटन मिला है। डीटीओ ने बताया कि इच्छुक वाहन मालिक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित शर्तों का पालन करना जरूरी है, ताकि त्रुटियों के कारण आवेदन अस्वीकृत न हो।

उन्होंने बताया कि बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत पात्र इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण पर मोटर वाहन कर यानी रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिए वाहन की खरीद 15 मई 2026 या उसके बाद की होनी चाहिए। साथ ही वाहन पूरी तरह बैटरी से संचालित यानी 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होना चाहिए। निर्धारित पात्रता और नियमों के अनुसार ही लाभ दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीद पर सब्सिडी और रोड टैक्स में छूट से लोगों को आर्थिक राहत मिलने के साथ पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की उम्मीद है। योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता, दस्तावेज और आवेदन से संबंधित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम से मिले अल्पसंख्यक एकता मंच के जिलाध्यक्ष मो. मुतुर्जा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अल्पसंख्यक एकता मंच के जिलाध्यक्ष मो. मुतुर्जा ने शनिवार को जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बुके भेंट किया।



जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात करते मंच के जिलाध्यक्ष।

उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, दुर्गा पूजा के सफल आयोजन और शांतिपूर्ण माहौल में एमएलसी चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस दौरान उन्होंने मेहसौल ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा होने से शहरवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

### बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए 3 नवंबर तक करें आवेदन : सहायक निदेशक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।



सहायक निदेशक डॉ. सुनीता सोन।

नामांकन के इच्छुक अभिभावक निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 3 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सुनीता सोनू ने बताया कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए नामांकन प्रक्रिया में रुचि लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं में नामांकन के लिए अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों को आवेदन करने से पहले आयु सीमा सहित नामांकन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। डॉ. सुनीता सोनू ने कहा कि निःशुल्क आवासीय शिक्षा की यह व्यवस्था विद्यार्थियों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों के अभिभावकों से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर ऑनलाइन आवेदन करें।

### 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में दिनांक 24 अक्टूबर 2026 तदनुसार अक्टूबर माह के चौथे शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12:00 बजे दिन में मंदिर सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों द्वारा परम मंगलमयी माता श्री की विशेष पूजा अर्चना कर मां भक्तों के शुभ के लिए प्रार्थना की गई तथा उन्हें खिचड़ी भोग लगाया गया, जिसे लगभग 400 जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। माताश्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा आशुतोष कुमार, मंदिर सदस्य एवं प्रोपराइटर कूल एंड कैफे, गोयनका कॉलेज कैपस सीतामढ़ी द्वारा की गई।



जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित करते श्रद्धालु।

### तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.38%, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 91.09% मतदान,

**निर्वाचन आयोग को भेजी गई शाम पांच बजे दर्ज की जारी रिपोर्ट की दी गयी जानकारी**

**सीतामढ़ी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान, हिंसा, बूथ कैप्चरिंग व गंभीर शिकायत की सूचना नहीं**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार, 23 अक्टूबर को सीतामढ़ी जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान समाप्ति के बाद शाम पांच बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.38 प्रतिशत, जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 91.09 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

जिला नियंत्रण कक्ष की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार, दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दौरान किसी प्रकार की हिंसा, विधि-व्यवस्था की समस्या, बूथ कैप्चरिंग या गंभीर शिकायत की सूचना नहीं मिली। मतदान में बाधा उत्पन्न होने, मतपेटी से छेड़छाड़ अथवा अवैध रूप से मत दर्ज किए जाने की भी कोई घटना सामने नहीं आई। रिपोर्ट में मौसम की स्थिति सामान्य बताई गई है। साथ ही, चुनाव को प्रभावित करने वाली किसी गंभीर त्रुटि या अनियमितता की सूचना भी नहीं दी गई। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में पुनर्मतदान कराने की अनुशंसा नहीं की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी रिपोर्ट में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की पुष्टि की गई है। रिपोर्ट सीतामढ़ी से निर्वाचन आयोग एवं संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक सूचना और कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

### विश्व पोलियो दिवस पर मुजफ्फरपुर में रोटरी की 5 कल्बों ने निकाली नगर में जागरूकता रैली, गूंजा 'इंड पोलियो नाउ का संकल्प

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर रोटरी के वैश्विक अभियान इंड पोलियो नाउ के तहत शनिवार को मुजफ्फरपुर में रोटरी के पाँच क्लबों ने संयुक्त रूप से नगर में जागरूकता रैली निकाली। रैली रोटरी चौराहा से प्रारंभ होकर भारत माता नमन स्थल तक पहुँची, जहां सभी रोटेरियंस ने पोलियो उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और आम लोगों को बच्चों के नियमित टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। रैली में रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर, रोटरी क्लब ऑफ आम्रपाली, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर अंजुमन, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर युगल तथा रोटरी क्लब ऑफ लिच्छवी मुजफ्फरपुर के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के बैनरों पर अंकित इंड पोलियो नाउ का संदेश इस अभियान का प्रमुख आकर्षण रहा। इसके माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि पोलियो मुक्त विश्व का लक्ष्य प्राप्त करने और उसे बनाए रखने के लिए निरंतर जागरूकता, नियमित टीकाकरण और सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। वर्ष 1985 में शुरू किए गए रोटरी के पोलियोप्लस कार्यक्रम ने दुनिया को पोलियो मुक्त बनाने के लक्ष्य को नई दिशा दी। भारत में 13 जनवरी 2011 को पोलियो का अंतिम मामला सामने आया था। इसके बाद 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सहित दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र को पोलियो मुक्त प्रमाणित किया। यह उपलब्धि सरकार, स्वास्थ्यकर्मियों, स्वयंसेवकों, रोटरी और आम जनता के वर्षों के अथक प्रयासों, नियमित टीकाकरण तथा जनभागीदारी का परिणाम है। रैली में नवीन कुमार, राजबर्धन, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की अध्यक्ष रूपा सिन्हा एवं सचिव निशर्ग शंकर, रोटरी अंजुमन की अध्यक्ष शबनम कुमारी, सचिव विनीता कुमारी, रोटरी आम्रपाली की अध्यक्ष वंदना कुमारी, सचिव सुधांशु, रोटरी युगल की अध्यक्ष मेनका गुप्ता, रोटरी लिच्छवी के प्रेसिडेंट आलोक कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

# जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुनौरा धाम स्थित नारायण मैरेज हॉल एंड रिसोर्ट्स के सभागार में शनिवार को जनता दल (यूनाइटेड) के व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के सीतामढ़ी-शिवहर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों जिलों के विभिन्न प्रखंडों से आए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, कार्यकताओं के बीच समन्वय बढ़ाना तथा प्रकोष्ठ का विस्तार करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष जय नारायण महतो ने की। उन्होंने मिथिला की परंपरा के अनुरूप मिथिला पाग एवं माला पहनाकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिवहर जिलाध्यक्ष अभिनव दीप ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विशाल कुमार ने कार्यकताओं को संगठन विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न प्रखंडों से आए प्रखंड अध्यक्षों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जदयू नेता धर्मेन्द्र कुमार साह ने संगठन के नए विस्तार की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया।



कार्यक्रम में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता।

वहीं, जदयू नेत्री किरण गुप्ता ने अपने संबोधन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों और विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में जदयू जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह कुशवाहा ने समापन की घोषणा की। मौके पर जदयू नेता सुजीत कुमार सिंह, राम छबीला साह, धीरेन्द्र पटेल, सत्येंद्र सिंह, देवरतन कुमार उर्फ हरिओम, नन्दलाल राय, रामबली साह, राजू कुमार, विनोद ठाकुर सहित सीतामढ़ी एवं शिवहर के सभी प्रखंड अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया मुक्त सीतामढ़ी की ओर बड़ा कदम : जिलेभर में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह अभियान शुरू




अभियान का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव व स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में फाइलेरिया की एंडेमिसिटी की स्थिति का आकलन एवं संक्रमण की पहचान के उद्देश्य से 23 अक्टूबर 2026 से रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। अभियान जिले के सभी 17 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत प्रत्येक प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र से तीन-तीन गांव/क्षेत्र का चयन किया गया है तथा प्रत्येक चयनित गांव/क्षेत्र से 300-300 लोगों के रक्त नमूने जांच हेतु संग्रहित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**सभी 17 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में उत्सव के माहौल में शुभारंभ, रात 10 बजे के बाद लिए जा रहे रक्त नमूने**

फाइलेरिया की जांच के लिए रक्त संग्रह रात्रि 10 बजे के बाद किया जा रहा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान से पूर्व एवं अभियान के दौरान लगातार सामुदायिक जागरूकता और मोबिलाइजेशन की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। लोगों को निर्धारित समय पर जांच स्थल तक लाने तथा फाइलेरिया जांच के महत्व के प्रति जागरूक करने में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम को केवल जांच गतिविधि तक सीमित न रखते हुए जनभागीदारी आधारित अभियान का स्वरूप दिया गया है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह की शुरूआत उत्सव जैसे माहौल में की गई, जिससे समुदाय में कार्यक्रम के प्रति सकारात्मक वातावरण बने और अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से जांच के लिए आगे आएं। जिले में अभियान के शुभारंभ एवं सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों में सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव, क्षेत्रीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य), तिरहुत प्रमंडल, डीपीएम विजय चंद्र झा, डुमरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीसीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। पीरामल फाउंडेशन से प्रभाकर कुमार एवं रोहित कुमार ने भी स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करते हुए समुदाय को जागरूक करने एवं अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने में सहयोग किया। विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों को रक्त जांच के लिए प्रेरित किया। सिविल सर्जन डॉ. यादव ने कहा, फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामुदायिक सहभागिता से जुड़ा जन-अभियान है। रात्रि रक्त पट्ट संग्रह के माध्यम से संक्रमण की स्थिति की पहचान कर आगे की रणनीति को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। चयनित क्षेत्रों के लोगों से अपील है कि वे निर्धारित समय पर जांच कराएं और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण रक्त पट्ट संग्रह सुनिश्चित करने तथा समुदाय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया। अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर एवं समुदाय स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। देर रात होने वाली जांच के बावजूद अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर सामुदायिक नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जा रहा है। पीरामल फाउंडेशन द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करते हुए सामुदायिक जागरूकता, मोबिलाइजेशन एवं कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि चयनित गांवों एवं क्षेत्रों में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह के दौरान स्वास्थ्य टीमों को पूरा सहयोग दें। समुदाय की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य विभाग के सामूहिक प्रयास से ह्लफाइलेरिया मुक्त सीतामढ़ीह्व के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नागरिक समस्याओं के समाधान को चलेगा अभियान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** स्वाभिमान रक्षक के तत्वावधान में शहर की नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को हुई संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पहले चरण में शहर में यातायात व अतिक्रमण के खिलाफ डीएम और एसएसपी को ज्ञापन देकर समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया जाएगा। समस्या दूर नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद स्वच्छता अभियान चलाने की योजना बनायी गयी। बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए समविचारी व जागरूक लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर सदस्यों ने बल दिया। बैठक में सर्वसम्मति से संजीव कुमार सिंह को संयोजक और रामबाबू सुमन को मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद सिंह को दो मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि रविन्द्र प्रसाद सिंह का असामयिक निधन अपूरणीय क्षति है। बैठक में मनोज कुमार वत्स, अरविंद कुमार, अंकज कुमार, अनिल कुमार, अर्जुन सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, चंदन कुमार, अरविंद पासवान, सत्येंद्र कुमार सिंह, यशपाल शंकर, रविभूषण झा, दीपक कुमार सिन्हा, राजीव रंजन, कृष्ण गोपाल, अवधेश कुमार आदि शामिल थे।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सीतामढ़ी की बैठक शनिवार को डीडीसी श्वेता भारती की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन, बायोगैस संयंत्र के संचालन, स्वच्छता कर्मियों के लंबित पारिश्रमिक भुगतान, महादलित बस्तियों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों के उत्पादों के उपयोग की समीक्षा की गई।



समिति की बैठक करतीं डीडीसी श्वेता भारती व उपस्थित अन्य अधिकारी।

**बायोगैस संयंत्र के संचालन पर चर्चा:** डुमरा प्रखंड की मैथौरा पंचायत में स्थापित बायोगैस संयंत्र के संचालन और रखरखाव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जीविका की टीम ने सुझाव दिया कि प्रारंभिक अवधि में संयंत्र का संचालन संबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जाए। इसके बाद इसके सुचारु संचालन की जिम्मेदारी जीविका के संपोषित ग्राम संगठन को सौंपने की कार्रवाई की जाए, ताकि संयंत्र का दीर्घकालिक और प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके।

**महादलित बस्तियों में शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण पर जोर, जीविका के माध्यम से पात्र परिवारों को ₹10,000 की सहायता देने की पहल**

**स्वच्छता कर्मियों के लंबित पारिश्रमिक भुगतान की समीक्षा:** बैठक में स्वच्छता पर्यवेक्षकों और स्वच्छता कर्मियों के पारिश्रमिक भुगतान को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि 12 माह तक का भुगतान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत किया जाएगा। इसके बाद संबंधित पंचायत में उपलब्ध निधि से नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

दिसंबर 2024 से पहले जिन पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 12 माह का भुगतान किया जा चुका है, वहां पारिश्रमिक की राशि लंबित होने पर पंचायत निधि से भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

**महादलित बस्तियों में शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण का लक्ष्य:** महादलित बस्तियों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (क्लृलृछ) निर्माण की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाए जाने पर विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता जताई गई। आर्थिक रूप से कमजोर पात्र परिवारों को जीविका के स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर ₹10,000 की सहायता उपलब्ध कराने के माध्यम से शौचालय निर्माण को प्रोत्साहित करने पर चर्चा हुई। इस पहल का उद्देश्य महादलित बस्तियों के सभी पात्र परिवारों को व्यक्तिगत घरेलू शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना है।

**प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों के उत्पादों को बढ़ावा:** बैठक में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से तैयार बेंचों के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। इन बेंचों का उपयोग पंचायत स्तर पर करने के साथ-साथ प्रखंड स्तर के सरकारी कार्यालयों में भी उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी। इससे प्लास्टिक अपशिष्ट से निर्मित उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके उपयोग को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों को उत्पादों की लागत राशि का भुगतान सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, स्वच्छता योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीआरओ, निदेशक एनइपी, डीपीओ आईसीडीएस सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक हजार रुपये के बकाये को लेकर 61 वर्षीय दिव्यांग की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर देने का आरोप

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भुतही थाना क्षेत्र की मढ़िया पंचायत के तिलंगही गांव में शनिवार सुबह एक हजार रुपये के बकाये को लेकर 61 वर्षीय दिव्यांग रहमान शाह की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर देने का आरोप लगा है। सूचना मिलने पर भुतही पुलिस के साथ एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच में जुट गई। मृतक की पत्नी भी दिव्यांग हैं। दोनों किराये के मकान में रहकर जीवन गुजार रहे थे। पति की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पहचान तिलंगही वार्ड संख्या तीन निवासी सकुर शाह के 61 वर्षीय दिव्यांग पुत्र रहमान शाह के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी हकीदा खातून ने बताया कि घटना शनिवार सुबह की है। रुपये का भुगतान उसी दिन शाम को किया जाना था। आरोप है कि गांव के ही श्रीचंद महतो के पुत्र रामनारायण महतो ने पहले घर पहुंचकर रहमान शाह के गले में गमछा डालकर घसीटा और फिर लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, आरोपी ने तीन दिन पहले भी धमकी दी थी। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी के घर के सामने शव रखकर ग्रामीण सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर भुतही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने भी जांच की और साक्ष्य जुटाने में जुटी रही। भुतही थानाध्यक्ष चन्द्रगुप्त कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, रुपये के लेन-देन को लेकर मारपीट की गई थी, जिसके कारण यह घटना हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। आरोपी के घर से एक महिला को भी हिरासत में लिए जाने की जानकारी है। पति की मौत के बाद पत्नी के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है।



घटनास्थल पर मामले की जांच करती पुलिस और उपस्थित ग्रामीण।

## पटना में किसानों के प्रदर्शन में सीतामढ़ी से बड़ी भागीदारी की तैयारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भूमि बचाओ संघर्ष समिति, सीतामढी के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को सेटेलाइट सीतापुरम सीटी प्रोजेक्ट से प्रभावितों की बडी बैठक पुनौरा बाजार पर चौधरी कैम्पस में 4 बजे से होगी। इस बैठक में 26 नवम्बर को पटना में किसानों के प्रदर्शन में बड़ी भागीदारी तथा तैयारी पर निर्णय लिया जायगा। समिति के संरक्षक बैधनाथ हाथी, संयोजक संतोष कुमार सिंह तथा सदस्य डा. आनन्द किशोर ने बताया कि बैठक में भूमि बचाओ संघर्ष समिति के विस्तार के साथ 26 नवम्बर के पटना प्रदर्शन की तैयारी के लिए सेटेलाईट सीतापुरम सीटी के लिए चिन्हित 99 राजस्व गांवों में प्रचार तथा जनसंपर्क का भी कार्यक्रम तय होगा। सेटेलाईट सीटी के लिए अधिसूचित गांवों के प्रतिनिधियों से 27अक्टूबर की बैठक में अनिवार्य रूप से पुनौरा पंहुचने का आग्रह किया गया है।

## सम्पादकीय

# अनंत सिंह : अनुशासन बनाम जनादेश

बिहार की राजनीति में जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई ने राजनीतिक और संवैधानिक बहस को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। पार्टी ने अनंत सिंह को कथित पार्टीविरोधी गतिविधियों के आरोप में छह वर्षों के लिए निष्कासित करते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। साथ ही, बिहार विधानसभा अध्यक्ष से संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा की गई है। पूर्व विधायक नीलम देवी के खिलाफ भी दलविरोधी गतिविधियों के आरोप में छह वर्षों के निष्कासन की कार्रवाई की गई है। यह घटनाक्रम केवल एक राजनीतिक दल के भीतर अनुशासनात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे राजनीतिक दलों में अनुशासन, निर्वाचित प्रतिनिधियों की स्वतंत्र राजनीतिक भूमिका, संगठनात्मक निर्णय और संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी सामने आते हैं। हालांकि, पूरे मामले को निष्पक्षता से समझने के लिए पार्टी के निर्णय, लगाए गए आरोपों और विधानसभा सदस्यता पर होने वाले अंतिम फैसले के बीच अंतर करना आवश्यक है।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से जारी निर्णय के अनुसार, अनंत सिंह पर पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के आरोप लगाए गए हैं। पार्टी ने इन गतिविधियों को अनुशासनहीनता और दलविरोधी आचरण मानते हुए कार्रवाई की है। राजनीतिक दलों के लिए संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखना आवश्यक होता है। चुनाव में प्रत्याशी चयन, प्रचार की रणनीति और पार्टी के अधित उम्मीदवार के समर्थन जैसे विषयों पर संगठन अपने सदस्यों से निर्धारित नीति के अनुरूप काम करने की अपेक्षा करता है। यदि कोई सदस्य संगठन के निर्णयों के विपरीत सक्रिय भूमिका निभाता है, तो संबंधित दल अपने नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कदम उठा सकता है।

दूसरी ओर, लोकतांत्रिक राजनीति में असहमति, विचारों की विविधता और राजनीतिक संवाद का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए किसी भी कार्रवाई का मूल्यांकन तथ्यों, लागू नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर होना चाहिए। किसी राजनीतिक मतभेद को अपने आप में लोकतंत्र के लिए संकट मानना उचित नहीं है, लेकिन संगठनात्मक जिम्मेदारियों और घोषित राजनीतिक प्रतिबद्धताओं की अनदेखी के प्रश्न को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

इस मामले में जदयू ने अपने निर्णय के माध्यम से अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया है। आगे राजनीतिक चर्चा के साथ-साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित संवैधानिक प्रक्रिया में तथ्यों और नियमों के आधार पर निर्णय लिया जाए। अनंत सिंह के निष्कासन के साथ उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा ने इस प्रकरण को अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि किसी राजनीतिक दल से निष्कासन और विधानसभा की सदस्यता समाप्त होना दो अलग-अलग विषय हैं। संविधान की दसवीं अनुसूची दल-बदल से संबंधित प्रावधानों का आधार है। इसके अंतर्गत किसी विधायक की अयोग्यता का प्रश्न उठने पर संबंधित तथ्यों और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार निर्णय किया जाता है। विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होती है। इसलिए पार्टी की अनुशंसा को विधानसभा सदस्यता समाप्त होने का अंतिम फैसला नहीं माना जा सकता।

किसी निर्वाचित प्रतिनिधि की सदस्यता से जुड़ा निर्णय केवल राजनीतिक बयानबाजी या संगठनात्मक घोषणा के आधार पर नहीं, बल्कि लागू संवैधानिक प्रावधानों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए। इससे एक ओर विधायिका की गरिमा सुरक्षित रहती है, तो दूसरी ओर निर्वाचित प्रतिनिधि के अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के जनादेश का सम्मान भी सुनिश्चित होता है। इसलिए इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष के अंतिम निर्णय और उसके आधार को देखना महत्वपूर्ण होगा। जब तक संवैधानिक प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक राजनीतिक निष्कासन और विधानसभा सदस्यता के प्रश्न को अलग-अलग समझना ही तथ्यपरक दृष्टिकोण होगा।

पूर्व विधायक नीलम देवी को भी छह वर्षों के लिए निष्कासित किए जाने का फैसला इस घटनाक्रम का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है। पार्टी ने उनके विरुद्ध भी दलविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने का आरोप लगाया है। हालांकि, किसी भी आरोप की चर्चा करते समय यह आवश्यक है कि उसे संबंधित दल के निर्णय और आरोप के रूप में ही प्रस्तुत किया जाए, न कि बिना किसी स्वतंत्र पुष्टि के अंतिम रूप से स्थापित तथ्य के रूप में। इस कार्रवाई का प्रभाव संबंधित राजनीतिक समीकरणों पर पड़ सकता है। मोकामा और आसपास के क्षेत्रों में अनंत सिंह की राजनीतिक भूमिका को देखते हुए जदयू के इस फैसले पर राजनीतिक दलों, समर्थकों और स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रियाएं महत्वपूर्ण हो सकती हैं।

# रियलिटी शो : लोकप्रियता का नशा



रजनीश कपूर।

आज के टेलीविजन और ओटीटी युग में रियलिटी शो युवाओं के लिए सपनों का बाजार बन चुके हैं। 'आप भी सेलिब्रिटी बन सकते हैं', 'आपकी असली कहानी दुनिया देखेगी', 'एक मौका और जिंदगी बदल जाएगी'। ऐसे नारे हर ऑडिशन में गूंजते हैं। हजारों युवा शहर-गांव छोड़कर, पढ़ाई छोड़कर, या नौकरी छोड़कर इन शो में हिस्सा लेते हैं। वे मानते हैं कि जजों की सख्त नजर और कैमरों के सामने उनकी हिम्मत, प्रतिभा या दुखभरी कहानी उन्हें रातोंरात लोकप्रिय बना देगी। लेकिन हकीकत अक्सर इसके उलट होती है। ज्यादातर रियलिटी शो पूरी तरह स्क्रिप्टेड या 'गाइडेड रियलिटी' होते हैं। एडिटिंग, प्रोवोकेशन और पहले से तय ड्रामा के जरिए वे दर्शकों को बांधे रखते हैं, जबकि भोले-भाले प्रतियोगी अक्सर सिर्फ 'कंटेंट' बनकर रह जाते हैं।

भारतीय रियलिटी टेलीविजन की सबसे पुरानी और विवादास्पद श्रृंखला 'एमटीवी रोडीज' इसका जीवंत उदाहरण है। शो के पुराने जज रघु राम ने खुद स्वीकार किया है कि प्रोड्यूसर्स उन्हें कंटेस्टेंट्स पर चिल्लाने और ड्रामा बढ़ाने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा था कि सफलता के बाद शो उनका नहीं रहा, बल्कि निर्माताओं द्वारा उन्हें 'उनकी धुन पर नाचने' को कहा गया। जब रघु और राजीव लक्ष्मण ने शो छोड़ दिया, तो इसका कारण क्रिएटिव इंटरफेरेंस और जबरन ड्रामा था। यानी जो गुस्सा, गाली और 'असली' संघर्ष स्क्रीन पर दिखता था, उसका बड़ा हिस्सा शो की जरूरत के हिसाब से ही तैयार किया जाता था।

यह समस्या सिर्फ भारत की नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'द बैचलर' के क्रिएटर माइक फ्लीस और कई पूर्व कंटेस्टेंट्स ने स्वीकार किया है कि रिश्ते, डेट्स और भावनात्मक टूटने के किससे या सीन अक्सर निर्देशित होते हैं। उसी तरह 'द हिल्स' में तो कास्ट मेंबर्स ने बताया कि पूरा प्लॉट और डायलाग स्क्रिप्टेड थे। 'हाउस हंटर्स' में भी ज्यादातर जोड़े पहले ही घर खरीद चुके होते हैं, बाकी दो घर सिर्फ शो के लिए दिखाए जाते हैं और बैकस्टोरी भी बदली जाती है। 'कीपिंग अप विथ थे कार्डाशियंस' में शादी के प्रपोजल तक स्टेज किए गए थे। यानी 'रियलिटी' शब्द अक्सर सिर्फ मार्केटिंग का हथियार होता है।

ताजा मामला 'एमटीवी रोडीज रीबर्थ' (सीजन 21) का एक घटनाक्रम इस समस्या को और उजागर करता है।

ऑडिशन में गुरुग्राम के एक युवा कंटेस्टेंट ऋतिक वालिया ने 'औरत' शब्द पर कुछ टिप्पणी की (कुछ व्याख्याओं के अनुसार वह अरबी शब्द 'औराह' के अर्थ से जुड़ा था) और जज बानी जे ने उसकी बात पूरी सुनने से पहले ही उसे टोका और सख्त प्रतिक्रिया दी और लाइव शो पर उसका फॉर्म उठा फेंक दिया।

गौरतलब है कि ऋतिक को अपनी बात समझाने का मौका नहीं मिला। सोशल मीडिया पर एक वायरल रील में दर्शकों की राय सामने आई जिसमें कुछ तो जज बानी जे का समर्थन करते हैं, लेकिन अधिकतर लोगों का मानना हैं कि जज ने बिना सुने ही फैसला सुना दिया। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर कंटेस्टेंट ऋतिक वालिया के पक्ष में आवाजें उठ रही हैं। सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ जज का व्यक्तिगत गुस्सा था, या शो को टीआरपी और सोशल मीडिया बज चाहिए था रोडीज का इतिहास ऐसे क्षणों से भरा हुआ है। चिल्लाना, गाली देना, और 'सख्त' इमेज बनाना हमेशा रेटिंग बढ़ाता रहा है। जब जज या होस्ट बिना पूरी बात सुने ही प्रतिक्रिया देते हैं, तो वह पल एडिटिंग में और ज्यादा नाटकीय बन जाता है।

सवाल उठता है कि दर्शक इन शो में क्यों बह जाते हैं पहला कारण है पहचान और आकांक्षा। युवा खुद को कंटेस्टेंट में देखते हैं। जब कोई जज उसे डाटता है या उसकी कहानी सुनकर भावुक होता है, तो दर्शक को लगता है कि 'यह असली संघर्ष है'। दूसरा कारण है एडिटिंग की ताकत। घंटों का फुटेज काटकर, बैकग्राउंड म्यूजिक और क्लोज-अप से एक साधारण बातचीत को बड़े ड्रामा में बदल दिया जाता है। तीसरा कारण सोशल मीडिया है। वायरल क्लिप, मेम्स और पक्ष-विपक्ष की बहस शो को और बड़ा बना देती हैं। चौथा कारण है 'सफलता की कहानियां', कुछ लोग ऐसे रियलिटी शो के जरिये लोकप्रिय हो जाते हैं, इसलिए बाकी सोचते हैं कि वे भी हो जाएंगे। इस बीच यह भुला दिया जाता है कि ज्यादातर कंटेस्टेंट शो के बाद अपनी पुरानी जिंदगी में लौट जाते हैं और कई तो मानसिक दबाव का शिकार भी हो चुके हैं। ऐसे में यदि कोई प्रतियोगी गलत कदम उठा ले तो यह किसकी जिम्मेदारी होगी

रियलिटी शो मनोरंजन का माध्यम हो सकते हैं। उनमें एडवेंचर, ह्यूमर और प्रतिस्पर्धा हो सकती है। लेकिन जब वे युवाओं को 'लोकप्रियता का सपना' बेचते हैं और उन्हें सिर्फ कंटेंट की मशीन समझते हैं, तो यह धोखा बन जाता है। दर्शकों को समझना होगा कि ऐसे ज्यादातर शो स्क्रिप्टेड या कम से कम गाइडेड होते हैं। जजों का गुस्सा, कंटेस्टेंट के आंसू और 'अचानक' ट्विस्ट अक्सर शो की जरूरत के हिसाब से होते हैं। सोशल मीडिया पर किसी एक पक्ष का समर्थन करना आसान है, लेकिन पूरी तस्वीर देखने की जरूरत है।

**रियलिटी शो तभी बेहतर होंगे जब दर्शक उन्हें मनोरंजन समझकर देखें, न कि सच मानकर। जब तक हम 'असली' शब्द पर अंधविश्वास करते रहेंगे, तब तक प्रोड्यूसर्स और जज ड्रामा और बज के लिए युवाओं को इस्तेमाल करते रहेंगे। सोशल मीडिया पर कंटेस्टेंट के पक्ष में उठ रही आवाजें अच्छी हैं, लेकिन असली बदलाव तब आएगा जब हम पूरे सिस्टम पर सवाल उठाएंगे।**

ऐसे में देश के युवाओं के लिए सलाह स्पष्ट है कि अगर आप किसी रियलिटी शो में हिस्सा लेना चाहते हैं, तो उसे सिर्फ अनुभव या मजे के तौर पर लें, न कि जीवन बदलने वाले मौके के रूप में। अपनी पढ़ाई, स्किल और असली मेहनत पर ध्यान दें। फेम अल्पकालिक हो सकता है, लेकिन असली योग्यता लंबे समय तक काम आती है। दर्शकों के रूप में हम भी जिम्मेदार हैं। जब हम ऐसे क्षणों को बिना सवाल किए शेयर करते हैं और ऐसे शो की टीआरपी बढ़ाते हैं, तो हम उसी सिस्टम को मजबूत करते हैं जो युवाओं के सपनों का शोषण करता है।

रियलिटी शो तभी बेहतर होंगे जब दर्शक उन्हें मनोरंजन समझकर देखें, न कि सच मानकर। जब तक हम 'असली' शब्द पर अंधविश्वास करते रहेंगे, तब तक प्रोड्यूसर्स और जज ड्रामा और बज के लिए युवाओं को इस्तेमाल करते रहेंगे। सोशल मीडिया पर कंटेस्टेंट के पक्ष में उठ रही आवाजें अच्छी हैं, लेकिन असली बदलाव तब आएगा जब हम पूरे सिस्टम पर सवाल उठाएंगे।

***(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)***
***(ये लेखक के निजी विचार हैं।)***


## सिंटेक्स ने लॉन्च किया भारत में पहली बार 50 साल की वारंटी वाला एटर्नो वॉटर टैंक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** वाटर स्टोरेज सल्यूशंस के क्षेत्र में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक सिंटेक्स ने सिंटेक्स एटर्नो को लॉन्च किया। यह बेहतर मजबूती, स्वच्छता और लंबे समय तक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया अगली पीढ़ी का वॉटर टैंक है। इंडस्ट्री में पहली बार 50 साल की वारंटी जो भारत में अपनी तरह की एकमात्र वारंटी है, सिंटेक्स एटर्नो भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीयता, सुरक्षा और निश्चिंतता का एक नया मानक स्थापित करता है।

100 प्रतिशत फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना सिंटेक्स एटर्नो पानी का सुरक्षित और स्वच्छ स्टोरेज सुनिश्चित करता है। यह संदूषण या पानी में हानिकारक रसायनों के घुलने के जोखिम से पूरी तरह मुक्त है। भारत की विभिन्न जलवायविक स्थितियों में भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए बना यह टैंक




वातावरण की कठोर स्थितियों और लंबे समय तक धूप में रहने के बावजूद टिकाऊ बना रहता है। इसलिए इसका घरों, व्यावसायिक परिसरों और संस्थानों में हर जगह उपयोग किया जा सकता है।

सिंटेक्स एटर्नो की सबसे बड़ी खूबी इसकी एक्टिव सिल्वर टेक्नोलॉजी है, जो सूक्ष्म जीवों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। यह तकनीक शैवाल, फंगस, बैक्टीरिया और वायरस की वृद्धि रोकती है, जिससे टैंक का पानी रोजमर्रा के उपयोग के लिए अधिक स्वच्छ और सुरक्षित बना रहता है। इसमें यूवी-प्रोटेक्टेड थ्रेडेड लिड दिया गया है, जो स्वच्छता को और बेहतर बनाता है और धूप से सीधा संपर्क सीमित करता है और बाहरी संदूषण से बचाता है।

कठोर वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया सिंटेक्स एटर्नो आरओएचएस यूरोपीयन मानकों पर भी खरा उतरता है और एनएसएफ प्रमाणित (एनएसएफ 61 एवं एनएसएफ 372) है। इस बात का ध्यान रखा गया है कि टैंक लेड से मुक्त हो और स्टोर कर रखे गए पानी में हानिकारक रसायनों का रिसाव न हो।


# भावनात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया भावुक

## प्रेमचंद रंगशाला में 'समर्पण' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** । प्रेमचंद रंगशाला, पटना में रॉक एन रोल आर्ट, कलाकृति, क्राफ्ट स्कूल एवं ज्योति सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'समर्पण' आयोजित किया गया। कला, संगीत, नृत्य, लोक परंपरा और मानवीय रिश्तों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, अशोक चौधरी, वरुण कुमार सिंह, ऋतु गुप्ता रॉय, आलोक रॉय, सपना हुसैन तथा संस्था के निदेशक ऋषि कुमार सहित अन्य अतिथियों ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन और दीप प्रज्वलन के साथ किया। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति दिवंगत अमित कुमार राय की स्मृति को समर्पित रही। उनके चित्र पर पुष्पांजलि के बाद छोटी बच्ची ऋषा कश्यप ने अमित कुमार राय के साथ बड़े पापा और बेटी के रिश्ते को मंच पर प्रस्तुत किया। इस मार्मिक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'समवेतनाद' की गणेश वंदना एवं स्वस्ति वाचन से हुई। इसके बाद बच्चों ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। लोक गायक सत्येंद्र कुमार ने लोक संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विश्वप्रसिद्ध बांसुरी वादक उस्ताद डा. मुजतबा हुसैन ने शास्त्रीय संगीत की प्रथम प्रस्तुति भक्ति रस में राग दुर्गा में विलंबित झपताल एवं मध्य-द्रुत तीन ताल में अपने साले साहब को सांगीतिक श्रद्धांजली दी। तत्पश्चात वैष्णव जन तो भजन इसके बाद दिवंगत आत्मा अमित रॉय के पसंदीदा बॉलीवुड नग्मे तू ही रे,रोजा जानेमान फ्यूजन और गजल 'चिट्ठी न कोई संदेश' सहित विभिन्न धुनों से कार्यक्रम को यार बना दिया। तबला संगति कर श्याम मोहन ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। ज्ञात हो कि उस्ताद मुजतबा लगभग 300 फिल्मों में बांसुरी बजाया है। आभाष मिश्रा ने भी संगीतमय प्रस्तुति दी।

रॉक एन रोल आर्ट एंड क्राफ्ट स्कूल के बच्चों ने विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां दीं। 'छावा' पर आधारित प्रस्तुति के साथ बच्चों और अभिभावकों ने मिथिला एवं बिहार की लोक संस्कृति पर आधारित 'सामा-चकेवा' की मनमोहक प्रस्तुति दी। चांदनी के प्रशिक्षण में बच्चों ने मन्ना डे, मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के सदाबहार गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के प्रशिक्षकों और आयोजन में सहयोग देने वाले संस्थानों एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम ने सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से संवेदनशीलता, पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश दिया। अंत में संस्था के निदेशक ऋषि कुमार ने सभी अतिथियों, कलाकारों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




विश्वप्रसिद्ध बांसुरी वादक उस्ताद डा. मुजतबा हुसैन।



कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने किया।



प्रेमचंद रंगशाला, पटना में रॉक एन रोल आर्ट, कलाकृति, क्राफ्ट स्कूल एवं ज्योति सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'समर्पण' आयोजित किया गया।

# प्यार, जुनून और धोखे का खतरनाक खेल, 'लोहिताक्ष' के क्लाइमैक्स ने बढ़ाया सस्पेंस

**राम गोपाल वर्मा ने की फिल्म की सराहना, अभिनेता सिद्धांत इस्सर और निर्देशक भूपेंद्र से की मुलाकात**

**मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश)** । हिंदी साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'लोहिताक्ष' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म अपने अप्रत्याशित ट्विस्ट, रहस्यमयी कहानी और चौंकाने वाले क्लाइमैक्स को लेकर चर्चा में है। प्यार, जुनून, विश्वासघात और सोशल मीडिया के प्रभाव पर आधारित यह फिल्म आधुनिक रिश्तों के अंधेरे पहलुओं को उजागर करती है।

फिल्म की रिलीज के मौके पर अभिनेता सिद्धांत इस्सर और निर्देशक भूपेंद्र ने मशहूर फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राम गोपाल वर्मा को फिल्म का टीजर और ट्रेलर दिखाया। फिल्म की टीम के अनुसार, राम गोपाल वर्मा ने फिल्म की काफी सराहना की और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उनकी सराहना को अभिनेता और निर्देशक के लिए उत्साहवर्धक माना जा रहा है। गण विकास फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सिद्धांत इस्सर, अप्सरा रानी, कमलेश सावंत और सु कुमार टुडू प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सिद्धांत इस्सर दिग्गज अभिनेता पुनीत इस्सर के बेटे हैं और इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। वहीं, अप्सरा रानी अपनी ग्लैमरस छवि से अलग एक जिम्मेदार गृहिणी की भूमिका में नजर आ रही हैं। 'दृश्यम' फेम कमलेश सावंत पुलिस अधिकारी एडीसीपी विट्ठल का किरदार निभा रहे हैं।




ओड़िया सिनेमा में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले निर्देशक भूपेंद्र की यह पहली हिंदी निर्देशित फिल्म है। इसकी पूरी शूटिंग ओडिशा में हुई है। फिल्म की दूसरी छमाही के अप्रत्याशित मोड़ और सस्पेंस से भरपूर क्लाइमैक्स इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं।

# महात्मा सुशील कुमार के महानिर्वाण की स्मृति में आयोजित हुआ समारोह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** । आध्यात्मिक संस्था अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के संस्थापक महात्मा सुशील कुमार के महानिर्वाण की स्मृति में प्रत्येक माह के तारीख को होने वाले समारोह के अवसर पर शनिवार को संस्था के गोलारोड स्थित एम एस एम बी इस्सयोग भवन में, संस्था की अध्यक्ष सुरुमाता माँ विजया जी ने डिजिटल औडियो मिक्सर नियंत्रण-कक्ष का लोकार्पण किया। इस कक्ष के उपयोग से इस्सयोग भवन में होने वाले सभी कार्यक्रमों में आधुनिक ढंग से ध्वनि नियंत्रण किया जा सकेगा।

यह जानकारी देते हुए संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि इस अवसर पर इस्सयोगियों ने अपने श्रद्धा-उद्गार व्यक्त किए तथा सुरुदेव की महिमा का गुणगान किया और उनके जीवन में किस प्रकार इस्सयोग की अलौकिक अनुभूतियों ने युगांतरकारी परिवर्तन किया, उसका उल्लेख किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित इस्सयोगियों ने संस्था के संयुक्त सचिव शिवम् झा और काव्या के पुत्र अर्क पण्डित को अन्न-प्राशन संस्कार पर आशीर्वाद और शुभकामनाएँ भी दीं।



माँ विजया ने इस्सयोग डिजिटल औडियो नियंत्रण-कक्ष का किया लोकार्पण।

उत्सव में नियंत्रण कक्ष के संचालक प्रदीप गायत्री, संस्था के संयुक्त सचिव उमेश कुमार, लक्ष्मी प्रसाद साहू, सरोज गुटगुटिया, दिव्या झा, अनन्त कुमार साहू, किरण प्रसाद, अमित राज, माया साहू, निर्मला सिंह, वीरेंद्र राय, प्रेम खन्ना, ए के खरे, कृष्ण मोहन राय, प्रभात झा आदि सैकड़ों की संख्या में इस्सयोगी उपस्थित थे।

# पिंक अक्टूबर : मैनकाइंड फार्मा ने ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता, शुरुआती पहचान और समय पर इलाज पर दिया जोर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** । ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर मैनकाइंड फार्मा ने अपने 'पिंक अक्टूबर' अभियान के जरिए ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता, समय रहते इसकी पहचान और सही समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया। यह पहल कंपनी के 1 मिलीयनलाइव्स अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता को अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुंचाना और उनको अपने स्वास्थ्य के प्रति समय रहते जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता लोगों को समय पर डॉक्टर से सलाह लेने और इस बीमारी को समझने में मदद करती है। इसके संभावित संकेतों में स्तन में गांठ या असामान्य मोटापन, स्तन के आकार या बनावट में बदलाव, त्वचा या निप्पल में बदलाव और निप्पल से असामान्य स्राव (डिस्चार्ज) शामिल हो सकते हैं।हालांकि, ये बदलाव कैंसर के ही संकेत हों ऐसा नहीं है, लेकिन ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। व्यक्ति की उम्र और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर की सलाह के अनुसार क्लिनिकल जांच और मैमोग्राफी से ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान में मदद मिल सकती है।

कैंसर के प्रति जागरूकता केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय पर जरूरी कदम उठाने की आदत भी उसका हिस्सा होना चाहिए। 1 मिलीयनलाइव्स पहल के जरिए हमारा उद्देश्य सही स्वास्थ्य जानकारी को अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुंचाना और उन्हें अपने स्वास्थ्य से जुड़े फैसले समय रहते और सोच-समझकर लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। पिंक अक्टूबर इसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। इसके माध्यम से हम स्तनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, कैंसर की शुरुआती पहचान और समय पर डॉक्टर से सलाह लेने के महत्व पर जोर दे रहे हैं। हमारा मानना है कि लगातार चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान लोगों और परिवारों को अपने स्वास्थ्य के बारे में समय रहते सही फैसले लेने में सक्षम बना सकते हैं, मैनकाइंड फार्मा के सीनियर प्रेसिडेंट आतिश मजूमदार ने कहा। बीमारी की शुरुआती पहचान से डॉक्टरों को इलाज के बारे में निर्णय लेने में भी मदद मिलती है। जांच और ट्यूमर की प्रोफाइलिंग से ब्रेस्ट कैंसर को समझने और सही फैसले लेने में मदद मिलती है। जरूरत पड़ने पर एचईआर 2 टेस्ट के जरिए ट्यूमर में एचईआर 2 की स्थिति का पता लगाया जाता है, जिससे डॉक्टर टारगेटेड थेरेपी चुनने का फैसला ले सकते हैं। स्तन में किसी भी असामान्य बदलाव को पहचानना और बिना देरी किए डॉक्टर से सलाह लेना, समय पर बीमारी का पता लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। स्क्रीनिंग की सलाह व्यक्ति की उम्र और बीमारी के जोखिम जैसे कारकों पर निर्भर करती है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# पीएम आवास योजना में 53 आवास स्वीकृति लंबित, बीडीओ से एक सप्ताह में कार्रवाई का निर्देश

**मोतिहारी (एनएसबी)।** ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने शनिवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।पीएम आवास योजना-ग्रामीण 2024-25 एवं 2025-26 के तहत जिले में 1,06,321 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,06,268 आवास स्वीत किए जा चुके हैं, जबकि 53 आवासों की स्वीति लंबित है। इनमें कल्याणपुर में 12, रामगढ़वा में आठ और मधुबन में आठ आवास शामिल हैं।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

डीडीसी ने संबंधित बीडीओ को एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार शत-प्रतिशत स्वीति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा में प्रथम किश्त के 2,003, द्वितीय किश्त के 14,340 और तृतीय किश्त के 29,607 मामले लंबित पाए गए। तृतीय किश्त के विरुद्ध 18,520 आवास अपूर्ण हैं। अधिकारियों को जियो टैगिंग, अर्डरशीट एवं एफटीओ तैयार कर लंबित भुगतान कराने तथा आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।समीक्षा में यह भी सामने आया कि 7,183 लाभुकों के आवास पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन मनरेगा के 90 कार्य दिवस की मजदूरी मार्क अथवा एमआर जेनरेट नहीं होने के कारण सफ्टवेयर में आवास अपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है। संबंधित अधिकारियों को इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया।

# दीपावली-छठ को लेकर पटाखा दुकानों व भंडारण स्थलों का निरीक्षण

## बिना वैध लाइसेंस पटाखों की बिक्री व भंडारण पर होगी कार्रवाई, अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर अगि दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन की सुरक्षा को लेकर जिला अगिशमन विभाग ने शनिवार को पटाखों के थोक विक्रेताओं एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी के नेतृत्व में हुए निरीक्षण के दौरान पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस, भंडारण व्यवस्था और अगि सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पटाखों के सुरक्षित भंडारण एवं बिक्री तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया। दुकानदारों को प्रतिष्ठानों में नियमानुसार उपयुक्त अगिशमन उपकरण उपलब्ध रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही ज्वलनशील



अग्निशमन पदाधिकारी।

पदार्थो को पटाखों से दूर रखने, आग के खुले स्रोत से बचने और विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित रखने की हिदायत दी गई। जिला अगिशमन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री केवल वैध लाइसेंस प्राप्त परिसर में ही की जानी चाहिए। बिना वैध लाइसेंस पटाखों का भंडारण या बिक्री करते पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विस्फोटक नियमावली, 2008 के नियम 84 एवं 85 के तहत निर्धारित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। विभाग ने आम लोगों से भी दीपावली एवं छठ के दौरान पटाखों का सावधानीपूर्वक प्रयोग करने की अपील की है। बच्चों को पटाखे जलाते समय अकेला नहीं छोड़ने और ज्वलनशील वस्तुओं के आसपास पटाखे नहीं जलाने की सलाह दी गई है। आपात स्थिति में तत्काल अगिशमन सेवा को सूचना देने की अपील की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षिकाओं की प्रताड़ना शिकायत पर दो सप्ताह बाद भी कार्रवाई शून्य

**प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की चुप्पी पर उठे सवाल**

**10 अक्टूबर को युएम एस गोविंज (कन्या) की दो शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक पर लगाया था अभद्र व्यवहार व अनियमितता का आरोप**

**अब तक जांच न होने से बढ़ा असंतोष**

**मोतिहारी(एनएसबी)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंज (कन्या) में पदस्थापित दो शिक्षिकाओं भारती आनंद और शादनाम बेगम द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खिलाफ मानसिक प्रताड़ना, अभद्र भाषा के प्रयोग और विद्यालय में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं को लेकर गत 10 अक्टूबर 2026 को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरेराज को लिखित आवेदन दिया गया था। परंतु अत्यंत खेदजनक स्थिति है कि आवेदन दिए जाने के इतने दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई या निष्पक्ष जांच शुरू नहीं की गई है। मामले के मुख्य बिंदु एवं आरोपरू ' मानसिक प्रताड़ना व धमकियांरू शिक्षिकाओं ने आरोप लगाया था कि प्रधानाध्यापक द्वारा लगातार वेतन काटने, सर्विस बुक में प्रतिकूल प्रविष्टि (दाग) दर्ज करने और छुट्टी के आवेदनों को निरस्त करने की धमकियां दी जाती हैं। आवेदन देने पर उनके साथ अमर्यादित व अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। 'निजी जीवन पर अनुचित टिप्पणीरू शिक्षिका भारती आनंद, जो लगभग 60-70 किमी दूर से आती हैं और जिनके दो मासूम बच्चे (3 वर्ष व 9 माह) हैं, के पति जब उन्हें विद्यालय छोड़ने एवं लाने आते हैं, तो प्रधानाध्यापक द्वारा इस पर अनुचित आपत्तियां जताई जाती हैं और अकेले आने के लिए मानसिक दबाव बनाया जाता है। 'स्थानीय धौंस व अधिकारियों की अवहेलनारू प्रधानाध्यापक स्थानीय होने का धौंस जमाते हुए यह कहते हैं कि ष्हम जो चाहेंगे वही होगा, बीआरसी में हमारी ही बात चलती है और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को हम कुछ नहीं समझतेष्। उपस्थिति व मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ीरू प्रधानाध्यापक स्वयं बच्चों की उपस्थिति पंजी बनाते हैं और किसी अन्य शिक्षक को छूने नहीं देते। विद्यालय में 11 अक्टूबर से मध्या भोजन बंद है, जिससे बच्चे टिफिन के बाद घर चले जाते हैं, परंतु इसका दोष जबरन वर्ग शिक्षकों पर मढ़ा जाता है। 'पूर्व का विवादित इतिहासरू शिक्षिकाओं के अनुसार उक्त प्रधानाध्यापक को पूर्व में भेलानाड़ी स्कूल से भी ग्रामीणों द्वारा उनके विवादित आचरण के कारण खदेड़ा अथवा भगाया जा चुका है।कार्रवाई न होने से शिक्षकों में रोष व मांगरू शिक्षिकाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रधानाध्यापक का यह त्य और व्यवहार पूरी तरह से शिक्षक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है।10 अक्टूबर को आधिकारिक रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरेराज को शिकायत सौंपे जाने के बावजूद आज तक कोई जांच टीम न गठित होना और न ही कोई सुधारात्मक कदम उठाया जाना, शिक्षा विभाग की कार्यशैली और मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।शिक्षिकाओं ने चेतावनी भरे लहजे में पुनः मांग की है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी प्रधानाध्यापक पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यालय में भयमुक्त व सम्मानजनक शैक्षणिक माहौल बहाल हो सके। कार्रवाई में हो रही विलंबता से यह अंदेशा बढ़ रहा है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव अब 30 अक्टूबर को

**मोतिहारी (एनएसबी)।** कला एवं संस्ति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 की तिथि में बदलाव किया गया है। अब युवा उत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर को शहर के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में किया जाएगा। यह जानकारी जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने दी।उन्होंने बताया कि अपरिहार्य कारणों से पूर्व निर्धारित तिथि में एक दिन का बदलाव किया गया है। उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कविता लेखनध्कविता वाचन, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिताएं होंगी।प्रतियोगिताओं में केवल पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। रिकर्डिंग अथवा इलेक्ट्रनिक वाद्ययंत्रों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। आवश्यकता पड़ने पर 28 अक्टूबर को मुख्य प्रतियोगिता से पूर्व प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग भी कराई जा सकती है।

# कायाकल्प अभियान के कार्य 30 नवंबर तक पूरे करने का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के कायाकल्प अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने शनिवार को समीक्षा बैठक की। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को अभियान के तहत सभी कार्य 30 नवंबर तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में एडीएम लोक शिकायत, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। उप विकास आयुक्त एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेस जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सार्वजनिक परिसंपत्तियों, जैसे सामुदायिक भवन,



समीक्षा बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी व अन्य।

स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और आधारभूत संरचना का उन्नयन किया जाना है।उन्होंने अगले दो दिनों में सभी विभागों को अपने-अपने कार्यो से संबंधित प्रविष्टियां पूरी करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन एवं डीपीओ आईसीडीएस को योजनाओं का शत-प्रतिशत चयन सुनिश्चित करने को कहा गया।निर्माण एवं मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा निम्न गुणवत्ता की सामग्री के इस्तेमाल पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सभी एसडीओ को अपने क्षेत्र में योजनाओं का नियमित भौतिक निरीक्षण कर 30 नवंबर तक कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया। लापरवाही या समय-सीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों एवं संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मनरेगा की वृक्षारोपण योजना में 950 लाख का लक्ष्य

**मोतिहारी (एनएसबी)।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले में वृक्षारोपण योजना के तहत 9,50,400 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि एमआईएस पर 6,457 योजनाओं की प्रविष्टि की जा चुकी है, जबकि 3,802 योजनाएं शुरू हो गई हैं।उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं को गति देने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अधिक से अधिक योजनाएं शुरू कराने को कहा।बैठक में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा करने और लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

### मडल स्कूल में लैब की सुविधा से पढ़ाई में बढ़ी रुचि

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बिहार सरकार की ओर से प्रखंड स्तर पर स्थापित मडल स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के साथ आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसका सकारात्मक असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और गतिविधियों में भागीदारी पर दिखाई दे रहा है। बंजरिया प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित श्री महावीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मडल स्कूल), सेमरा में विद्यार्थियों के लिए उत्ष्ट प्रयोगशाला की व्यवस्था की गई है।विद्यालय में उपलब्ध लैब का विद्यार्थी नियमित रूप से उपयोग कर रहे हैं। प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न विषयों को आसानी से समझने के साथ उनमें रुचि भी ले रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार पहले जहां बच्चे प्रयोगशाला की अवधारणा से भी पूरी तरह परिचित नहीं थे, वहीं अब वे प्रयोग कर विषयों को व्यवहारिक रूप से समझ रहे हैं।विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे बच्चों में उत्साह बढ़ा है और वे विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

# डॉ. हेडगेवार का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और संगठन साधना की प्रेरणादायी गाथा : सांसद राधामोहन सिंह



उद्घाटन करते सांसद।



उपस्थित लोग।

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के कला एवं संस्ति विभाग द्वारा मोतिहारी के राजाबाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित 'युगप्रवर्तक ड़ हेडगेवाररू संघ सृजन का भव्य नाट्य आविष्कार' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद श्री राधामोहन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक ड. केशव बलिराम हेडगेवार का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, तपस्या और संगठन साधना की प्रेरणादायी गाथा है। उनका जीवन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, समाज के संगठन और व्यक्ति निर्माण के माध्यम से देश के भविष्य को नई दिशा दी जा सकती है।सांसद श्री सिंह ने कहा कि ड़ हेडगेवार केवल अपने समय के महापुरुष नहीं थे, बल्कि उन्होंने अपने विचारों, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण से एक नए युग की नींव रखी। बाल्यावस्था से ही उनके मन में देश की स्वतंत्रता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रति गहरी प्रतिबद्धता थी। विदेशी शासन के प्रति उनका विरोध और भारत माता को स्वतंत्र देखने का उनका संकल्प उनके जीवन के प्रत्येक चरण में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।उन्होंने कहा कि ड़ हेडगेवार ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की और देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए कारावास भी सहा। उनके मन में निरंतर यह विचार चलता रहा कि राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ समाज का संगठित, अनुशासित, समरस और चरित्रवान होना भी आवश्यक है। इसी चिंतन के परिणामस्वरूप उन्होंने वर्ष 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की।श्री सिंह ने कहा कि ड़ हेडगेवार का मानना था कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के चरित्र, समाज की एकजुटता और राष्ट्रीय चेतना में निहित होती है। उन्होंने दैनिक शाखा के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाकर व्यक्ति निर्माण, सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने का कार्य प्रारंभ किया। उनका जीवन दर्शन आज भी समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता है।सांसद ने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक पटल पर अपनी पहचान सशक्त कर रहा है। ऐसे समय में ड़ हेडगेवार के विचारों, उनके त्याग और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण को समझना विशेष रूप से प्रासंगिक है। नई पीढ़ी को ऐसे महापुरुषों के जीवन से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि उनमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक योगदान की भावना विकसित हो सके।

उन्होंने इस भव्य नाट्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि रंगमंच के माध्यम से किसी महापुरुष के जीवन, संघर्ष, विचारों और आदर्शों को जनसामान्य तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। ड़ हेडगेवार के जीवन पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति दर्शकों को उनके व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण संबंधी ष्टिकोण को समझने का अवसर प्रदान करेगी।ड़ मोहन सिंह ने कहा कि ड़ हेडगेवार जन्मजात राष्ट्रभक्त थे। ब्रिटिश शासन के दौर में उनके विचारों और गतिविधियों का प्रभाव ऐसा था कि उन्हें विद्यालय से निकाल दिया गया, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के आगे झुकने के बजाय समाज और देश को संगठित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में ड़ हेडगेवार द्वारा बोए गए संगठन और राष्ट्रभक्ति के बीज के विस्तार को देखने का अवसर मिल रहा है। उनके विचारों को समझते हुए इसे और व्यापक बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। कुलपति प्रो संजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दुनिया ड़ हेडगेवार को युग प्रवर्तक के रूप में जानती है। उनके जीवन की बारीकियों को समझना और उनके आदर्शों को जीवन में उतारना जरूरी है। उन्होंने भारतीय संस्ति और राष्ट्र भावना को अपने जीवन का आधार बनाया।उन्होंने इस आयोजन से जुड़े कलाकारों, निर्देशक, आयोजकों और सभी सहयोगियों को इस प्रेरणादायी पहल के लिए बधाई दी।कार्यक्रम में संघ के क्षेत्र कार्यवाह उत्तर-पूर्व क्षेत्र ड़ मोहन सिंह जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर बिहार प्रांत के माननीय प्रांत सह संघचालक प्रो राज किशोर सिंह, उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक मान्यवर रामनवमी प्रसाद, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव, श्री सोमेश्वरनाथ धाम, अरेराज के पीठाधीश्वर स्वामी रविशंकर गिरी, एसएनएस विद्यापीठ, मोतिहारी के अध्यक्ष श्री आलोक शर्मा सहित अन्य गणमान्य महानुभाव, पूज्य संतवृंद, स्वयंसेवक बंधु, मातृशक्ति एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कर्पियो से करीब 4 करोड़ रुपये का स्मैक बरामद, दो कारोबारी गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** नेपाल बर्डर के समीप रक्सौल पुलिस ने छापेमारी कर एक नई स्कर्पियो से करीब चार करोड़ रुपये मूल्य का स्मैक बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो कथित कारोबारियों को भी गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार, स्मैक को लखनऊ से नेपाल ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रक्सौल निवासी ईश्वरी साह के पुत्र रमेश साह तथा बहुरवा निवासी बच्चा सिंह के पुत्र संदीप कुमार के रूप में बताई गई है।पुलिस ने मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, बरामद स्मैक की मात्रा, उसकी आधिकारिक कीमत और मामले से जुड़ी अन्य विस्तृत जानकारी पुलिस की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।



जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

### सुरक्षित बचपन अभियान को लेकर कार्यशाला

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सुरक्षित बचपन अभियान के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को पुलिस विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार (क्सै।) के संयुक्त समन्वय से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्सै। मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेस कार्यशाला में डीएसपी क्राइम, डीएसपी साइबर, साइबर पुलिस पदाधिकारी, बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई के सदस्य, पुलिस दीदी, पैनल अधिवक्ता दीपक कुमार सहित संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया।कार्यशाला में बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, पक्सो अधिनियम-2012 के प्रभावी क्रियान्वयन, बाल संरक्षण, साइबर अपराधों से बच्चों की सुरक्षा तथा बाल पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार पर जानकारी दी गई। बाल संरक्षण से जुड़े पदाधिकारियों की भूमिका और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी चर्चा हुई। क्सै। सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पुलिस विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच प्रभावी समन्वय जरूरी है। बच्चों को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा आमजन में बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गयास 26 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले सुरक्षित बचपन अभियान के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना और समन्वित प्रयासों पर भी चर्चा की गई।



उपस्थित लोग।

जीवछ पोखर में मिले शव की हुई पहचान, जम्हरा गांव की विभीषण यादव की पत्नी पूनम देवी बताई गई

# मृतक की मां एवं चाचा ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विराटपुर स्थित चंडिका मंदिर परिसर के जीवछ पोखर में शुक्रवार की रात एक 19 वर्षीय नवविवाहिता का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालांकि शनिवार की सुबह शव की पहचान अतलखा पंचायत के जम्हरा गांव निवासी विभिषण यादव की पत्नी पुनम देवी के रुप में की गई है। मृतक की शादी दो माह पुर्व ही 26 अगस्त को ही हुई थी। वो खगडिया जिला के बेलदौर थाना क्षेत्र के नारदपुर गांव निवासी बबलू यादव की पुत्री है। शव मिलते ही ससुराल पक्ष के लोग घर छोड फरार हो गए है।


मृतक की फाईल फोटो।

शनिवार को मायके से पहुंचे मृतका के चाचा विशेखानंद यादव एवं मां ने अपने भतिजी की हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाते हुए साक्ष्य छुपाने के लिए शव को पोखर में फेक देने ठिकाने लगाने की बात कहा है। वो शव को लेकर नारदपूर चले गए है। हालांकि उनके द्वारा थाने में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार रात 8 बजे के करीब मां चंडीका मंदिर स्थित पौराणिक पोखर में एक नवविवाहिता का शव मिलने की सुचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जूट गई। पुलिस द्वारा शव को पोखर से बाहर निकलवा कर उसकी पहचान कर एसएफएल की टीम बुला आवश्यक जांच पडताल कर शव को पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल भेज भेज दिया गया। शव पर किसी तरह के चोट का निशान नहीं पाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पुनम देवी बीते गुरुवार की रात ही बिना किसी कुछ बताए घर निकली थी। लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों ने इसकी कोई सुचना पुलिस को नहीं दिया। इस संबंध में सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया की एफएसएल की टीम द्वारा की गई जांच पडताल में शव के पेट में पानी पाए जाने से प्रथम दृष्टया ये आत्महत्या का मामला जान पडता है वैसे पुलिस हर पहलु का वैज्ञानिक अनुसंधान कर रही है।

# मजदूर का शव पहुंचते ही परिजनों में मचा हाहाकार, 5 बच्चे अनाथ, मुआवजे की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा के मजदूर की पंजाब में मौत हो गयी।जिसका शव शनिवार को सुबह पहुँचते ही परिवार मे कोहराम मच गया। मृतक की पहचान सहरसा नगर निगम के वार्ड 35 बटराहा मुहल्ला निवासी चन्द्र यादव के 40 वर्षीय पुत्र विपिन यादव के रूप में हुई है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था।

मृतक पांच संतान का पिता था।जिसमें तीन लड़का दो लड़की शामिल है।विपिन पंजाब के गुरदासपुर में स्पिरिट के फैक्ट्री में पिछले 2 साल से कार्य कर रहा था। विपिन के बड़े दामाद ब्रजेश कुमार ने बताया कि वे 6 महीने पहले ही स्पिरिट फैक्ट्री में काम करने के लिए सहरसा से गया था। घटना 22 अक्टूबर की सुबह की है। जंहा स्पिरिट फैक्ट्री में मशीन का फीता चढ़ाने के क्रम में उसका दाहिना हाथ बुरी तरह कट गया। उसको अस्पताल ले जाने में देरी हुई। जिस वजह से उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि स्पिरिट फैक्ट्री में लापरवाही की वजह से उसकी जान गई है। फैक्ट्री मालिक के द्वारा अब तक किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया गया और उसके डेड बॉडी को एंबुलेंस से सहरसा के बटराहा शनिवार के सुबह पहुंचा दिया गया है। शव पहुंचते ही परिवारों में चीख पुकार मच गई। इधर इस घटना के बाद सहरसा जिला परिषद के उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव पीड़ित परिवारों को मुलाकात करने पहुंचे। जिन्होंने बिहार सरकार से पंजाब सरकार से बातचीत कर मुआवजा दिलाने की मांग किया है। वही राजद के नगर अध्यक्ष ई कौशल यादव पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिहार के मजदूर अक्सर पलायन कर रहे हैं और दूसरे प्रदेश में उनकी जान जा रही है। फैक्ट्री मालिक के द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने पंजाब सरकार से पीड़ित परिवार वालों को 50 लाख रुपए और सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इधर घर का विपिन ही कमाने वाला था और उसकी मौत से पूरे परिवार में अब घर का चूल्हा कैसे चलेगा इसकी चिंता सता रही है।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्वतारोही लक्ष्मी झा को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने की मांग को लेकर महापौर को सौपा ज्ञापन


ज्ञापन सौपते शिष्टमंडल।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आजाद युवा विचार मंच द्वारा पर्वतारोहण के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध बनगांव की बेटी लक्ष्मी झा को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने कि मांग को लेकर नगर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपा गया। मंच के उपाध्यक्ष संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में एक शिष्टमंडल द्वारा सहरसा नगर निगम महापौर बैन प्रिया से मुलाकात करके, पर्वतारोही लक्ष्मी झा को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाएजाने कि मांगो को रखते हुए कहा कि लक्ष्मी झा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई ऊंची पहाड़ियों पर तिरंगा फहराते हुए अपने देश, अपने राज्य का मान और गौरव ऊंचा करने का कार्य किया है। उसने सहरसा का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है जिससे सभी सहरसा वासी गौरवान्वित है। सहरसा के ऐसे प्रतिभाशाली बेटी को नगर निगम द्वारा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाना न सिर्फ सहरसा के एक बेटी का समुचित सम्मान होगा बल्कि समस्त सहरसा वासियों के लिए गौरव की बात होगी। इससे जिले में विभिन्न खेल, पर्वतारोहण एवं अन्य आयामों के लिए तैयारी कर रहे छात्र एवं छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगा। ज्ञापन समर्पित करने वाले शिष्टमंडल में मंच के खुशी भारद्वाज, राहुल मुंतसिर, विकास यादव, प्रणव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाएँ हुईं सम्मानित



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिलाधिकारी।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में बालिकाओं के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनमें आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास करना तथा बालिका शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाधिकारी द्वारा पौधारोपण किया गया। इसके पश्चात राजू कुमार, डीपीओ आईसीडीएस द्वारा जिलाधिकारी को पौधा भेंटकर औपचारिक स्वागत किया गया। सुश्री काजल चैरसिया, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, सहरसा द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी को पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं, जिला मिशन समन्वयक, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, सहरसा द्वारा राजू कुमार, डीपीओ आईसीडीएस एवं डीईओ को पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम को विधिवत आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी राजू कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को दी गई। इस अवसर पर बालिकाओं की शिक्षा, प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 06 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक विभिन्न विद्यालयों में बालिकाओं के लिए पेंटिंग, विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया था। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को आज आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समग्र प्रबंधन सुश्री काजल चैरसिया, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, सहरसा तथा जिला मिशन समन्वयक, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, सहरसा साहित पूरी टीम द्वारा किया गया।कार्यक्रम का समापन बालिकाओं की प्रतिभा, शिक्षा एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

### 40 वर्षों तक मुखिया रहे सच्चिदानंद सिंह के निधन पर शोक, पूर्व मंत्री व भाजपा नेताओं ने परिजनों से की मुलाकात


संवेदना व्यक्त करते पूर्च मंत्री व अन्य।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले की रहुआमणि पंचायत में लगातार 40 वर्षों तक मुखिया एवं कई दशकों तक उपप्रमुख रहे पूर्व जनप्रतिनिधि स्वर्गीय सच्चिदानंद सिंह उर्फ शची बाबू के 90 वर्ष की आयु में निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन को सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। शुक्रवार की संध्या में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन झा, भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह एवं जिला महामंत्री शिवभूषण सिंह ने शची बाबू के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को सांत्वना दी तथा अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। नेताओं ने कहा कि सच्चिदानंद सिंह ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में जनसेवा और पंचायत के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। लगातार चार दशक तक मुखिया एवं कई दशकों तक उपप्रमुख के रूप में उनकी भूमिका क्षेत्र के लोगों के बीच सदैव याद की जाएगी। उनका निधन समाज के लिए एक बड़ी क्षति है।इस दौरान यह भावुक संयोग भी चर्चा में रहा कि शचि बाबू का जन्म जिस तिथि और महीने में हुआ था, उसी तिथि और महीने में उनका निधन भी हुआ।

डीआईजी द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त कोशी अभियान को मिल रही व्यापक सफलता

# 538 लीटर शराब के साथ भारी मात्रा में गांजा, स्मैक व नशीला इंजेक्शन बरामद

अवैध शराब में 84 व सूखा नशा मामले मे 14 व्यक्ति गिरफ्तार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी क्षेत्रान्तर्गत सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिला में डीआईजी डा कुमार आशीष के नेतृत्व में चलाये जा रहे नशा मुक्त कोशी अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। साथ ही इस अभियान में आम जनो का भी अप्रतिम सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र के द्वारा इस अभियान के तहत जारी किये गये हेल्पलाईन नं०-9060384865 पर आम जनता द्वारा बढ़-चढ़कर सूचना दी जा रही है। सूचना देने वाले व्यक्ति का मोबाइल न० एवं उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है। इस हेल्पलाईन से प्राप्त सूचना पर सीधे पुलिस उप महानिरीक्षक के अनुश्रवण में कार्रवाई की जाती है। इस अभियान के तहत विगत सप्ताह 17 से 23 अक्टूबर के दौरान कुल 538.386 लीटर अवैध शराब, गाँजा-348.75 किलोग्राम, स्मैक 622.80 ग्राम,नशीला इंजेक्शन 180 एमएल, मोटरसाइकिल 11, तीन पहिया 03, चार पहिया वाहन 01, देशी कट्टा 01. गैस सिलेण्डर-01, तसला-02, गैस चुल्हा-101, उपकरण-01 एवं मोबाइल-05 बरामद किया गया है। अवैध शराब के गामले में 84 एवं सूखा नशा के मामले में 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा इनलोगों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।उल्लेखनीय है कि इस अभियान के प्रारम्भ होने (फरवरी-2026) से अबतक कुल 79482. 968 लीटर अवैध शराब, अवैध कफ सिरप 4419.591 लीटर, गांजा-8192, 776 किलोग्राम, स्मैक-8826. 142 ग्राम, नशीला इंजेक्शन 13202 एमएल, नशीला टैबलेट 325 अद्द, सिरिंज 01 पैकेट, विदेश निर्मित पिस्टल-02, पिस्टल 02. देशी कट्टा-07,देशी मस्केट-01, मैगजीन 03, कारतूस-38, मोबाइल-98,चार चक्का 37, नाव-02. भारतीय मुद्रा 61,76,252 रूपया, नेपाली मुद्रा 27570 रुपया, ट्रक 02, पासबुक 03. एटीएम कार्ड 01, लोडा का भट्टी 01, इलेक्ट्रीक तराजू-04 बरामद किया गया है। इस मामले में कुल 2532 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आमजनो से अपील है कि नशा मुक्त कोशी अभियान के तहत जारी हेल्पलाईन नं०-9060384865 पर नशा से संबंधित सूचना कॉल, मैसेज एवं व्हाट्स एप के माध्यम से दें। उक्त जानकारी व सूचना में अवैध नशा कारोबारी का नाम, पता, अवैध करोबार करने का स्थान यदि संभव हो तो फोटो, वीडियो भी दे सकते हैं।आपका मोबाइल नंबर एवं पहचान को पूर्णत गोपनीय रखी जायेगी। जिनकी सूचना पर विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी, उन्हें डीआईजी के द्वारा यथोचित रूप से पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोशी क्षेत्र पुलिस नशा मुक्ति हेतु प्रतिबद्ध है। कृपया सूचना देकर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता देकर अवश्य सहयोग करें।


पुलिस उप महानिरीक्षक।

### पिकअप और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर, सहरसा रेफर

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के कुशमी चैक के समीप शनिवार की सुबह मवेशी लदे पिकअप और बाइक के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। जख्मी युवक की पहचान महारस गांव के शर्मा टोला, वार्ड संख्या छह निवासी रामचरण शर्मा के पुत्र निकेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, निकेश कुमार लिट्टी-समोसा की दुकान पर मजदूरी करता है। शनिवार की सुबह करीब 7रू30 बजे वह बाइक से घर से दुकान जा रहा था। इसी दौरान कुशमी चैक के समीप तेलियाहाट की ओर से सिमरी बख्तियारपुर जा रहे मवेशी लदे पिकअप से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया।

आधी रात में आग का तांडव, दो श्रृंगार दुकानें जलकर राख, पुरानी बाजार व पहाड़पुर में अगलगी से मची अफरा-तफरी

# करीब 37 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू


आग बुझाते दमकल कर्मी।


पीड़ित परिवार।

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की आधी रात अगलगी की दो अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मच गया। पुरानी बाजार और चकभारो पंचायत के पहाड़पुर में स्थित दो श्रृंगार दुकानों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते दोनों दुकानें आग की चपेट में आ गईं। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के सामने उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। घटना में दोनों दुकानों में रखा श्रृंगार का सामान सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। दोनों दुकानदारों के अनुसार, अगलगी की इन घटनाओं में करीब 37 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

अगलगी की पहली घटना नगर क्षेत्र के पुरानी बाजार स्थित वार्ड संख्या 18 में हुई। यहां महेंद्र साह की श्रृंगार दुकान में शुक्रवार की आधी रात अचानक आग लग गई। रात का समय होने के कारण अधिकांश लोग अपने घरों में थे। इसी दौरान दुकान से आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान से उठती आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश करने लगे। हालांकि, आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि लोगों को उस पर काबू पाने में सफलता नहीं मिली। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखे श्रृंगार के सामान और अन्य सामग्री को बाहर निकालने का मौका तक नहीं मिल सका। आग की लपटों के कारण दुकान में रखा सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना में महेंद्र साह को करीब 30 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। अगलगी की दूसरी घटना बख्तियारपुर थाना क्षेत्र की चकभारो पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर गांव में हुई। यहां शंभु चैधरी की श्रृंगार दुकान में अचानक आग लग गई। रात के समय दुकान से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लोगों को उम्मीद थी कि समय रहते आग पर काबू पा लिया जाएगा, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा श्रृंगार का सारा सामान जलकर राख हो गया। काफी प्रयास के बावजूद दुकानदार अपनी संपत्ति को बचाने में सफल नहीं हो सके। शंभु चैधरी ने बताया कि इस अगलगी की घटना में करीब सात लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दुकान में रखा सामान पूरी तरह नष्ट होने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। दोनों स्थानों पर आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। हालांकि, जब तक दमकल की टीम आग पर पूरी तरह काबू पाती, तब तक दोनों दुकानों में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। अग्निशमन विभाग की तत्परता से आग को बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दुकानदारों को हुए नुकसान को नहीं बचाया जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों दुकानों में आग लगने की वजह बिजली का शार्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आधी रात में एक ही थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर दुकानों में आग लगने की घटनाओं ने स्थानीय दुकानदारों की चिंता बढ़ा दी है। आग की चपेट में आने से दोनों दुकानदारों की वर्षों की मेहनत और दुकान में रखी पूंजी को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय आग लगने की स्थिति में तत्काल आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसी घटनाओं में समय पर अग्निशमन दल का पहुंचना बेहद महत्वपूर्ण होता है। फिलहाल, दोनों घटनाओं में करीब 37 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# भीड़ बनकर चलना आसान है, लेकिन विवेक के साथ चलना साहस है : डॉ आलोक

**सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री भैरवानंद झा के संचालन में भाजपा जिला कार्यालय पटुआहा सहरसा में जिला स्तरीय बैठक की गई जिसमें अगामी दिनों आयोजित कार्यक्रम लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ विषय पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह ने बैठक को संबोधित किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने अगामी कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि सहरसा जिला के चारों विधानसभा स्तर पर महाविद्यालय में लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ विषय पर सेमिनार एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किये जाऐंगे 28 अक्टूबर को 12 बजे रमेश झा महिला महाविद्यालय सहरसा 29 अक्टूबर को डीसी इंटर कॉलेज सिमरी बख्तियारपुर 30 अक्टूबर को एमएचएम महाविद्यालय सोनवरसाराज 31 अक्टूबर को डिग्री कालेज नवहट्टा मे आयोजित होंगे जिसमें प्रथम पुरस्कार 11000 द्वितीय पुरस्कार 5100 तृतीय पुरस्कार 3100 रुपये मंत्री बिहार सरकार द्वारा दिये जाएंगे। साथ ही 4 नवंबर को लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा एवं आम सभा जिला परिषद मैदान में होगा जिसमें बिहार सरकार के मंत्री संबोधित करेंगें। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने कहा कि भीड़ बनकर चलना आसान है, लेकिन विवेक के साथ चलना साहस है। आवाज उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन दूसरों की आवाज सुनना लोकतांत्रिक संस्कार है। हमें ऐसा भारत बनाना है, जहाँ फैसले शोर से नहीं, संविधान से हों; जहाँ विचारों का मुकाबला हिंसा से नहीं, तर्क से हो; और जहाँ बहुमत की शक्ति के साथ अल्पमत के अधिकारों का भी सम्मान हो।ह्व आइए, हम सब संकल्प लें कि हम भीड़ का हिस्सा मात्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र के जागरूक प्रहरी बनेंगे। इसी विश्वास के साथ कि युवा जागरूक होगा, तो लोकतंत्र मजबूत होगा और लोकतंत्र मजबूत होगा, तो भारत का भविष्य सुरक्षित होगा। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अनमोल भगत ने किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मनोज यादव, रिंकी देवी, जिला मंत्री पंकज पाठक, मुकेश मानस, कुमार गौरव, अरविंद भगत, बिपीन कुशवाहा, अभिषेक पांडेय, अभिनंदन सिंह, शशी सोनी, युवा मोर्चा सुरजीत सिंह कुशवाहा, दिनेश प्रसाद यादव, महिला मोर्चा सुगामनी देवी, रीता देवी, मीना सिंह, रूकमिनी देवी, ज्योति कुमारी, चंदा झा सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।



बैठक में पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता।

# चौथम राज मंदिर की प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन

**चौथम (एनएसबी)।** चौथम राज मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का शनिवार को विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। मां दुर्गा को विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे जुटे। कहीं श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का भाव दिखा, तो कहीं मां की विदाई के समय लोगों की आंखें नम हो गईं। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो मां दुर्गा अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर स्वर्गलोक लौट रही हों। बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों पर शुक्रवार और शनिवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं, चौथम राज दुर्गा मंदिर की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान का माहौल बना रहा। मंदिर के पुरोहित मतेंद्र नाथ मिश्र ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद मां के चरणों का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विसर्जन से पहले मां के चरणों का सिंदूर लेने के लिए महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने मां के चरणों से सिंदूर लेकर अपनी मांग में लगाया और परिवार की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। वहीं, पुरुष श्रद्धालुओं ने मां के चरणों का सिंदूर अपने मस्तक पर लगाकर स्वयं को धन्य माना। इस भावुक पल में श्रद्धा, आस्था और मां के प्रति अटूट विश्वास का अनूठा संगम देखने को मिला। धार्मिक अनुष्ठान के बाद स्थानीय युवाओं ने मां दुर्गा, महिषासुर, बाघ तथा भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती सहित अन्य प्रतिमाओं को ट्रैक्टर पर रखा। इसके बाद जैतरा घोष के साथ प्रतिमाओं को बागमती नदी के विसर्जन घाट तक ले जाया गया, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार उनका जल प्रवाह किया गया। गौरतलब हो कि चौथम राज मंदिर में विसर्जन की एक खास परंपरा भी देखने को मिली। यहां सबसे पहले भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके बाद मां लक्ष्मी, भगवान कार्तिकेय और मां सरस्वती की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। अंत में मां दुर्गा की प्रतिमा को भावपूर्ण विदाई दी गई। मां दुर्गा की विदाई के अवसर पर चौथम राज के युवराज शंभू के अलावा सज्जन कुमार मस्कारा, आशुतोष सिंह, हरे राम मेहता, गोविंद मेहता, राजू शाह, धीरज कुमार, बंटू, ललन कुमार मेहता, संजय कुमार सिंह और पवन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने विसर्जन घाट पर पहुंचकर मां को अंतिम विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की।


विसर्जन करते श्रद्धालु।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने खाई कीटनाशक दवा

**खगड़िया(एनएसबी)।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के थाना बिहपुर अंतर्गत बगैतपुर दुधैला गाँव की 17 वर्षीया लता कुमारी द्वारा कीटनाशक दवा खाने लेने से उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। सदर अस्पताल में उसके भाई ने बताया कि गलती से कीटनाशक दवा खाने से उसे पहले इलाज के लिए नारायणपुर के बाद गोगरी रैफरल अस्पताल ले जाया गया,लेकिन उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे फिर सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि हमलोग मरीज की लगातार निगरानी के बेहतर प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति में कुछ सुधार देखा जा रहा है।

### काली पूजा को लेकर आम सभा का आयोजन

**बेलदौर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेलदौर बाजार के काली माँ प्रांगण में माँ काली पूजा को सफल बनाने को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेश प्रसाद गुप्ता ने की। आम सभा के दौरान नाराज ग्रामीणों ने आवाज उठाई कि माँ दुर्गा मेला में किसी भी प्रकार का सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था। ग्रामीणों की इन बातों को गंभीरता से लेते हुए काली पूजा कमेटी के अध्यक्ष आशीष कुमार गुड्डू ने आश्वासन दिया कि इस बार भव्य किरण म्यूजिकल झांकी ग्रुप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित सभी बुद्धिजीवियों ने अपने-अपने विचार रखे और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में कमेटी के सदस्य अमित कुमार द्वारा पिछली काली पूजा का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर ग्रामीण सदर बहादुर शर्मा, सुशील शर्मा, संजय साह, कैलाश राम के अलावा कमेटी के सदस्य ललन रजक, मेला मालिक त्रिशंकर कुमार, मनोज ठाकुर, बीरू कुमार, गौरव कुमार फंटूश, प्रणव कुमार, पप्पू कुमार, सुमन कुमार, सुदर्शन कुमार, नीरज उर्फ छोटू, उप चेयरमैन प्रतिनिधि सूरज कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### मोटर साईकिल से गिरने से महिला घायल

**बेलदौर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के दिघौन पंचायत के कब्रिस्तान के समीप मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है। घायल महिला की पहचान मधेपुरा जिले के आलमनगर प्रखंड अंतर्गत खापुर पंचायत के रतवारा थाना क्षेत्र स्थित 80 बीघा गांव निवासी राजकुमार मंडल की करीब 35 वर्षीय पत्नी खुशबू देवी के रूप में हुई है। घायल महिला के पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि वे अपनी मां के साथ घर से रिश्तेदार के यहां पीरनगरा जा रहे थे। इसी दौरान दिघौन पंचायत के रुक्मणी गांव स्थित कब्रिस्तान के पास अचानक मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया। इससे उनकी मां मोटरसाइकिल से नीचे गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद दिघौन गांव के स्थानीय निवासी तवरेज आलम, पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद सज्जाद अली तथा कुर्बन गांव निवासी राहगीर जवाहर शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मदद की। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। इस संबंध में बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ मुकेश कुमार ने बताया कि घायल महिला का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है।

## खगड़िया जिला क्रिकेट लीग में एलसीए का ऐतिहासिक प्रदर्शन

### *हेमंत हिमांशु की घातक गेंदबाजी से जेएनकेटी क्लब 87 रनों से पराजित*

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन लीग में एलसीए खगड़िया की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से नया इतिहास रच दिया। जेएनकेटी स्टेडियम, खगड़िया में खेले गए मुकाबले में एलसीए खगड़िया ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों में अपना दम दिखाते हुए जेएनकेटी क्रिकेट क्लब को 87 रनों से करारी शिकस्त दी। इस मुकाबले में एलसीए खगड़िया ने निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 314 रन बनाकर जिला लीग का रिकर्ड स्कोर खड़ा किया। टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलसीए खगड़िया की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। टीम के बल्लेबाजों ने शानदार तालमेल और बेहतरीन शट्स की बदौलत जेएनकेटी क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। एलसीए खगड़िया की ओर से हर्षित आनंद ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 74 रन बनाए। उनकी पारी में आठ शानदार छक्के और तीन चौके शामिल रहे। हर्षित की आक्रामक बल्लेबाजी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं, उत्कर्ष आनंद और प्रिंस कुमार ने 48-48 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं। शुभम कुमार ने 34, विश्वप्रिय ने 31, जटिन ने 23 और आदित्य खुशी ने 21 रन बनाकर टीम के विशाल स्कोर में अहम योगदान दिया। बल्लेबाजों के सामूहिक प्रयास से एलसीए खगड़िया ने 314 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर जिला लीग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। जेएनकेटी क्रिकेट क्लब की ओर से आदित्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए। सौरभ को दो विकेट मिले, जबकि आशीष और नीरज ने एक-एक विकेट चटकाया। 315 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेएनकेटी क्रिकेट क्लब की टीम ने मुकाबले में संघर्ष जरूर किया, लेकिन एलसीए खगड़िया के गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। जेएनकेटी की ओर से खुशहाल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। प्रतीक वत्स ने 42, विकास ने 31, सौरभ ने 26 और आशीष ने 17 रनों का योगदान दिया। इन प्रयासों के बावजूद टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई और 34 ओवर में 227 रन बनाकर अलआउट हो गई। इस तरह एलसीए खगड़िया ने मुकाबला 87 रनों से जीत लिया। बल्लेबाजी में 74 रनों की विस्फोटक पारी खेलने और गेंदबाजी में दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल करने वाले एलसीए खगड़िया के हर्षित आनंद को उनके शानदार अलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन अफ द मैच चुना गया। मैच के मुख्य निर्णायक मनोहर कुमार और संदीप कुमार राज एवं स्कोरर अंकुश कुमार थे। खगड़िया जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव संतोष कुमार ने अपने हाथों से हर्षित आनंद को मैन अफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। हर्षित के प्रदर्शन ने साबित किया कि बड़े मुकाबलों में व्यक्तिगत प्रतिभा के साथ टीम के लिए उपयोगी योगदान भी जीत की राह आसान बनाता है।मुकाबले के दौरान खगड़िया जिला क्रिकेट संघ के सचिव देवराज कुमार, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष बिट्टू कुमार, जूनियर एलसीए के कोषाध्यक्ष सर्वजीत पांडे, एनआईएस एवं बीसीसीआई कोच करमवीर कुमार, खिलाड़ी प्रतिनिधि रजनीश कुमार, विनोद झा और युगल किशोर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से मां-बेटा घायल

**चौथम (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक ई-रिक्शा के पलट जाने से मां-बेटा घायल हो गए। हादसा करुआमोड़ से जवाहर नगर होते हुए भरफोरा जाने वाली सड़क में हुई। दुर्घटना में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, भरफोरा निवासी रणवीर कुमार सिंह की पत्नी गुंजन कुमारी अपने बेटे पाण्डव कुमार के साथ ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। इसी दौरान करुआमोड़ के पास अचानक ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में मां-बेटे घायल हो गए। महिला के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी स्थिति चिंताजनक हो गई, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए बेगूसराय भेजने की सलाह दी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल मां-बेटे को चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। महिला के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें आगे के इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया गया। वहीं, उनके बेटे की चोटों को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटना की सूचना चौथम पुलिस को दी गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को ई-रिक्शा पलटने से मां-बेटे के घायल होने की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## बापू सभागार में आयोजित समारोह में शामिल होने का लिया निर्णय

**पसराहा (एनएसबी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने को लेकर परबत्ता के महदीपुर में बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित की गई। पैक्स अध्यक्ष अदयानंद मेहता के दरवाजे पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता अयोध्या प्रसाद सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान 'साझी रियासत, हमारी सियासत' मुख्य संदेश के साथ आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का


बैठक में बुद्धजीवी व अन्य।

सामूहिक निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सह जदयू जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया था और उनके आदर्श आज भी देश की एकता व आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। बैठक में परमानंद सिंह, राजेंद्र सिंह, चनिक सहनी, रामचंद्र सिंह, रोहिन सिंह, विजय सिंह, बाल्मीकि सिंह, मंटू सिंह, जागेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, रामविलास शर्मा, श्रीकांत सिंह, पंकज सिंह, रणधीर सिंह, प्रदीप सिंह, मणिकांत रजक, अदयानंद सिंह, श्रावण चौरसिया, रमेश मंडल और जोगी सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क का कुछ हिस्सा नीचे धंसने से दुर्घटना की आशंका

**पसराहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र स्थित पसराहा ढ़ाला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 की स्थिति बेहद गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। सड़क का एक बड़ा हिस्सा लगभग पांच फीट नीचे धंस जाने के कारण इस अत्यंत व्यस्त मार्ग पर यातायात पूरी तरह से चरमरा गया है। सड़क के इस तरह क्षतिग्रस्त होने से वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है और पूरा मार्ग वन-वे में तब्दील हो चुका है, जिसके चलते यहाँ आए दिन भीषण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। बताते चले कि पिछले दो महीनों से हालात लगातार बद से बदतर हो रहे हैं, लेकिन एनएचएआई के अधिकारियों की ओर से अब तक इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासनिक लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि धंसे हुए मुख्य हिस्से से महज दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क का दूसरा हिस्सा भी अब धंसने लगा है, जो किसी बड़े और हादसे की स्पष्ट चेतावनी दे रहा है। इस निरंतर लगने वाले लंबे और भीषण जाम के कारण रोजाना सफर करने वाले आम यात्रियों, राहगीरों के साथ-साथ मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते यदि इस दिशा में आवश्यक और प्रभावी मरम्मत कार्य नहीं किया गया, तो कभी भी कोई बड़ा और जानलेवा हादसा घटित हो सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय लोगों और यात्रियों में इस प्रशासनिक उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है और वे जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे हैं।


जर्जर सड़क।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम

**बेलदौर(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के इतमादी पंचायत अन्तर्गत स्वर्णपुरी दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के प्रांगण में षनिवार को बरौनी डेयरी के तत्वावधान में प्रबंध निदेशक रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में योजना के अंतर्गत स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रबंधक ड़ संजीव कुमार सिंह ने स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, उचित रखरखाव, नियमित टीकाकरण एवं मिनाशक दवा के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन के लिए पशुओं का स्वस्थ रहना तथा दुग्ध दोहन


कार्यक्रम में किसान।

के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वहीं, ड़ संजय कुमार ने पशुओं के संतुलित आहार, खतरनाक बीमारियों से बचाव तथा दूध की गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को सीएटी किट के माध्यम से दूध की गुणवत्ता की जांच करने की विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में ड़ शंभू शरण, क्षेत्र प्रभारी कमल किशोर मेहता, पथ प्रभारी बलबीर कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।कार्यशाला का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन पद्धतियों, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं गुणवत्तापूर्ण दूध के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाना था। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने और दुग्ध व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाने में सहायता मिलेगी।

### शिवाजी चौक हलिमपुर गांव में आज मनेगा शरद पूर्णिमा उत्सव

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसब)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शनिवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिवाजी चौक के समीप हलिमपुर गांव में आयोजित होगा। इसकी जानकारी संघ के स्वयंसेवकों ने दी।शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में संघ के कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा।शरद पूर्णिमा भारतीय संस्ति और परंपरा में विशेष महत्व रखती है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस पर्व को पारंपरिक उत्साह के साथ मनाता है।

### सेराज अहमद कुरैशी सम्राट अशोक अवार्ड से हुए सम्मानित

**सोनपुर (एनएसबी)** गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, वरिष्ठ पत्रकार, संपादक एवं इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी को पत्रकारिता, पत्रकार हितों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्राट अशोक अवार्ड से सम्मानित किया गया। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा), उत्तर प्रदेश–पूरब के तत्वावधान में वरिष्ठ अधिवक्ता गुरु प्रसाद मदन व सहायक नगर आयुक्त गोरखपुर सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन, कलेक्ट्रेट कचहरी, गोरखपुर में आयोजित धम्म विजय दशमी एवं सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सेराज अहमद कुरैशी 'इंडिया खबर' एवं 'बेबाक सहाफी' समाचार पत्रों के प्रधान संपादक हैं। प्रेस मिडिया इंग्लिश डेली न्यूज पेपर(हैदराबाद) के नार्थ आप्रेशनल हेड व अनवारुल टाइम्स हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (लखनऊ) से भी जुड़े है। वे पत्रकारिता को जनसेवा, जनजागरण और लोकतंत्र की मजबूती का माध्यम मानते हैं। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान, अधिकारों, चिकित्सा, आवास, पेंशन और कल्याणकारी सुविधाओं जैसे मुद्दों को उठाना उनके कार्यों का प्रमुख हिस्सा है। वर्ष 2008 में स्थापित इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से वे देश के विभिन्न राज्यों तथा नेपाल में पत्रकारों को संगठित करने, सम्मेलनों, बैठकों और सम्मान समारोहों के आयोजन तथा पत्रकारों की समस्याओं को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के प्रयासों से जुड़े हैं। संगठन पत्रकारों पर हमलों, उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के मामलों में निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई तथा सुरक्षित पत्रकारिता का वातावरण सुनिश्चित करने की मांग उठाता रहा है। उनके व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण पक्ष मानवाधिकार, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता है। वे दलित, वंचित, शोषित, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों की समस्याओं को पत्रकारिता के माध्यम से सामने लाने तथा समानता, शिक्षा, न्याय और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हैं। हिंदू–मुस्लिम–सिख–ईसाई एकता, आपसी भाईचारा और मानवता का संदेश भी उनके सामाजिक सरोकारों का हिस्सा है। कृषि विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, भाषा, अध्ययन, अनुसंधान, विश्लेषण और शोधपरक पत्रकारिता जैसे विषयों पर जनजागरूकता को वे समाज की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं।


सम्मानित करते अतिथि'

## बाइक की चपेट में आने से महिला की मौत

**खगड़िया(एनएसबी)।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एन0एच0 -31 पर रहीमपुर बजरंग बली स्थान के निकट सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल से लगी जबदस्त टक्कर में 82 वर्षीया गेनु देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को सदर अस्पताल में इलाज के लाने दौरान मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल सवार फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका रहीमपुर,नन्हकू मंडल टोला निवासी सहदेव प्रसाद की पत्नी थीं जो खगड़िया बाजार से अपनी दवाई वगैरह लेकर वापस घर लौटने समय उक्त घटना घटी। स्थानीय पुलिस की मौजूं में लाश पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**परबत्ता (एनएसबी)।** बच्चों की प्रतिभा को निखारने, बिहार की समृद्ध सांस्तिक विरासत से परिचित कराने और विद्यालय व अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से शनिवार को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), महद्दीपुर, बंदेहरा में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। ष्बिहार की गौरवशाली परंपराएंष् विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और सीखने के प्रति उत्साह की आकर्षक झलक देखने को मिली।विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक गौतम कुमार ने की। संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गईं विभिन्न हस्तनिर्मित कलातियां और आकर्षक मडल रहे। बच्चों की मेहनत, कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच को देखकर अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों ने उनकी जमकर सराहना की। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ बिहार की गौरवशाली परंपराओं के


संगोश्ठी में छात्र व अन्य।

प्रति अपनी समझ भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक गौतम कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। जब शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों की शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रयास करते हैं, तभी उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार होती है। संगोष्ठी के दौरान बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, पठन-पाठन की आधुनिक विधियों और उनके भविष्य को लेकर शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच सार्थक चर्चा हुई। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों की बेहतर शिक्षा और संस्कार निर्माण में हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

# दुर्घटना राहत चिकित्सा यान में मिलीं खामियां, एडीआरएम ने लगाई फटकार

## 24 घंटे के अंदर व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की भी ली जानकारी



निरीक्षण के दौरान अधिकारी से बात करते एडीआरएम।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसब)।** मालदा मंडल के एडीआरएम अमरेंद्र कुमार मौर्य शनिवार की सुबह अपनी टीम के साथ जमालपुर पहुंचे। उनके अचानक निरीक्षण से रेल अधिकारियों और कर्मचारियों में सतर्कता दिखी। एडीआरएम ने सबसे पहले दुर्घटना राहत चिकित्सा यान का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा यान के अंदर कई खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और व्यवस्था में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की कमी, अक्सीजन की व्यवस्था और दवाइयों के रखरखाव में लापरवाही सामने आई। इस पर नाराजगी जताते हुए एडीआरएम ने कहा कि दुर्घटना राहत चिकित्सा यान आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में इसकी सभी व्यवस्थाएं 24 घंटे दुरुस्त रहनी चाहिए। किसी भी आपात स्थिति में संसाधनों की कमी या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अगले 24 घंटे के अंदर चिकित्सा यान की सभी खामियां दूर कर व्यवस्था बेहतर बनाने का निर्देश दिया। चिकित्सा यान के निरीक्षण के बाद एडीआरएम ने जमालपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे विभिन्न कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्टेशन पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को लेकर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, रेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव से भी जानकारी ली। इसके अलावा एडीआरएम रेलवे ट्रैक पर उतरकर परिचालन व्यवस्था को भी देखा।निरीक्षण के दौरान सीनियर डीओएम राहुल कुमार, सीनियर डीएमई रोहित सिंह, सीनियर डीएसटीई राजेंद्र कुमार, सीनियर डीईई खुर्शीद अहमद, सीनियर डीईई चंद्र कुमार पटेल, सीनियर डीएसओ ताराचंद, सीनियर डीईएन विद्युत मंडल और सीनियर डीईएन राजेश कुमार, सीएचआई पंकज कुमार, निरंजन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मयंक राज को तत्काल प्रभाव से हटाया, बाढ़ जिला कमिटी भंग

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** संगठनात्मक कार्यों में लगातार बरती जा रही शिथिलता को गंभीरता से लेते हुए संगठन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला बाढ़ के जिलाध्यक्ष श्री मयंक राज को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया है। इसके साथ ही बाढ़ जिला कमिटी को भी भंग कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, संगठनात्मक गतिविधियों में लगातार अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाए जाने और कार्यों में शिथिलता बरते जाने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। इस कार्रवाई को संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत करने तथा कार्यप्रणाली में सक्रियता लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिलाध्यक्ष को पदमुक्त करने और जिला कमिटी भंग किए जाने के बाद अब संगठन में नए सिरे से जिम्मेदारियां सौंपे जाने की संभावना है। हालांकि, नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति अथवा नई जिला कमिटी के गठन को लेकर फिलहाल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### विश्व हिंदू परिषद ने किया संगठन का विस्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसब)।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से शनिवार को जमालपुर प्रखंड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विहिप के जिला सहमंत्री दिलीप कुमार चौधरी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार करना और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाना रहा।बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सहमंत्री रजनीश ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान संगठन की भावी कार्ययोजना और दायित्वों को लेकर चर्चा की गई। संगठन विस्तार के क्रम में रवि राज को जमालपुर नगर मंत्री तथा संजीत पासवान को जमालपुर नगर सहमंत्री का दायित्व सौंपने की घोषणा की गई।नए दायित्वों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा निर्धारित जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने पर जोर दिया। बैठक में संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर भावेश, विहिप के पूर्व जिला गौरक्षा प्रमुख मुकेश, पूर्व जिला संयोजक आशीष सहित करीब 40 कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के समापन पर संगठनात्मक कार्यो को गति देने और आगामी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

शेष खबरें पेज नं. 11 पर

# गंगा में डूबे राजा झा का चार दिन बाद भी सुराग नहीं

## सिंघिया घाट पर एसडीआरएफ और गोताखोरों का सर्च अपरेशन जारी, शव की तलाश में जुटी टीम

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसब)।** सफियासराय थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट पर गंगा ान के दौरान 40 वर्षीय राजा झा के डूबने की घटना से परिवार और समाज में मातम पसरा है। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी उनका शव बरामद नहीं हो सका है। शव नहीं मिलने से परिजनों की बेचौनी बढ़ती जा रही है। घर में स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार के लोग किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।इधर गंगा में डूबे राजा झा की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार अभियान चला रहे हैं। पिछले चार दिनों से गंगा की लहरों के बीच शव की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है।अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने बताया कि गंगा में डूबे व्यक्ति के शव की बरामी के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार



गंगा में रेस्क्यू कार्य करते एसडीआरएफ।

रेस्क्यू अभियान चला रही है। शव की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।वहीं वार्ड प्रतिनिधि लाल यादव ने बताया कि घटना के बाद शुरुआती दौर में डूबे व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में परिजनों ने गंगा किनारे मिले चप्पल और शर्ट तथा राजा झा के चार दिनों से घर से लापता होने के आधार पर उनकी पहचान की। पहचान होने के बाद भी शव बरामद नहीं होने से परिजन गहरे सदमे में हैं।चार दिनों से जारी तलाश के बावजूद शव नहीं मिलने से परिवार की उम्मीदें और चिंता दोनों बढ़ती जा रही हैं। परिजन अपनों के अंतिम दर्शन के इंतजार में टकटकी लगाए हुए हैं।

# जमालपुर में 25 देशों के साधकों का संगम, विश्वभर में गूंजेगा बाबा का संदेश

## 25 देशों के साधकों को मिला आध्यात्मिक ज्ञान बाबा के विचारों को विश्वभर में पहुंचाने का संकल्प





प्रवचन करते पुरोधा प्रमुख झूमती आनंद मार्गी।

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसब)।** विश्व धर्म महासम्मेलन के दूसरे दिन आध्यात्मिक प्रशिक्षण और आनंद मार्ग के सिद्धांतों पर विशेष जोर दिया गया। पुरोधा प्रमुख विश्व देवानंद अवधूत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश से पहुंचे साधकों को संगठन की आध्यात्मिक विचारधारा, नैतिक जीवन, अनुशासन और मानव कल्याण के आदर्शों से अवगत कराया गया।हांगकांग, वियतनाम, फ्रांस, नेपाल, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्राजील, अस्ट्रेलिया और केन्या सहित करीब 25 देशों से पहुंचे लगभग 50 आनंद मार्गियों को बाबा नाम केवलम के सिद्धांतों, आदर्शों और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान साधकों को अवधूत एवं अवधूतिका के रूप में संन्यासी जीवन अपनाने की प्रक्रिया, उससे जुड़े अनुशासन और दायित्वों के बारे में भी बताया गया। उन्हें परमपिता बाबा के विचारों को देश-दुनिया में जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न देशों के साधकों को एक मंच पर लाकर आध्यात्मिक विचारों का आदान-प्रदान करना और मानव कल्याण के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है। इस दौरान उपस्थित अवधूत एवं अवधूतिकाओं ने आनंद मार्ग के आदर्शों को आत्मसात करने और परमपिता बाबा की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं, 72 घंटे के अखंड कीर्तन में साधक भक्ति और आध्यात्मिक साधना में लीन रहे। उन्हें बाबा नाम केवलम मंत्र का सही भाव से पाठ करने, कीर्तन की भावना को समझने तथा दूसरों को भी इससे जोड़ने की विधि बताई गई। धर्म महासम्मेलन में आचार्य प्रणवेशानंद अवधूत, आचार्य कमलेशानंद अवधूत, आचार्य मेघदीपानंद अवधूत, आचार्य विमलानंद अवधूत, आचार्य कल्याण मित्रानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत और आचार्य मधुवार्तानंद अवधूत सहित देश-विदेश से हजारों आनंद मार्गी शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र की मेला के तैयारी की संयुक्त समीक्षा की

**सोनपुर (एन एसबी)** समाहरणालय सारण छपरा, जिला जनसंपर्क कार्यालय, सारण, छपरा, हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2026 की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त समीक्षा बैठक, सभी कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश स्वागत, सांस्तिक कार्यक्रम, साफ-सफाई, पेयजल, घाट सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, प्रदर्शनी, बुक फेयर एवं प्रचार-प्रसार की तैयारियों की हुई विस्तृत समीक्षा। भीड़ प्रबंधन, सुचारु यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था पर विशेष जोरय जेपी सेतु पर जाम की समस्या से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, सारण श्री वैभव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला आयोजन से संबंधित विभिन्न कोषांगों की तैयारियों, अब तक की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मेला आयोजन को अधिक आकर्षक, जनोपयोगी, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। 1 स्वागत समिति एवं अतिथियों के आमंत्रण की समीक्षा- स्वागत समिति के अंतर्गत अब तक विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, विशिष्ट अतिथियों एवं संबंधित संस्थाओं से किए गए समन्वय की समीक्षा की गई।



मेला परिसर में जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक अन्य।

#### जिन अतिथियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाना है, उनकी सूची तैयार कर आमंत्रण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया

संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए स्वागत एवं अतिथि सत्कार से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा गया। 2 सांस्तिक कार्यक्रमों को विविधतापूर्ण एवं आकर्षक बनाने का निर्देश-सांस्तिक कार्यक्रम कोषांग की समीक्षा के दौरान विभिन्न कलाकारों एवं सांस्तिक समूहों से संपर्क तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। मेला की सांस्तिक पहचान एवं विविधता को ध्यान में रखते हुए लोकनृत्य, लोकगायन, प्रसिद्ध पार्श्व गायकों की प्रस्तुतियां, सूफी एवं कव्वाली कार्यक्रम तथा आध्यात्मिक प्रस्तुतियां आयोजित करने की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को कलाकारों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों की सूची, संभावित तिथियों एवं आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं को शीघ्र अंतिम रूप देने को कहा गया। 3 साफ-सफाई एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश। जिला पदाधिकारी ने मेला क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। मेला परिसर, प्रमुख मार्गो, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्वच्छता की समुचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया। श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। संबंधित पदाधिकारियों को इन व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। 4 घाट सुरक्षा एवं बैरिकेडिंग की समीक्षा। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संबंधित निर्माण एजेंसी को घाटों एवं आवश्यक स्थानों पर मजबूत एवं व्यवस्थित बैरिकेडिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने को कहा गया। सभी सुरक्षा संबंधी संरचनाओं एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की जांच करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा अथवा जोखिम का सामना नहीं करना पड़े। 5 अस्थायी विद्युत व्यवस्था एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था। अस्थायी विद्युतीकरण कोषांग की समीक्षा के दौरान पूरे मेला क्षेत्र तथा वहां तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मेला परिसर में स्थापित पंडालों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों को दिए जाने वाले विद्युत कनेक्शनों की समुचित जांच करने को कहा गया।

#### जहां-जहां प्रकाश व्यवस्था की गई है, वहां उसकी कार्यशीलता एवं सुरक्षा की नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया

संबंधित पदाधिकारियों को विद्युत व्यवस्था की सतत निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा विद्युत संबंधी अव्यवस्था को तत्काल दूर करने के लिए आवश्यक तैयारी रखने को कहा गया। 6 सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रदर्शनी, स्टल एवं दुकानों की समीक्षा। जिला पदाधिकारी ने सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रदर्शनी, विभिन्न विभागों के स्टल तथा दुकानों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदर्शनी एवं स्टल केवल सूचना अथवा प्रदर्शन तक सीमित न रहें, बल्कि उनके माध्यम से आम लोगों को वास्तविक लाभ एवं आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। चिकित्सा संबंधी प्रदर्शनी या डिस्प्ले लगाने वाले विभागों को यथासंभव संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भूमि संबंधी अभिलेखों, नक्शों एवं मैपिंग आदि के विषय में आम लोगों को जानकारी देने तथा आवश्यकतानुसार संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने को कहा गया। सभी विभागों को अपने स्टल को जनोपयोगी, सूचनाप्रद एवं आम लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने का निर्देश दिया गया। 7 आउटडोर कार्यक्रम एवं बुक फेयर का आयोजन आउटडोर कार्यक्रम आयोजन कोषांग की समीक्षा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी एवं समय-निर्धारण पर चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि मेला के दौरान 17 दिसंबर से 23 दिसंबर, 2026 तक बुक फेयर आयोजित करने की व्यवस्था की जाएगी। बुक फेयर से संबंधित आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा पाठकों एवं पुस्तक प्रेमियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक समन्वय करने का निर्देश दिया गया। कला एवं संसति विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले 'इंद्रधनुष' कार्यक्रम के लिए तिथियां निर्धारित करने तथा विभाग के साथ समुचित समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की तैयारियां आगे बढ़ाने को कहा गया। 8 प्रचार-प्रसार, विज्ञापन एवं मीडिया प्रबंधन प्रचार-प्रसार, विज्ञापन एवं मीडिया कोषांग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने मेला से संबंधित गतिविधियों का नियमित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर दैनिक आधार पर मेला से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां, कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं अन्य उपयोगी सूचनाएं प्रसारित करने को कहा गया। प्रचार-प्रसार की सामग्री इस प्रकार तैयार करने का निर्देश दिया गया, जिससे आम लोगों की मेला के प्रति रुचि बनी रहे और उन्हें कार्यक्रमों, सुविधाओं एवं आयोजन से जुड़ी नवीनतम जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके। संबंधित पदाधिकारियों को मीडिया एवं प्रचार-प्रसार से जुड़े कार्यो में समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। 9 सारण स्मारिका के प्रकाशन की तैयारी स्मारिका कोषांग की समीक्षा के दौरान मेला से संबंधित स्मारिका के प्रकाशन की तैयारियों पर चर्चा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को स्मारिका की सामग्री संकलन, आवश्यक समन्वय एवं प्रकाशन से जुड़े कार्यो को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। 10 यातायात, पार्किंग एवं भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक श्री रोशन कुमार ने मेला के दौरान संभावित भारी भीड़ को देखते हुए यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया। मेला क्षेत्र एवं उससे जुड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

#### वाहनों की संख्या एवं संभावित भीड़ का पूर्व आकलन करते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्तसंसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

पार्किंग स्थलों की व्यवस्था, वाहनों के आवागमन एवं भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता के अनुरूप कार्ट, बाइक एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा उनके लिए कर्मियों की तैनाती का पूर्व आकलन करने को कहा गया। जेपी सेतु पर जाम की संभावित समस्या को ध्यान में रखते हुए क्रेन, आवश्यकतानुसार कार्ट एवं बाइक की तैनाती, पुलिस बल एवं अन्य संबंधित कर्मियों की प्रतिनियुक्ति तथा जाम की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए पहले से विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# दरभंगा स्नातक में 40 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 13 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद, चल पड़ा कयासबाजियों का दौर

**27 अक्टूबर मतगणना, जबरदस्त मतदान से शिक्षक विधान पार्षद प्रत्याशियों में उत्साह, वही कम मतदान ने बिगाड़ा स्नातक प्रत्याशियों का गणित**

संजय कुमार राजा

**समस्तीपुर एनएसबी।** चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में द्विवार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इसके साथ ही सभी प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 40 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अब सबकी निगाहें 27 अक्टूबर पर टिकी हैं, जब मतगणना के बाद चुनावी तस्वीर स्पष्ट होगी। उधर, मतदान के समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच संभावित परिणामों को लेकर अटकलों और कयासबाजियों का सिलसिला चल पड़ा है। प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदान के रुझानों का अपने-अपने स्तर पर आकलन कर रहे हैं।

**स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कम मतदान से दावदारों का बिगड़ रहा गणित**

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 40 प्रत्याशियों की मौजूदगी से मुकाबला बहुकोणीय हो गया है। इतने अधिक प्रत्याशियों के बीच मतों का बंटवारा चुनावी परिणाम को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक हो सकता है। प्रत्याशियों के प्रदर्शन पर उनके समर्थकों का आधार, मतदाताओं से संपर्क, चुनाव पूर्व की सक्रियता और चुनावी रणनीति जैसे पहलुओं का प्रभाव पड़ने की संभावना है। हालांकि स्नातक मतदाताओं की उदासीनता के फलस्वरूप हुए कम मतदान प्रतिशत ने दावेदारों के गणित को उलझा दिया है। कम मतदान प्रतिशत को निवर्तमान प्रत्याशी के उदासीन रवैये का परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इन कारकों का वास्तविक असर मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा। किस प्रत्याशी ने मतदाता का भरोसा जीतने में सफलता हासिल किया किसको मतदाताओं का पर्याप्त समर्थन मिला और किसकी रणनीति अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर सकी यह तो परिणाम से ही पता चलेगा।

**शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भी मामला दिलचस्प**

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 13 प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में होने और मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह के कारण करीब 86 प्रतिशत मतदान से यहां भी परिणाम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शिक्षक मतदाताओं की प्राथमिकताओं के परिपेक्ष्य में प्रत्याशियों की स्वीकार्यता और उनके प्रति भरोसा और उनके पक्ष में समर्थन जुटाने की क्षमता चुनावी परिणाम की दिशा तय करेगी। मतदान के बाद प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने पक्ष में परिणाम की उम्मीद जता रहे हैं।

**मतगणना 27 को**

दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों और समर्थकों की निगाहें 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। मतगणना के बाद यह स्पष्ट होगा कि मतदाताओं ने किसे अपना प्रतिनिधि चुना है। फिलहाल प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच संभावित परिणामों को लेकर अलग-अलग आकलन किए जा रहे हैं। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार में पहुंचे भूमि विवाद के पांच मामले, दो का निष्पादन ऑन स्पॉट

**तीन मामलों में अगली तारीख पर होगी सुनवाई**

**विद्यापतिनगर एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े पांच मामले सुनवाई के लिए पहुंचे। इनमें दो मामलों का निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष तीन मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं पीटीसी रविन्द्र कुमार की मौजूदगी में संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की। जनता दरबार के माध्यम से भूमि विवादों के समाधान की दिशा में पहल की गई, जिससे फरियादियों को अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित फरियादी मौजूद थे।

### नौ में दो मामला निष्पादित

**दलसिंहसराय एनएसबी।** भूमि विवाद को लेकर अंचल कार्यालय पर जनता दरबार आयोजित की गयी जनता दरबार में पुराने पांच मामले चल रहे थे वही इस बार चार और मामले सामने आए कुल मिलाकर नौ मामले में वादी प्रतिवादी के कागजातों का गहन अध्ययन किया गया कागजातों को देखने के बाद आपसी समन्वय के आधार पर दो विवाद का निपटारा किया गया मौके पर राजस्व कर्मचारी कृष्ण कांत मंडल, कार्यालय सहायक राम कुमार कर्ण समेत विवाद से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में फोकल शिक्षिका बीवी शकीला रहमान के द्वारा मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मानव जनित आपदा से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि पर्व, त्यौहार,मेला या अन्य उत्सव के समय भीड़ एवं उसमें होने वाले भगदड़ से कई जोखीम होता है। इसलिए इससे बचने हेतु सुरक्षित मार्ग का उपयोग करना, बच्चे, बूढ़े एवं महिलाओं को सावधानी पूर्वक चलना, अपने पास आवश्यक मोबाइल नंबर रखना, पुलिस की सहायता प्राप्त करना, बीमारों की मदद करना चाहिए।इस अवसर पर शिक्षक विमल कुमार साह ने मॉक ड्रिल करवा कर बचाव के अन्य उपाय को बताया। दूसरे सत्र में शतरंज की पाठशाला प्रशिक्षणचार्या के दूसरे दिवस पर शिक्षक मो. सादुल्लाह ने डिजिटल बोर्ड की सहायता से मोहरों की चाल को समझाया एवं बच्चों में शतरंज प्रतियोगिता करवा कर उनमें शतरंज के प्रति जागरूकता पैदा किया। साथ ही इको क्लब के नोडल शिक्षक संजीव कुमार झा के नेतृत्व में ई कचरा प्रबंधन के तहत काले डस्टबिन में ई कचरा का सुरक्षित निपटान करना सिखाया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, बाल संसद, मीना मंच, यूथ क्लब, इको क्लब के सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया।

### प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों में होगा नियमित क्रियान्वयन

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने विद्यालयों में सुरक्षा संबंधी गतिविधियों को गंभीरता से लागू करने और बच्चों को आपदा से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी देने पर जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों तक पहुँचाने तथा कार्यक्रम को नियमित गतिविधियों का हिस्सा बनाने की आवश्यकता बताई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। इसके तहत प्रत्येक विद्यालय में फोकल शिक्षक एवं बाल प्रेरकों का चयन, विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का गठन, फोकल शिक्षक और बच्चों के सहयोग से हैजार्ड हंट के माध्यम से संभावित जोखिमों की पहचान तथा विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही, निर्धारित गतिविधियों का प्रत्येक शनिवार संचालन और किए गए कार्यों से संबंधित आँकड़ों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सामने आई कमियों को दूर करते हुए नोडल शिक्षकों एवं मास्टर प्रशिक्षकों को अपने-अपने प्रखंडों के प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सहयोग करना है। प्रशिक्षण में यूनिसेफ के राज्य समन्वयक एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉ. पल्लव कुमार, सारण के राज्य प्रशिक्षक संदीप कुमार, मुंगेर के नवनीत कुमार विमल तथा समस्तीपुर के सुभीत कुमार सिंह, मंगलेश कुमार, सदफ नाज एवं मिन्की कुमारी ने मास्टर प्रशिक्षकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

### वाशिंग पिट का निर्माण शुरू, समस्तीपुर जंक्शन से लंबी दूरी की ट्रेनें खुलने का रास्ता साफ*

**दिसंबर तक पूरा होगा 2.50 करोड़ रुपये की लागत से 10 बोगियों वाले वाशिंग पिट का निर्माण***

**भोला टॉकीज ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने के लिए 1 नवंबर को पदयात्रा करेगा मंच***

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** समस्तीपुर जंक्शन से लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की दिशा में वाशिंग पिट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शनिवार को रेल विस्तार एवं विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने निमार्णाधीन वाशिंग पिट का निरीक्षण किया। मंच के अनुसार, करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 10 बोगियों की क्षमता वाले वाशिंग पिट का निर्माण दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। मंच ने बताया कि पहले से निर्मित 12 बोगियों की क्षमता वाले वाशिंग पिट और नवनिर्मित 10 बोगियों की क्षमता वाले वाशिंग पिट को मिलाकर कुल 22 से अधिक बोगियों की क्षमता उपलब्ध होगी। वाशिंग पिट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण समस्तीपुर जंक्शन से लंबी दूरी की ट्रेनों को खोलने में कठिनाई हो रही थी। निर्माण पूरा होने से इस दिशा में सुविधा बढ़ने की उम्मीद है। रेल विस्तार एवं विकास मंच ने वाशिंग पिट की स्वीकृति और निर्माण को अपने निरंतर संघर्ष का परिणाम बताया। मंच ने इस मांग को लेकर रविवार को प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की। साथ ही, लंबे समय से बंद पड़े भोला टॉकीज रेल ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने की मांग को लेकर 1 नवंबर को निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास पदयात्रा आंदोलन करने का निर्णय लिया। निरीक्षण के दौरान रेल विस्तार एवं विकास मंच के संयोजक शत्रुघ्न राय पंजी, भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता शाहीद हुसैन एवं अशोक राय, राजद के राकेश कुमार ठाकुर, राम विनोद पासवान एवं मनोज कुमार राय, कांग्रेस के विश्वनाथ सिंह हजारी तथा सुशील कुमार राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर आज

**ह्यफिजियोहिलह्य एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में आयोजित होगा**

**शिविर में मरीजों को दिया जाएगा निःशुल्क परामर्श**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के विष्णु नगर जेड चैक के समीप ह्यफिजियोहिलह्य एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में 25 अक्टूबर 2026 रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि निःशुल्क फिजियोथैरेपी एवं परामर्श शिविर में मरीज को निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में कमर दर्द, कूल्हे में दर्द, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द, एड़ी में सूजन व दर्द, शरीर में लकवा, घुटने का दर्द, खेल संबंधित मांसपेशियों में चोट, फ्रैक्चर व सर्जरी के बाद अकड़न का इलाज, हाथ व पैरों में झनझनाहट एवं सुन्नपन वाले मरीज निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कैंप में शामिल होने वाले मरीजो का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को इलाज में विशेष लाभ दिया जाएगा। शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 तक चलेगा।

## 'सुरक्षित शनिवार' पर राजकीय प्राथमिक मकतब में सड़क दुर्घटना से बचाव पर विशेष गतिविधि आयोजित

**विद्यापतिनगर एनएसबी ।** मुख्यमंत्री सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में ह्यसुरक्षित शनिवारह्न के अवसर पर सड़क दुर्घटना से बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देना तथा उन्हें सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके अनेक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्हें सड़क पार करते समय पहले दाएँ-बाएँ देखकर सुरक्षित स्थान से पार करने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, यातायात संकेतों एवं लाल, पीली और हरी बत्तियों का अर्थ समझने तथा सड़क पर खेलकूद नहीं करने की सीख दी गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना, कार में सीट बेल्ट लगाना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को जागरूक करते हुए समझाया गया कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सड़क पर हमेशा सतर्क रहना चाहिए और दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश अपने परिवार एवं आसपास के लोगों तक पहुँचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि समाज में सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित हो सके। विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो० मेराज ने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। बच्चे जब यातायात नियमों को समझते हैं और उन्हें अपने व्यवहार में अपनाते हैं, तो वे न केवल स्वयं सुरक्षित रहते हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी जागरूक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करना नहीं, बल्कि अपने और दूसरों के जीवन की रक्षा करने की जिम्मेदारी भी है। मौके पर फोकल शिक्षक मंजूर आलम, इकराम हुसैन, विजय कुमार, सुमैया अहमदी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।




## सुरक्षित शनिवार पर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव की दी गई जानकारी

**सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल में यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक**

**विद्यापतिनगर एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के मऊ बाजिदपुर दक्षिण स्थित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने तथा दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क पार करते समय पहले दोनों ओर देखकर ही आगे बढ़ना चाहिए। सड़क पर चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। वहीं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना जरूरी है। बच्चों को यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाले हादसों के प्रति भी सचेत किया गया। विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य अमित भूषण ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ जीवनोपयोगी और व्यावहारिक जानकारी देना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उनमें सतर्कता की आदत विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम को कम किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

## सुरक्षित शनिवार से सुरक्षित विद्यालयों की ओर, समस्तीपुर में मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**डीडीसी ने किया उद्घाटन, सभी प्रखंडों के नामित शिक्षक हुए शामिल**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम ह्यसुरक्षित शनिवारह्न को जिले के सभी विद्यालयों में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से शनिवार को बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 से 28 अक्टूबर तक शहर के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड में निर्धारित विभिन्न बैचों में आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन जिले के 10 प्रखंडों से नामित शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस में जिले के सभी प्रखंडों से छह-छह शिक्षकों को नोडल शिक्षक एवं मास्टर प्रशिक्षक के रूप में नामित किया गया है। ताकि प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों में कार्यक्रम का नियमित संचालन और प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर सर्व प्रथम उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना जमालुद्दीन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान शुभम कसौधन, यूनिसेफ के आपदा जोखिम न्यूनीकरण विशेषज्ञ राजीव कुमार, शिक्षा विशेषज्ञ बसंत कुमार सिंह, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के राज्य सलाहकार अशोक कुमार शर्मा, लेखा पदाधिकारी सुनील कुमार एवं मीडिया समन्वयक हरिश्चंद्र राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन सुभीत कुमार सिंह ने किया। इससे पूर्व डीपीओ एसएसए शुभम कसौधन ने आगंतुक अतिथियों एवं मुख्य प्रशिक्षकों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। स्वागत संबोधन में उन्होंने मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों और विद्यालय स्तर पर इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, बच्चों को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा विद्यालयों में सुरक्षा की संस्कृति विकसित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

## ताजपुर में लूटकांड का 24 घंटे में खुलासा, पांच आरोपित गिरफ्तार

**हथियार दिखाकर युवक से 20 हजार रुपये और मोबाइल लूटने का आरोप**

**लूट में इस्तेमाल मारुति सुजुकी कार और लूटा गया मोबाइल बरामद**



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** ताजपुर थाना क्षेत्र में युवक से लूट की घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई मारुति सुजुकी कार और लूटा गया सैमसंग कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया है। हालांकि, लूटे गए 20 हजार रुपये की बरामदगी के संबंध में पुलिस विज्ञप्ति में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 5:45 बजे ताजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर भिंडी स्थित फोरलेन के पास उजले रंग की चारपहिया गाड़ी पर सवार पांच अज्ञात लोगों ने आधारपुर निवासी सुकेश कुमार राय (26) को घेर लिया। आरोप है कि मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देकर उनसे सैमसंग कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल और 20 हजार रुपये नकद लूट लिए गए। इस मामले में ताजपुर थाना कांड संख्या 244/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(2) में प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। पुलिस टीम ने छानबीन के दौरान कथित रूप से घटना में शामिल गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस विज्ञप्ति के मुताबिक, उससे पूछताछ और उसकी निशानदेही पर चार अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान ताजपुर थाना क्षेत्र के चक सिकंदर निवासी गुड्डू कुमार (20), मनीष राज (23), सत्यम कुमार (20) और अमृतपुर निवासी प्रतीक कुमार (20) तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुर जितवारपुर निवासी आशीष रंजन (21) के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ के दौरान अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई जेएच-01-बीटी-6410 नंबर की मारुति सुजुकी कार और लूटा गया मोबाइल बरामद करने की बात कही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है।

## जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, समस्तीपुर और क्राई-चाइल्ड राइट्स एण्ड यू के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सरायरंजन एनएसबी।** प्रखंड अंतर्गत गंगसारा पंचायत के वार्ड नं 10 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 111 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरायरंजन के सहयोग से जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, समस्तीपुर और क्राई-चाइल्ड राइट्स एण्ड यू के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव की किशोरिओं बालिकाओं का हिमोग्लोबिन, लंबाई और वजन जांच किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरायरंजन से डाङ्ग सचिन ने बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं साफ सफाई, खान पान पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि गांव की गरीब बालिकाओं में स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याएं सामने आ रही है। अधिकांश बालिकाओं में उम्र के हिसाब से शरीर की लंबाई, वजन के अनुपात में कभी पाई गई है। हिमोग्लोबिन का दर मानक से बहुत ही कम है। जांच के बाद बच्चों, किशोरियों, महिलाओं को उचित दवा निशुल्क उपलब्ध कराई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ए एन एम खुशबू कुमारी और प्रियंका कुमारी ने शिविर को सफल बनाने में अहम भुमिका निभाई। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका शांति रानी गुप्ता, आशा कार्यकर्ता गायत्री देवी, पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार साह, डा० रामसुरत प्रियदर्शी के आलावा जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के वीणा कुमारी, किरण कुमारी, ललिता कुमारी, हर्ष मोहन कुमार, बलराम चौरसिया, रामप्रीत चौरसिया, बबीता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यनारायण साह, डा० राजकुमार साह, वकील साह मौजुद थे।




शिविर के संबंध में जानकारी साझा करते हुए जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र और क्राई-चाइल्ड राइट्स एण्ड यू ने सरायरंजन प्रखंड पांच गांव को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत पायलट प्रोग्राम के रुप में लिया है। जहां सबसे अधिक गरीबी और अशिक्षा का माहौल है, साफ सफाई का अभाव है, तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी बहुत कम है। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से चिन्हित कुल 200 बालिकाओं को स्वास्थ्य कार्ड मुहैया कराया जा रहा है। शिविर का समापन हेल्थ मैनेजर फि रदौस आलम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रवीन्द्र पासवान ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एलटी वायर की चपेट में आने से किसान की मौत, परिजनों में कोहराम

**डोभी (एनएसबी)।** डोभी थाना क्षेत्र के लालूटोला निवासी सुरेंद्र यादव की शनिवार को एलटी बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना डोभी सब स्टेशन के पीछे खेत में हुई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र यादव अपने खेत में पटवन करने के लिए गए थे। इसी दौरान खेत में एलटी बिजली का तार गिरा हुआ था, जिसकी चपेट में आने से वह करंट लगने के बाद छटपटाने लगे। कुछ देर बाद खेत में काम कर रहे स्थानीय लोगों की नजर उन पर पड़ी। इसके बाद लोगों ने घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। आनन-फानन में घायल सुरेंद्र यादव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), डोभी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि करंट लगने से उनके शरीर पर कई जगह जख्म के निशान थे।

### टिकारी में 42 लाख का धान घोटाला, पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

**डोभी (एनएसबी)।** केसपा पैक्स में धान अधिप्राप्ति में 42 लाख रुपये की कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। यह घटना की जानकारी थाना अध्यक्ष सत्यम कुमार ने दी। पैक्स ने 79 किसानों से 514.20 मीट्रिक टन धान खरीदा था। इसके बदले 349.656 एमटी सीएमआर चावल एस एफ सी को देना था, लेकिन आरोप है कि केवल 230.278 एमटी जमा हुआ। 119.378 एमटी सीएमआ र (कीमत करीब 42,02,808) अभी भी बकाया है। शिकायतकर्ता संदीप कुमार (ग्राम-कसमा मरार) की शिकायत पर जिला सहकारिता पदाधिकारी के आदेश पर अलीपुर थाना कांड संख्या 107/26 में मामला दर्ज हुई है। जब जांच टीम गोदाम सत्यापन के लिए पहुंची तो गोदाम बंद मिला और पैक्स अध्यक्ष द्वारा सहयोग नहीं करने का आरोप है। आशंका है कि बकाया धान खुले बाजार में बेच दिया गया। पैक्स अध्यक्ष सुबोध कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अब जांच में स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान किया।

### टिकारी के 100 साल पुराने तालाब को मिला नया जीवन

**टिकारी (एनएसबी)।** क्षेत्रीय विधायक अजय कुमार और नगर परिषद सभापति मो. अजहर इमाम ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में बने नए जल मीनारों का भी उद्घाटन हुआ, जिससे अब हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि ह्यइससे जल संरक्षण और नागरिक सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। सभापति अजहर इमाम ने कहा मैं सेवा की भावना से इस पद पर आया हूँ। ये ऐतिहासिक तालाब बहुत दयनीय स्थिति में था, अब इसका जीर्णोद्धार हुआ है। इसकी हिफाजत करना हम सबका कर्तव्य है। तालाब की शोभा जल से और जल की शोभा स्वच्छता से है। इस दौरान पार्षद संध्या गुप्ता, रंजीत कुमार, रेयाज अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि मो. तौहीद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। टिकारी के वार्ड 21 के 100 साल पुराने तालाब का नया रूप हुआ।

### पुलिस ने नशा मुक्ति के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** दिनांक 24.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशनानुसार इमामगंज थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों द्वारा इमामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय एवं गुरुकुल कोचिंग संस्थान में नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त समाज के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही, नए आपराधिक कानूनों, विशेषकर भारतीय न्याय संहिता के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें कानून के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाया गया।

### शादी की नीयत से अपहरण मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, युवती बरामद

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र से शादी की नीयत से युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। अरवल पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, युवती की मां ने मेहंदिया थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया था कि चंदन कुमार, पिता अजय रजक, ग्राम करण बिगहा, थाना मेहंदिया, जिला अरवल ने उनकी पुत्री को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। इस मामले में मेहंदिया थाना कांड संख्या 127/26 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार को युवती की सकुशल बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तकनीकी अनुसंधान के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए झारखंड की राजधानी रांची में छिपा हुआ है। इसके बाद मेहंदिया थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रांची जिले के पिठौरिया थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान युवती को सकुशल बरामद करते हुए आरोपित चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### चोरी के 36000 रुपए के मोबाइल बरामद कर मोबाइल धारक को सौंपा, दो गिरफ्तार

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** दिनांक 24.10.2026 को आरपीएफ, गया ने गया रेलवे स्टेशन पर अपराधिक गतिबिधि की निगरानी हेतू गस्त कर रहे थे। गस्त के कम में गया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 बी के



दिल्ली छोर के पास दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उसी स्थान पर रोककर पूछताछ करने पर वह घबराने लगा। विश्वास मे लेकर नाम व पता पूछने पर कमशः 1. नाम सुरज राम उम्र 41 वर्ष, पिता स्वं० ठाकुर राम, ग्राम-रेम्बा, पोस्ट-रेम्बा, थाना हीराडिह, जिला-गिरिडिह (झारखण्ड) 2. राहुल कुमार उम्र 24 वर्ष पिता अर्जुन ठाकुर, पता-भागलपुर बोधगया, वार्ड न०. 09, थाना बोधगया, जिला गयाजी (बिहार) बताया। स्टेशन आने के संबंध में पूछने पर घबड़ाते हुए बताया कि दोनों गया स्टेशन से रेल यात्री के मोबाईल चोरी किये हैं। तलाशी लेने पर सूरज राम के कब्जे से चोरी का एक अदद ओपो कंपनी का स्कीन टच मोबाइल चालु अवस्था में बिना सिम का तथा राहुल कुमार के कब्जे से एक अदद विवो कंपनी का स्कीन टच मोबाइल स्कीन लॉक अवस्था में बिना सिम कार्ड का चोरी का बरामद हुआ। मौके पर समस्त विधिवत कार्रवाई करते हुए उ0नि0 सत्येंद्र कुमार द्वारा दी गई प्राथमिक के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु जीआरपी गया को सुपुर्द किया गया। बरामद चोरित मोबाइलों का अनुमानित कीमत लगभग 36000 रुपये आंकी गई है।

### नाबालिग छात्रा को बाइक पर ले जाने के आरोप में ग्रामीणों ने शिक्षक को पकड़ पुलिस को सौंपा

**कुर्था (एनएसबी)।** अरवल के कुर्था थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा को बाइक पर बैठाकर ले जाने के आरोप में एक सहायक शिक्षक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। छात्रा के पिता ने शिक्षक पर गलत नीयत से पुत्री को ले जाने और अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के पौथनी गांव निवासी राजीव रंजन पीएम श्री सर्वोदय उच्च विद्यालय।लारी में हिंदी विषय के सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि शनिवार की सुबह वह विद्यालय में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा को बाइक पर बैठाकर कहीं ले जा रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए शिक्षक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि छात्रा शनिवार की सुबह कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी। बाद में परिजनों को शिक्षक द्वारा उसे बाइक पर ले जाने की जानकारी मिली जिसके बाद ग्रामीणों ने हस्तक्षेप किया।

# नवपदस्थापित एसपी ने कलेर व परासी थाना का किया निरीक्षण

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को कलेर एवं परासी थाना का औचक निरीक्षण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद दोनों थानों का यह उनका पहला निरीक्षण कार्यक्रम था। इस दौरान उन्होंने थानों की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने थानों के दैनिक कार्यों, अभिलेखों के समुचित संधारण, लंबित कांडों की समीक्षा, मालखाना, हवालात तथा परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित थानाध्यक्षों से लंबित मामलों की जानकारी ली और उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांडों के अनुसंधान में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने थानों के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और अनुशासन के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण के लिए सतर्क रहने तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही, क्षेत्र में पुलिस गश्ती प्रभावी रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की आवश्यकता बताई। एसपी ने आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले लोगों के साथ संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार किया जाना चाहिए, ताकि आम नागरिकों का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो सके। पुलिस पदाधिकारियों को लोगों की शिकायतें गंभीरता से सुनने और नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। नवपदस्थापित एसपी के इस पहले निरीक्षण को दोनों थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा और पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर कलेर थाना ध्यक्ष अमित कुमार,परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सेराज सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



निरीक्षण करते एसपी।

**लंबित कांडों के निष्पादन और अपराध नियंत्रण पर दिया जोर**

### बैंक से रुपये निकालने के बाद महिला के झोले से 20 हजार रुपये चोरी

**टिकारी (एनएसबी)।** कोंच थाना क्षेत्र में एक महिला के झोले से 20 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिंघड़ा निवासी मंजु देवी ने कोंच थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, मंजु देवी उसास देवरा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 20 हजार रुपये निकालने के बाद देवरा बाजार में बड़ौदा बैंक के सीएसपी केंद्र के पास एक राशन दुकान के समीप स्थित साइबर कैफे में आधार अपडेट कराने गई थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके झोले में रखे 20 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने कोंच थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में स्थानीय थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि महिला की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**आधार अपडेट कराने साइबर कैफे गई थी महिला**

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा कृषि संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र किसानों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था, बीज की उपलब्धता, कृषि यंत्रीकरण, सिंचाई सुविधाओं तथा किसानों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं कृषि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को किसानों के हित में योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी करने तथा कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, कृषि यंत्रों एवं सरकार की विभिन्न अनुदान आधारित योजनाओं के संबंध में व्यापक जागरूकता प्रदान की जाए, ताकि अधिकाधिक किसान इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। जिला प्रशासन किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण, कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



बैठक करते डीएम।

## मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में रिसर्च एंड अकादमिक लीडरशिप पर प्रो. श्याम बिहारी सिंह स्मृति व्याख्यान

**बोधगया (एनएसबी)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के जंतु विज्ञान एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष स्व. प्रो. श्याम बिहारी सिंह की स्मृति में एक विशेष व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जंतु विज्ञान और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर एवं पीएचडी कोर्स वर्क के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित व्याख्यान के मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा थे। प्रो. सिन्हा सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व प्रतिकुलपति भी रह चुके हैं। उनके व्याख्यान का मुख्य विषय ह्यह्यरिसर्च प्रोफेशनल डेवलपमेंट एंड अकादमिक लीडरशिपह्यह्य था।

**शोध की गुणवत्ता और साइटेशन के महत्व पर जोर :** छात्रों और शोधार्थियों



को संबोधित करते हुए प्रो. सिन्हा ने शोध की गुणवत्ता और इसके नैतिक पहलुओं को बरकरार रखने के गुर साझा किए। उन्होंने विस्तार से बताया कि अपने शोध कार्य को उच्च श्रेणी के जर्नल्स में कैसे प्रकाशित कराया जाए। प्रो. सिन्हा ने शोध पत्र लेखन की बारीकियों, साइटेशन के सही उपयोग और पूर्व के शोध प्रपत्रों को समझकर अपने कार्य को उत्कृष्ट बनाने की विधि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन मानकों को अपनाकर ही कोई शोधार्थी अपने कार्य को वैश्विक पटल पर स्थापित कर सकता है और विश्व स्तर पर शोध की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयां दे सकता है।

**आयोजक मंडल एवं उपस्थित अतिथि :** कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस.एन.पी. यादव ह्यदीनह्या ने संयोजक की भूमिका निभाई, जबकि सह-संयोजक का दायित्व जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सह बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रभारी प्रो. रेशमा यासमीन ने निभाया। इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल व आकर्षक मंच संचालन आयोजन समिति की सदस्या श्रीमती आभा कुमारी ने किया। इस पूरी व्याख्यान श्रृंखला को सफल बनाने में आयोजन समिति के अहम सदस्यकृ जंतु विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. कुमारी अदिति एवं श्रीमती आभा कुमारी तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. सरफराज अली, डॉ. वीरेंद्र कुमार और डॉ. एल.के. तरुण की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत डीएम ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**मेहंदिया (एनएसबी)।** सेवा संकल्प अभियान एवं कायाकल्प योजना के तहत जिलाधिकारी अमृसा बैंस ने जयपुर स्थित सरस्वती विद्या निकेतन एवं मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की आधारभूत संरचना, शैक्षणिक सुविधाओं और उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर गणेश मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय में साइंस लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन से इन सुविधाओं की उपलब्धता तथा उनके उपयोग के संबंध में जानकारी ली। साथ ही निमार्णाधीन फिजिक्स एवं केमिस्ट्री लैब का भी निरीक्षण कर शैक्षणिक संसाधनों के विकास की स्थिति देखी। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पारंपरिक शिक्षण पद्धति के साथ तकनीकी एवं प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है। साइंस लैब और कंप्यूटर लैब का नियमित उपयोग विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता और तकनीकी दक्षता विकसित करने में सहायक होता है। उन्होंने पुस्तकालय के प्रभावी उपयोग पर भी जोर देते हुए विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ सामान्य ज्ञान, विज्ञान, साहित्य एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता जताई। इसके बाद जिलाधिकारी ने मध्य विद्यालय जयपुर का निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं और विद्यार्थियों के लिए बनाए गए वातावरण का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालयों में साफ-सफाई बनाए रखने, आधारभूत सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विकास तभी सार्थक होगा, जब उनका नियमित एवं प्रभावी उपयोग विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए किया जाए।



निरीक्षण करते डीएम।

**साइंस लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और निमार्णाधीन भवनों का लिया जायजा**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया में पॉक्सो अधिनियम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार ह्यसुरक्षित बचपन अभियानह्ल के अंतर्गत शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया के सभागार में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कवच परियोजना एवं सेंटर डायरेक्ट संस्था के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सह प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया श्रीमती सौम्या कुमारी, अतिरिक्त सिविल जज (प्रथम) श्री मृणाल आर्यन तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) श्री नित्यम कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में गया जिले के सभी प्रखंडों से नामित एक-एक शिक्षक ने भाग लिया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री नित्यम कुमार गौरव ने बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों के विभिन्न स्वरूपों तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सह प्रभारी सचिव श्रीमती सौम्या कुमारी ने पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, बच्चों के कानूनी अधिकारों तथा ऐसे मामलों में अपनाई जाने वाली आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में बताया।

अतिरिक्त सिविल जज (प्रथम) श्री मृणाल आर्यन ने कहा कि बच्चों को



उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों के साथ विश्वासपूर्ण संवाद स्थापित करें, ताकि किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में बच्चे बिना भय के अपनी बात रख सकें। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त नामित शिक्षक अपने-अपने प्रखंड के विद्यालयों से एक महिला और एक पुरुष शिक्षक को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद प्रशिक्षित शिक्षक विद्यालयों में बच्चों के बीच पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता फैलाएंगे तथा बाल-अनुकूल वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों से संबंधित मामलों की समय पर पहचान कर उन्हें पंचायत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, चाइल्ड हेल्प डेस्क तथा प्रखंड स्तरीय बाल विधिक सेवा केंद्र तक पहुंचाना है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर सहायता एवं कानूनी संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। सुरक्षित बचपन अभियानह्ल के तहत जिले में जागरूकता कार्यक्रम दो चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण (26 से 31 अक्टूबर 2026): जिले के न्यायिक पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में विद्यालयों में बच्चों को पॉक्सो अधिनियम तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**द्वितीय चरण (11 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2027):** इस चरण में जिले के प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, सुरक्षा के उपायों तथा सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा यौन शोषण से संबंधित मामलों में त्वरित सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही, बच्चों एवं संबंधित व्यक्तियों को सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। इस मौके पर चीफ एलईडीसीएस मुकेश चंद्र डिप्टी चीफ कृष्ण कुमार पाठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी एवं सेंटर डायरेक्टर एनजीओ लोग उपस्थित थे।

## पितृपक्ष मेला-2026 के सफल आयोजन पर मुख्यमंत्री ने की जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सराहना

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला-2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चैधरी ने गया जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पितृपक्ष मेले के दौरान 50 लाख से अधिक तीर्थयात्री गयाजी पहुंचे और अपने पूर्वजों का तर्पण एवं पिंडदान किया। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के बावजूद उनके लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन



एवं पुलिस प्रशासन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लाखों की संख्या में आए तीर्थयात्री सुखद अनुभूति के साथ अपने घर लौटे। यह अत्यंत सराहनीय है कि श्रद्धालुओं ने गयाजी की व्यवस्थाओं एवं यहां की सुविधाओं के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और अपने अनुभवों को लेकर संतोष एवं प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराना प्रशासन की प्रतिबद्धता एवं समर्पण को दशार्ता है। पितृपक्ष मेला-2026 के सफल आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित पदाधिकारियों में निम्नलिखित शामिल हैं।

## बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति, निवेश से युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वारः डॉ. संतोष कुमार सुमन



**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। पार्टी के संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जी का गरीबों, वंचितों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान का संकल्प भी विकास की इस सोच को मजबूती देता है। गया में आयोजित बिजनेस कनेक्ट कार्यक्रम बिहार की औद्योगिक संभावनाओं को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। गया के डोभी सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होने से निवेश, रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। डॉ. सुमन ने कहा कि बिहार में निवेश का वास्तविक लाभ यहाँ के युवाओं को मिलना चाहिए। उद्योगों की जरूरत के अनुरूप स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### एंटीमाइक्र ोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूकता को ले बैठक

**पटना सिटी/एनएसबी।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह पर एंटीमाइक्र ोबियल रेजिस्टेंस को लेकर जागरूकता को लेकर अगमकुआं स्थित राजकीय फामेर्सी संस्थान शनिवार को संस्थान के प्राचार्य डॉ रामकुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई.बैठक में बिहार राज्य समन्वयक एवं पीसीआई सदस्य डॉ. कुमार अजय, राज्य सह-समन्वयक डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ. नितेश कुमार, राजीव सत्यार्थी, एए. गुप्ता, डब्लू कुमार, निरंजन कुमार, उत्सव आनंद, गुंजन राज, गोपाल कुमार, मो. तौफीक अहमद, मो. सरफराज एवं सुश्री रिचा समेत अन्य उपस्थित थे. प्राचार्य ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्र म की रूपरेखा तैयार करना, संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा विद्यार्थियों एवं आम जनता के बीच जनस्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना था. इसको लेकर 25 नवंबर को बापू सभागार मे राज्यस्तरीय कार्यक्र म का आयोजन किया जायेगा. ताकि एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग को रोकने,व एंटीमाइक्र ोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते खतरे के प्रति लोगो को जागरूक करने का अभियान चल सके.

### गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर संगोष्ठी

**पटना सिटी/एनएसबी।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन दर्शन पर किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज प्राचार्य प्रो डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई. संगोष्ठी में मुख्य वक्ता विनोद कुमार सिंह यादव ने कहा कि गुरु महाराज के राम अवतार छवि को भी रेखांकित किया.तब आरएसएस के डॉ मोहन सिंह ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का जीवन दर्शन मानवता की धरोहर है. संगोष्ठी में धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन ने भी विचार रखे. कार्यक्रम का संचालन डॉ उमेश कुमार ने की. तब विषय प्रवेश पूर्व विभाग अध्यक्ष इतिहास विभाग डॉ विजय नारायण सिंह ने करायी. कार्यक्रम का समापन इतिहास विभागाध्यक्ष कुमारी मंजरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. आयोजन में शिक्षक,कर्मी अजय सिंह चप्पू व विद्यार्थी समेत अन्य उपस्थित थे.

### मानव श्रृंखला बनायी बना पोलियो उन्मूलन का दिया संदेश

**पटना सिटी/एनएसबी।** रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की ओर से इंटरैक्ट क्लब के बच्चों के सहयोग से हाजीगंज स्थित सर्वोदय इन्फेंट अकैडमी परिसर में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बना पोलियो उन्मूलन का संदेश दिया. क्लब के अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि पोलियो से बचाव के लिए बच्चों को खुराक अवश्य दी जाये. ायोजन में क्लब के अनंत अरोड़ा,अमित सिंह,कृष्ण कुमार यादव, अंशु गौतम, अमित कुमार सिंह, के साथ विद्यालय के शिक्षक महेश ठाकुर, सोनू, अनीश, दीपक, पिंकी समेत अन्य शामिल हुए. इस दौरान स्वस्थ, सुरिक्षत और पोलियो मुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मारूफगंज के चिकित्सक डॉ विजय ने नर्सो के सहयोग से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई.

### दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना की पुलिस ने छापेमारी अभियान के क्रम में अलग-अलग मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीरो थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में धनजी सिंह व पवन चैधरी शामिल हैं। दोनों पीरो थाना क्षेत्र के कछुई गांव के रहने वाले हैं। पवन चैधरी के खिलाफ न्यायालय में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला विचाराधीन है जबकि धनजी सिंह के विरुद्ध किसी अन्य मामले में सुनवाई चल रही है। दोनों के गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

### आज मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन

**मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए दिन भर तैनात रहेंगे बीएलओ**

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के सभी गॉवों में अवस्थित मतदान केन्द्रों पर आज रविवार को विशेष शिविर का आयोजन हो रहा है। इस शिविर में 1 जनवरी 27 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ भूल वश मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं रहने वाले योग्य मतदाताओं का नाम भी सूची में दर्ज किया जाएगा। इसके लिए आज ही रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी मतदान केन्द्रों पर सम्बन्धित मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नाबालिग बच्ची से छेड़खानी के मामले में त्वरित कार्रवाई, नामजद आरोपी गिरफ्तार

**परिजनों ने मोबाइल में बनाया वीडियो, विरोध करने पर दी थी जान से मारने की धमकी**

**भोरे (दैनिक नवसंदेश)** भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां के लिखित आवेदन पर स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 18 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता की मां द्वारा थाने में दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, वह किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गई हुई थीं। घर पर उनकी नाबालिग बच्ची अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही मुन्ना सिंह मौके का फायदा उठाकर घर में घुस आया और बच्ची को अकेला पाकर गलत नीयत से उसके साथ छेडखानी व अशोभनीय हरकत करने लगा। उसी समय घर में मौजूद परिवार की एक अन्य महिला सदस्य की नजर आरोपी की इस हरकत पर पड़ गई। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने मोबाइल फोन में आरोपी की करतूत का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। जब बच्ची की मां घर लौटी और उन्हें इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिली, तो उन्होंने आरोपी से इस संबंध में कड़ा विरोध जताया। इस पर आरोपी मुन्ना सिंह आगबबूला हो गया और उसने परिजनों को जान से मारने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं, आरोपी ने मामले को दबाने और रफा-दफा करने के लिए पैसे लेने का दबाव भी बनाया। आरोपी की धमकियों से भयभीत न होकर पीड़िता की मां ने सीधे भोरे थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित संज्ञान लिया और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित पॉक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 475/26 दर्ज कर ली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद आरोपी मुन्ना सिंह को गिरफ्तार कर लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

### जमीन विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश)** विजयीपुर थाना क्षेत्र के बिलरुआ गांव में जमीन विवाद को ले दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। सभी घायलों का इलाज विजयीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर 20 अक्टूबर को कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। एक पक्ष के संगम यादव ने अपने ही गांव के दूवार्शा यादव, सचिन यादव, प्रमिला देवी, विशाल यादव एवं सुनिता कुमारी के विरुद्ध घर में घुस कर मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि उपरोक्त सभी लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर परिवार के कई सदस्यों को घायल कर दिया। इस दौरान महिलाओं के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, एक युवक की मौत

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** जिले के थावे थाना के केशवपुर गांव के समीप आज दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में 18 वर्षीय युवक अनूप शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी। वहीं, युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान शंभू शर्मा के 18 वर्षीय पुत्र अनूप शर्मा बताये गये है। मृतक के चाचा संदीप शर्मा ने बताया कि अनूप आज सुबह कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान केशवपुर गांव के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये और अनूप की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गये।

# जालसाजी कर चार लाख के जेवर लेकर ठग हुए फरार

**पीड़िता ने थाने में की शिकायत।**



**महुआ/एनएसबी।** महुआ थाना क्षेत्र में जालसाजी कर लाखों रुपए के जेवर लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। ठग बर्तन साफ करने के बहाने घर में घुसे और महिला से सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने महुआ थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता रेखा देवी, पति उमेश प्रसाद चौरसिया, ग्राम धतवारा रायमान, पोस्ट माधोपुर निझमा, थाना महुआ, जिला वैशाली की निवासी हैं। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि आज दिनांक 24 अक्टूबर को को समय करीब 02 :35 बजे उनके दरवाजे पर दो लोग आए। दोनों ने कहा कि वे पीतल और तांबा के बर्तन साफ करते हैं। महिला के पूछने पर कि क्या वे गहना भी साफ करते हैं, तो ठगों ने हां में जवाब दिया और कहा कि वे गहना भी साफ कर देंगे। इस पर भरोसा कर महिला ने अपने सोने के जेवरात उन्हें दे दिए। दिए गए सामानों में एक ढोलना, दो मंगलसूत्र, तीन जोड़ा कान का झुमका और एक नाक की नथ शामिल है। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने सभी सोने के सामान को महिला की ही गैस और प्लेट में कोई केमिकल डालकर पानी डालकर गैस पर चढ़ा दिया। और कहा कि 10 मिनट में देखिएगा कि सभी सामान साफ हो जाएगा। इसी बीच मौका पाकर दोनों व्यक्ति घर से निकलकर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार चोरी गए सभी जेवरातों की कीमत लगभग 4 चार लाख रुपय बताई जा रही है। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक दोनों ठग भाग चुके थे। स्थानीय लोगों ने भी आसपास खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पीड़िता ने थानाध्यक्ष से निवेदन किया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। महुआ पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की ठगी के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। लोगों को ऐसे अनजान व्यक्तियों से सावधान रहने की जरूरत है। घटना के बाद पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है।

## कौमुदी महोत्सव पूजा चटर्जी व भजन गायिक देवी देगी प्रस्तुति

**पटना सिटी/एनएसबी।** गुलजारबाग स्टेडिमय मैदान में रविवार को कला संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन की ओर से आयोजित होने वाली कौमुदी महोत्सव में पार्श्व गायिका पूजा चटर्जी व भ्जन गायिका देवी अपनी प्रस्तुति देगी. परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि आयोजन में नौ विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा. महोत्सव में मंत्री,सांसद,विधायक व विधान पार्षद के साथ जिला प्रशासन व कला संस्कृति विभाग के अधिकारी शामिल होगे.एसडीओ कशिश बक्शी ने बताया कि कौमुदी महोत्सव को लेकर विधि व्यवस्था बनाये रखने को दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गयी है.

# सुरक्षित शनिवार पर बच्चों को सिखाए गए सड़क सुरक्षा के गुर



**गोरौल/एनएसबी।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अक्टूबर माह के चौथे शनिवार को प्राथमिक विद्यालय गोरौल चकव्यास में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।चेतना सत्र के दौरान प्रभारी रोजी प्रवीण एवं प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार ने बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान तथा उनसे बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सकता है।वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करना तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।कार्यक्रम में बच्चों ने हाथों में सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर लेकर जागरूकता का संदेश दिया। पोस्टरों पर ह्यसावधानी हटी, दुर्घटना घटीह्व, ह्यसड़क सुरक्षा, जीवन रक्षाह्व, ह्यहेलमेट और सीट बेल्ट लगाएं, दुर्घटना दूर भगाएंह्व जैसे नारे लिखे थे। बच्चों को जेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करने तथा सड़क पार करने से पहले दाएं-बाएं देखकर आगे बढ़ने की सीख भी दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सौरभ राज, राजेश रंजन, शिशुपाल सुंदरम, दीप्ति कुमारी एवं गजाला फरोग ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

# जमीन विवाद में खूनी खेल, सगे भाई की गोली मारकर हत्या

**हाजीपुर/एनएसबी।** वैशाली में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। करताहा थाना क्षेत्र के धनुषी गांव में सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सोमनाथ सिंह के रूप में हुई है।

**हत्यारा पूर्व सैन्यकर्मी ने पिस्टल के साथ एसएसपी के कार्यालय में किया सरेंडर**



हत्या का आरोपी उनके ही भाई सुरेश सिंह है, जो वारदात के बाद पिस्टल के साथ एसएसपी शुभांक मिश्रा के कार्यालय में सरेंडर कर दिया।

जानकारी के अनुसार,धनुषी गांव में दो सगे भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि मामले को सुलझाने के लिए गांव में कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन विवाद का समाधान नहीं निकल सका।इसी बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान छह राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें तीन गोलियां सोमनाथ सिंह को लगीं और उनकी मौत हो गई। गोलीबारी के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही करताहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वारदात के बाद आरोपित सुरेश सिंह ने पिस्टल के साथ एसएसपी शुभांक मिश्रा के कार्यालय में सरेंडर किया। पुलिस जमीन विवाद की पृष्ठभूमि, गोलीबारी में इस्तेमाल हथियार और घटना में अन्य लोगों की संभावित भूमिका की जांच कर रही है।

# हेरोइन के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



**हाजीपुर/एनएसबी।** नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अनवरपुर पूर्वी नया टोला स्थित बची मिश्रा के घर में छापेमारी कर 79.02 ग्राम हेरोइन के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज महुआ थाना क्षेत्र के फूल और गांव निवासी सुरेश कुमार के पुत्र आशीष रंजन बताया गया है। पूछताछ के दौरान आशीष रंजन ने बताया कि बिदुपुर थाना खिलवत गांव निवासी नरेश चौधरी के पुत्र भूषण कुमार से हीरोइन की खरीदारी कर छोटे-छोटे डिब्बे में पैकिंग कर बेचता था। इस संबंध में आशीष रंजन एवं भूषण कुमार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। यह जानकारी एसएसपी शुभांक मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि नगर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अनवरपुर पूर्वी निवासी बच्ची मिश्रा के घर के तीसरी ताले पर आशीष रंजन नाम का एक व्यक्ति किराए के मकान में रहता है। जो अपने कमरा में मादक पदार्थ रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारी को सूचित किया गया। इसके बाद एक टीम का गठित किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी के तीसरे तल्ले पर पहुंची। जब पुलिस ने आशीष रंजन के कमरा को खोला तो देखा कि आशीष रंजन लाल रंग के झूले में कुछ सामान को छुपा रहा है जो पुलिस ने जप्त कर लिया। पुलिस ने झोले के अंदर से 79.02 ग्राम हेरोइन,500 पीस खाली डिब्बा, 300 पीस ढक्कन एवं दो मोबाइल बरामद किया। जिसे पुलिस ने थाने पर लाया। पूछताछ के दौरान आशीष रंजन ने बताया कि भूषण कुमार से हीरोइन खरीदारी कर लाया था जो छोटे-छोटे डिब्बे में भरकर सप्लाई करता था।

# सागर गारमेंट्स के संस्थापक सतीश कुमार गुप्ता 'मुन्ना जी' के निधन से हाजीपुर में शोक की लहर



**हाजीपुर/एनएसबी।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं राजेंद्र चौक स्थित सागर गारमेंट्स के संस्थापक श्री सतीश कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना जी के निधन से पूरे हाजीपुर शहर में शोक का माहौल है। उन्होंने दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। सतीश कुमार गुप्ता अपने सरल स्वभाव, कुशल व्यवहार और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। अपने व्यवहार से उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच विशेष स्थान बनाया था। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई और उनके शुभचिंतकों एवं परिचितों के बीच गहरा दुख व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार हाजीपुर के कौनहारा घाट पर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। उनके पुत्र सत्यजीत कुमार सोनू ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। मुन्ना जी के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहर के कई राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता अरविंद राय, पूर्व उपसभापति निकेत कुमार सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष आशुतोष कुमार दीपू , व्यवसायी सुधांशु कुमार सोनू , भाजपा नेता अनिल चंद्र कुशवाहा, अरविंद कुमार कौशल, राजेश चौधरी, सोनू सिंह आर्या, प्रशांत तिवारी, संजय सिंह, कृष्ण भगवान सोनी, नीरज तिवारी, राजा तिवारी, आकाश दीप, राजू सोनी, दीपक सोनी, आशीष कुमार लालू, संतोष कानन, वार्ड पार्षद अमित सिंह, प्रवीण कुमार, पंकज सहनी, राजू सिंह, आशीष कुमार, विक्की विवेक सहित अनेक गणमान्य लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और श्रद्धांजलि अर्पित की।सभी ने कहा कि मुन्ना जी का सरल व्यक्तित्व, आत्मीय व्यवहार और समाज के प्रति उनका जुड़ाव लोगों के दिलों में सदैव याद किया जाएगा। उनके निधन से हाजीपुर के व्यावसायिक एवं सामाजिक जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

# जिला पदाधिकारी की त्वरित पहल से 16 वर्षीय बच्ची का बाल विवाह रोका गया

**बाल विवाह रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : जिला पदाधिकारी**

**हाजीपुर/एनएसबी।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के त्वरित प्रयास एवं मार्गदर्शन से जिले के सराय थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची का बाल विवाह रोकने में सफलता मिली। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही जिला पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धावा दल का गठन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गठित धावा दल ने मौके पर पहुंचकर बच्ची एवं उसके माता-पिता की काउंसलिंग की और बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। परिवार से भविष्य में बाल विवाह नहीं करने संबंधी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराया गया। साथ ही, स्थानीय मुखिया से भी शपथ पत्र लिया गया। जिला प्रशासन की तत्परता एवं विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास से बाल विवाह को समय रहते रोकना संभव हुआ।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए। बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना, उन्हें शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसे रोकने के लिए केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से विशेष अपील की है कि वे अपने आसपास बाल विवाह की किसी भी आशंका या सूचना को नजरअंदाज न करें तथा इसकी जानकारी तत्काल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते हस्तक्षेप कर नाबालिग बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

## प्रतिमा विसर्जन के बाद घाटों पर हुई सफाई

**पटना सिटी/एनएसबी।** पटना नगर निगम अजीमाबाद व सिटी अंचल की ओर से दुर्गा पूजा में स्थापित मां भगवती की प्रतिमाओं के विसर्जन के उपरांत मलबे को हटाने और घाटों की सफाई का कार्य आरंभ कराया गया. भद्रघाट एवं गायघाट पर प्रतिमा विसर्जन के बाद वहां जेसीबी से मलबे को हटाकर हाइवा से बैरिया भेजा गया.

# चमरहरा वाली दुर्गा मैया की पूजा के बाद हुआ विशाल भंडारा



**महनार/एनएसबी।** महनार प्रखंड के चमरहरा गांव स्थित चमरहरा वाली दुर्गा मैया की पूजा सह मेला के भव्य समापन के बाद शनिवार को विशाल खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें चमरहरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने माता का खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। कई श्रद्धालु प्रसाद अपने घर भी ले जाते दिखे।

चमरहरा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रामनरेश सिंह और पूजा समिति के अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि चमरहरा वाली दुर्गा मैया की पूजा 142 वर्षों से बंगाली पद्धति से होती आ रही है। माता के प्रति लोगों में गहरी श्रद्धा और आस्था है। मान्यता है कि माता के दरबार में आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के कारण हर वर्ष दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यहां भक्तों द्वारा बकरों की बलि भी चढ़ाई जाती है। भंडारे के दौरान सरपंच नीलेश कुमार सिंह, युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश रंजन उर्फ गुड्डू सिंह, उपमुखिया मिथिलेश कुमार सिंह, आचार्य सोनू कुमार झा, यजमान श्रीराम सिंह, अवधेश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, भीलन सिंह, ननकू सिंह, धीरज सिंह और मनीष सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जबले जागर रही तबले आवत रहब रउरा दुआर ए माई की धुन पर झूम उठे श्रद्धालु



**विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश)** विजयीपुर प्रखंड के कुटिया घाट पर दुर्गा पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन के बाद बीती रात दो गोला एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल कलाकारों ने भक्तिरस, संगीत और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम परोशा, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे महिला पुरुष श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन विजयीपुर जदयू प्रखंड अध्यक्ष नितेन्द्र राय,समाज सेविका पूनम देव और चाँदनी किन्नर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत चर्चित गायक व अभिनेता नागेन्द्र उजाला ने अपने सुप्रसिद्ध भजन ह्न जबले जागर रही तबले आवत रहब रउरा दुआर ए माईह्न से की। उनके मृदुभाषी स्वर ने पूरे कुटिया घाट को भक्तिरस में डुबो दिया और दर्शकों ने तालियो की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। भोजपुरी जगत के लोकप्रिय लोक गायक विजेंद्र गिरी ने जैसे ही सुमिरन शुरू किया, दर्शकों में जोश और जुनून की लहर दौड़ गई। उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। आकर्षण रहीं उत्तर प्रदेश से आई प्रसिद्ध दुगोला गायिका निर्मला यादव। माता रानी के भजनों पर उनकी प्रस्तुति ने हजारों दर्शकों को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम आयोजक शैलेश साह ने बताया कि यह मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम हर साल दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के बाद आयोजित होता है, जिसमें कुटिया क्षेत्र ही नहीं बल्कि समीपवर्ती उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों से भी हजारों लोग शामिल होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी कमेटी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### दीपावली एवं छठ पर पटाखों की बिक्री के लिए अनुज्ञप्ति अनिवार्य

बिना अनुज्ञप्ति पटाखों की बिक्री पर होगी रोक।

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर पटाखों की अनियंत्रित बिक्री रोकने तथा अग्निकांड एवं दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने बिक्री के लिए अनुज्ञप्ति अनिवार्य की है। जिला प्रशासन द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज एवं हथुआ को इच्छुक विक्रेताओं से आवेदन प्राप्त कर नियमानुसार अस्थायी अनुज्ञप्ति निर्गत करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। साथ ही, अपने-अपने क्षेत्र में बिना अनुज्ञप्ति पटाखों की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करने तथा निर्गत अनुज्ञप्तियों की सूचना जिला शस्त्र दंडाधिकारी को देने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि निर्धारित कानूनी प्रावधानों एवं वायु तथा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण संबंधी निदेर्शों के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### दहीभाता से नौ माह पूर्व हुई मारपीट मामले के फरार आरोपित गिरफ्तार



**उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)** उचकागांव थाना क्षेत्र के दहीभाता गांव में दरोगा कन्हैया लाल सिंह ने छापेमारी कर नौ माह पूर्व हुई मारपीट मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र में दहीभाता गांव निवासी सनीदेयल यादव के रूप में की गई है। मामले में दहीभाता तकिया टोला निवासी रोजदिन मियां के आवेदन पर गिरफ्तार आरोपित सहित 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। जबकि मामले में दूसरे पक्ष से राजद नेता अशोक यादव के आवेदन पर 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। पुलिस मामले में चार आरोपितों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। तभी से गिरफ्तार आरोपित फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद शनिवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### शराब की छापेमारी में 97 बोतल शराब बरामद

**विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश)** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाला बेलवा नहर के पास से पुलिस ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर एक सुती बोरी से देशी शराब बरामद की है। वहीं मौका पाकर तस्कर फरार हो गयी ।तलाशी के दौरान सूती के बोरे में रखी 500 डस की 97 बोतल देशी शराब मिली। चैकीदार की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी महिला लालझरी देवी, पति हरेंद्र नट, ग्राम सुखलाल छापर के विरुद्ध अवैध रूप से शराब रखने एवं परिवहन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी महिला की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी कर दिया है।

### पिकअप से क्रूरता पूर्व बंधे 7 गोवंश बरामद, तस्कर फरार

**विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश)** स्थानीय थाना क्षेत्र के हंकारपुर गांव के पास पुलिस ने पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को समीपवर्ती उत्तर प्रदेश बलुआ अफगान की तरफ से आ रहे एक पिकअप वाहन को पुलिस ने संदिग्ध मानकर रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देख चालक ने तेजी से वाहन घुमाकर भगाने की कोशिश की, जिससे पिकअप सड़क किनारे नाले में फंस गया और उसका पहिया धंस गया। मौका पाकर पिकअप चालक और सवार व्यक्ति फरार हो गए। पुलिस ने जब पिकअप की तलाशी ली तो उसमें सफेद, लाल और काले रंग के 7 बछड़े बरामद हुए। पुलिस ने पिकअप को जब्त करते हुए गाड़ी मालिक और चालक के विरुद्ध पशु तस्करी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बरामद गोवंश को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है तथा फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सफियाबाद गैस रिसाव अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को मिली राहत राशि

जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने पीड़ित परिजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स

मृतक के 6 आश्रितों को 24 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की गई

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने शनिवार को बैकुंठपुर प्रखंड के सफियाबाद गांव पहुंचकर गैस रिसाव से लगी आग की घटना में प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए दुख की इस घड़ी में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। विदित हो कि विगत 13 अक्टूबर को सफियाबाद गांव में गैस रिसाव के बाद लगी आग की चपेट में आने से कई लोग झुलस गए थे। घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा घटना में मृतकों के छह परिजनों को चार-चार लाख रुपए की दर से कुल 24 लाख रुपये की अनुग्रह राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को बीमा कंपनी के माध्यम से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के लिए भी आवश्यक पहल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही, अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 की संयुक्त समिति द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### कटेया बाजार में पटाखा दुकानों की सघन जाँच, अवैध पटाखे जब्त

अवैध पटाखा निर्माण के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार, बारूद एवं निर्माण सामग्री बरामद

**कटेया (दैनिक नवसंदेश)** आगामी त्योहारों के मद्देनजर बिहार सरकार के निदेर्शानुसार आज हथुआ अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हथुआ की उपस्थिति में कटेया बाजार में पटाखों की बिक्री एवं भंडारण के विरूद्ध सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के दौरान कुमकुम श्रृंगार दुकान में श्रृंगार सामग्री एवं रेडीमेड कपड़ों के साथ अवैध रूप से पटाखे भंडारित पाए गए। वहीं, दुल्हन श्रृंगार, दुन्ना रानी श्रृंगार प्रतिष्ठान में अनुज्ञप्ति के बिना खुदरा पटाखों की बिक्री की जा रही थी। सभी संबंधित दुकानों से पटाखे जब्त किए गए और संबंधित थाना को सुपुर्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, सूचना के आधार पर गढ़ीमाता मंदिर के पास स्थित एक मकान में छापेमारी की गई। वहाँ अवैध पटाखा निर्माण की पुष्टि हुई। मौके से मेराज मियाँ, पिता साकिर रंगरेज, निवासी कटेया को पकड़ा गया तथा लगभग एक किलोग्राम बारूद एवं पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री जब्त की गई। जब्त सामग्रियों को संबंधित थाना को दिया गया। आरोपित को गिरफ्तार कर थाना भेजा गया। प्रशासन द्वारा अवैध पटाखों की बिक्री, भंडारण एवं निर्माण के विरूद्ध नियमित सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# उचकागांव में वार्षिक रबी महाभियान कार्यक्रम में किसानों को किया गया प्रशिक्षित



(दीप जला कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि)

**उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)** उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित उचकागांव ई किसान भवन परिसर में शनिवार के दिन वार्षिक रबी महाभियान कर्मशाला सह प्रखंड स्तरीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उप परियोजना निदेशक विवेक गुप्ता, बीएओ गौरव कुमार वरुण, बीएसएस अमरनाथ प्रसाद, आत्मा अध्यक्ष मोहन सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक विवेक गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त कर किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से अलग- अलग योजनाओं के तहत किसानों को जिला स्तर, प्रदेश और प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में भेज कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे किसान नई-नई वैज्ञानिक तकनीक सीखकर कम लागत में अधिक आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। बीएओ गौरव कुमार वरुण ने कहा कि किसान सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अनुदानित दर पर मिलने वाली दलहनी, तिलहनी फसलों व अन्य योजनाओं का लाभ अपने मोबाइल में अपलोड बिहार कृषि एप से आसानी से आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। परंतु इस बार सरकार द्वारा गेहूं का बीज अनुदानित दर पर नहीं दिया जाएगा। परंतु किसान समूह बनाकर कृषि विज्ञान केंद्र सिपाया में तैयार गेहूं का बीज कम कीमत पर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कर्मियों द्वारा कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर चल रही सूक्ष्म सिंचाई योजना, कृषि यंत्रीकरण, मशरूम, राई सरसों, सूरजमुखी, मक्का, वर्मी कंपोस्ट, दलहनी, बागवानी सहित कई योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक नवीन कुमार, बीएचओ सोनल सिंह, लेखपाल चंदन दुबे, बीटीएम कृष्ण कुमार चैबे, कृषि समन्वयक अरविंद कुमार कुशवाहा, पंकज कुमार, शैलेश कुमार निषाद, ज्योतिष मिश्रा, संतोष कुमार सिंह, राजकुमारी देवी सहित काफी संख्या में कर्मी एवं किसान मौके पर उपस्थित थे।

# पार्टी की मजबुती के लिए भाजपा की बैठक आयोजित



(बैठक में मौजुद भाजपा नेता)

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** भारतीय जानता पार्टी के जिला कार्यालय पर गोपालगंज के जिला अध्यक्ष श्री संदीप गिरि की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री और क्षेत्रीय प्रभारी सरोज रंजन पटेल उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी सात कार्यक्रमों की रूप रेखा उनके समक्ष रखी। बैठक में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मयार्दाओं, जनहित के मुद्दों तथा संगठन की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश महामंत्री श्री सरोज रंजन पटेल जी ने कार्यकताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाने, जनता के बीच सक्रिय रहने तथा अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की जिम्मेदारियों और जनसंपर्क को प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। वही गोपालगंज के विधायक सुभाष सिंह ने आगामी कार्यक्रम में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने पर बल दिया। भाजपा का यह अभियान लोकतंत्र की गरिमा, संवैधानिक व्यवस्था और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक संवाद के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष हरिनारायण सिंह, बिनोद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवकुमार उपाध्याय, अखिलेश श्रीवास्तव, सुभाष सिंह तोमर, विवेकानंद पांडेय, मार्कण्डेय राय शर्मा, रवि प्रकाश माणी त्रिपाठी, महामंत्री राजू चैबे, प्रशांत राजू, दीपक दीपू, दुर्गा राय, पिंटू लाल श्रीवास्तव, राजेश साहनी, दिनेश सिंह, मीडिया प्रभारी रितेश सिंह, शिवबालक कुशवाहा, भारत सिंह, अनुज सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, विकाश सिंह, चितलाल प्रसाद, दीपक कुमार, शैलेश तिवारी, दीपक साह, संतोष दुबे, अशोक साह, कृष्ण यादव, नवल किशोर प्रसाद, प्रशांत सिंह, अरविंद महतो, लखन तिवारी, अरविंद सिंह, चंदन तिवारी, चंद्रेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सासामुसा में जेवर दुकान से 50 लाख के आभूषणों की चोरी

दीवार में सेंध लगाकर दुकान में घुसे चोर, 400 ग्राम सोना, चार किलो चांदी और नकदी लेकर फरार





**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)** कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा बाजार में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक जेवर दुकान से करीब 50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद चुरा लिए। चोरों ने दुकान के बगल में स्थित वर्कशॉप के अंदर से दीवार काटकर रास्ता बनाया और दुकान में घुसकर तिजोरी के ताले तोड़ दिए।शनिवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई।घटना की सूचना मिलते ही कुचायकोट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।वहीं, घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएफएल की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए।जांच के दौरान पता चला कि चोरों ने दुकान के बगल में स्थित वर्कशॉप के अंदर से दीवार में सेंध लगाई थी।इसके बाद वे इसी रास्ते से दुकान में दाखिल हुए और तिजोरी के ताले तोड़कर उसमें रखे कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया।पीड़ित दुकानदार के अनुसार, चोर करीब 400 ग्राम सोने के आभूषण, चार किलो चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है।सासामुसा बाजार के मुख्य पथ पर स्थित जेवर दुकान में हुई इस बड़ी चोरी की घटना से स्थानीय व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।व्यस्त बाजार में चोरों द्वारा दीवार काटकर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिए जाने से दुकानदारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।घटना के बाद पुलिस की रात्रि गश्ती और बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# भोरे के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित हुई अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

बिहार की गौरवशाली परंपराएं रही थीम



**भोरे (दैनिक नवसंदेश)** भोरे प्रखंड में शनिवार को प्रखंड के सभी 18 माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मॉडल स्कूल श्री शंकर उच्च विद्यालय चकिया हुस्सेपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रकबा और राजनारायण स्मारक प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय सहित प्रखंड के सभी 18 विद्यालयों में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस बार की संगोष्ठी की मुख्य थीम शिबहार की गौरवशाली परंपराएंश रखी गई थी। इसके तहत बच्चों और उनके अभिभावकों को बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति तथा प्राचीन परंपराओं से परिचित कराने पर विशेष जोर दिया गया। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार विद्यालयों में पूर्व से ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। संगोष्ठी के साथ-साथ विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं, विज्ञान प्रयोगशाला और आईएसएम लैब के सही उपयोग को लेकर भी समीक्षा की गई, ताकि प्रयोगशाला संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित हो सके। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ-साथ राज्य की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अभिभावकों ने भी बच्चों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और लैब सुविधाओं के बेहतर संचालन की इस पहल की सराहना की। इस सफल आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने राज्य के इतिहास व संस्कृति के प्रति जागरूक करना, प्रयोगशाला व अन्य संसाधनों का उचित उपयोग करना और अभिभावकों को विद्यालयी गतिविधियों से जोड़ना रहा, ताकि बच्चे अपनी पहचान व गौरव को समझ सकें।

# साहित्य युवा सम्मान के लिए चयनित सर्वेश तिवारी श्रीमुख का अभिनंदन



साहित्य साधना से हासिल की उपलब्धि, जिले के साहित्यकारों ने बढाया गौरव

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)** कुचायकोट बाजार इफको साहित्य सम्मान-2026 के युवा साहित्य सम्मान के लिए चयनित साहित्यकार एवं शिक्षक सर्वेश तिवारी श्रीमुख को शनिवार को कुचायकोट बाजार में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहित्यकारों, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। वक्ताओं ने उनके चयन को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि उनकी सफलता नई पीढ़ी को साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षाविद अमरेंद्र दुबे ने कहा कि सर्वेश तिवारी ने कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर साहित्य साधना के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी उपलब्धि केवल कुचायकोट ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। दृढ़ इच्छाशक्ति, समर्पण और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।मनोज सिंह ने कहा कि सर्वेश तिवारी श्रीमुख का सम्मान के लिए चयनित होना उनकी साहित्यिक प्रतिभा, रचनात्मक सोच और निरंतर साधना का परिणाम है।उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को साहित्य सृजन के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सर्वेश तिवारी अपनी लेखनी के माध्यम से समाज और साहित्य को आगे भी नई दिशा देते रहेंगे।अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सर्वेश तिवारी को मिला यह सम्मान जिले के अन्य साहित्यकारों और लेखकों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। वहीं, रजनीश राय ने कहा कि उन्होंने जिले में साहित्य सृजन की जो अलख जगाई है, वह नई पीढ़ी के लिए ऊर्जा का स्रोत बनेगी और युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।समारोह में बताया गया कि सर्वेश तिवारी श्रीमुख को आगामी छह नवंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य युवा सम्मान-2026 प्रदान किया जाएगा।उनके चयन से क्षेत्र के साहित्यप्रेमियों में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर अरविंद कुमार, विवेक पाठक, नंदीश्वर कुमार, अवनीश कुमार और रंजीत शाही सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पेंटिंग के जरिए बच्चों को सिखाए सड़क सुरक्षा के नियम

सुरक्षित शनिवार के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबनवां में प्रतियोगिता आयोजित



**कुचायकाट (दैनिक नवसंदेश)** कुचायकोट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबनवां में सुरक्षित शनिवार के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों, यातायात संकेतों और सड़क पर बरती जाने वाली सावधानियों को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को यातायात संकेतों की जानकारी देने के साथ सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए जागरूक किया गया।शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने और सड़क संकेतों को समझने से दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सकती है। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।प्रतियोगिता में प्रियंका, खुशबू, पलक, शिवम, प्रियल और सूरज ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी सक्रिय सहयोग किया। इस मौके पर विजय कुमार, श्रीराम यादव, तेज प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, अपर्णा तिवारी, निशा अग्रहरी, रेणु देवी और अनु राय सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि सुरक्षित शनिवार के तहत इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।पेंटिंग के माध्यम से बच्चे यातायात नियमों और सड़क पर बरती जाने वाली सावधानियों को आसानी से समझते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# फुलवरिया में 148.480 लीटर देशी विदेशी शराब के साथ दो लग्जरी कार जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

वाहन जांच में खुला राज, लग्जरी कार से बरामद हुई शराब



**फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश)** फुलवरिया थाने की पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेलार कला हजारी मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान दो लग्जरी कार से 148.480 लीटर देशी विदेशी शराब बरामद की है। मौके से दो शराब तस्करों को दबोच लिया गया। जबकि तस्करी में इस्तेमाल दोनों कार को जब्त कर लिया गया। फुलवरिया थानाध्यक्ष कुन्दन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सेलार कला हजारी मोड़ के पास नियमित वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध लग्जरी कार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया। तलाशी लेने पर वाहनों के भीतर से भारी मात्रा में देशी विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त विदेशी शराब कि मात्रा 60.480 लिटर और देशी शराब की मात्रा 88 लिटर बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान उचका गांव थाना क्षेत्र के बैरिया ठकुराइ गांव निवासी मोतीलाल राम के पुत्र प्रमोद कुमार राम और भोरे थाना व गांव निवासी ताराचंद्र गुप्ता के पुत्र तेज प्रकाश गुप्ता रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने शराब की इस खेप को खपाने की योजना की बात स्वीकार की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्कर और जब्त कार के खिलाफ बिहार उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।